**ALL INDIA JAIN BANKERS FORUM**

# *Social Activities* *News & Events*

## THA GHAZIABAD UNIT-22.04.2018

Under the banner of All India Jain Bankers' Forum- THA- Ghaziabad Unit, Members visited the Old Age Home (The Earth Saviours Foundation) at Gurgaon on 22.04.18 and distributed Cloths, Ladies Sarees, Shoes, Ladies suits etc. to the Old age & abandoned Senior Citizens. Members of THA Unit also decided to visit the Old age home again within 2-3 months & will donate raw material of foods to this foundation.

## GHAZIABAD UNIT MEETING 13.05.18

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ग़ाज़ियाबाद इकाई की एक सभा १३.०५.२०१८ को कविनगर जैन मन्दिर में आयोजित की गई; जिसमें निम्न निर्णय लिए गए:-

- ग़ाज़ियाबाद एरिया के लोअर इनकम ग्रुप के जैन परिवारों को स्टडी हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी.
- ग़ाज़ियाबाद के ओल्ड ऐज होम की विजिट की जायेगी एवम यथा समय उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान की जायेगी.
- ग़ाज़ियाबाद में किसी स्थान का चयन कर, ट्री प्लांटेशन किया जाएगा.

## LALITPUR UNIT MEETING -21.05.18

In this meeting undernoted decisions were taken

- Plantation in Shree Varni Convent School & Dayal Pathshala.
- Two students will be adopted for full year study from low income group Jain Families of Lalitpur.
- Banking related problems of all local Jain Bankers be solved.
- Banking related problems of all local Jain Samaj will be solved.

## JABALPUR UNIT –MEETING 13.06.18

In the Banner of All India Jain Bankers Foum Jabalpur Unit, State Bank of India , SBILD, Jabalpur donated two computers to 70 years old  Jain Kanya Vidyalaya, teaching for poor girls at very nominal fee. Forum actively contracted school and give proposal to SBI and they happily agree. We also felicitated top three students of the School.

## AGRA UNIT DT. 14.07.18

Village Sapera is situated 20 K.M. from Agra. Most of the people residing there are from Sapera Caste. There is one Govt. Primary School. On 14th July 2018, members of Agra Unit of All India Jain Bankers Forum distributed Note Books & Stationery to the students of this School. Shri Kamal Kumar Jain, Vice President of the Unit read a beautiful Poem. Shri J.B.Jain, Joint Secretary, Shri Vinod Jain, Prachar Mantri, Shri Mukesh Jain, Organising Mantri, Shri Awani Jain, Rastriya Joint Secretary have given their speech.

Students of this school were Non Vegetarian. All students taken an oath in the presence of Shri Arun Raparia, Rastriya Executive President, to take only Vegetarian food.

## AGRA UNIT - 15.07.18

Members of Agra Unit of All India Jain Bankers Forum went Gwalior & Morena on 11th and 14th July 2018 respectively for requesting Achaya Shri Gyan Sagar Ji Maharaj for Chaturmas at Agra & finally permission was received for Agra Chaturmas.

## GURUGRAM UNIT – 22.07.18

A meeting of All India Jain Bankers Forum Gurugram Unit was held on 22nd July 2018. Around 20 members with spouse participated in the meeting. Following decisions were taken in the meeting:

Four new members Sarvashri Mahesh Chand Singhal AGM (Retd) Allahabad Bank, D. C. Jain Chief Manager (Retd) SBBJ, Subhash Jain AGM (Retd) O.B. C. & M. P. Jain Chief Manager (SBP) were introduced in the Forum.

1. It was decided that a Tree Plantation camp should be organized in the month of August in Shindhant Kshetra Shikohpur
2. It was decided that one time food should be provided to the students of Gurukul at Shikohpur
3. A Teerth yatra for Hastinapur should be organized in November.

## GURUGRAM UNIT -27.08.18

Gurugram Unit of All India Jain Bankers Forum planted 21 plants in Jain Mandir, Sidhant Kshetra, Shikohpur, Gurugram. Unit also distributed one time food to Students of the Gurukul of Sidhant Chetra, Shikohpur, Gurugram.

## ALIGARH UNIT-01.09.18

Aligarh Unit of All India Jain Bankers Forum planted 20 Sagwan plants in Lal Bahadur Shastri Mahavidyalaya, Aligarh in first series of plantation on 01.09.18.

## THA GHAZIABAD UNIT-02.09.18

A Medical camp was organized by Jain Bankers THA Ghaziabad unit on 02.09.18 at Shree Digambar Jain Mandir, Suryanagar, Ghaziabad. In the Camp undernoted patients were given consultation/ Medical Checkup:

156 patients- Blood Pressure & Blood sugar checkup & general consultation

140 patients Eye Checkup & general consultation

57 patients Cancer related consultation & check up

15 ladies had their mammography

All these consultation, Medical Checkup & mammography were done free of cost. Cancer checkup was done by Dr. Deepak Jain, Oncology Surgeon of Rajeev Gandhi Cancer Institute and Dr. Rishi Gupta, Consultant Clinical Oncologist at Shree Jagannath Cancer Hospital & Shanti Mukund Cancer Hospital, Delhi. Eye Checkup & consultation was given by Dr. Shivani Jain & General Consultancy & Blood Pressure & Blood Sugar Checkup by Dr. Piyush Jain of Surya Nagar, Ghaziabad.

**AGRA – 08.09.2018**

Central Executive Committee meeting of All India Jain Bankers Forum was held on 8th Sep 2018 at M. D. Jain Inter College Hari Parvat Agra on 8th Sept 2018 in Param Sanidhya of Acharya Shree Gyan Sagar Ji Maharaj. More than 11 unit's Secretary, President & Central Committee Office Bearers total more than 50 members attended the meeting.

**GHAZIABAD – 13.09.2018**

Ghaziabad unit organized an Eye Camp in Jain Mati Ujagarmal Jain Inter College, Kavi Nagar Ghaziabad on 13th sept 2018. Deep Prajvalan was done by Sri Sushil Jain Adhyaksh, Ashok Jain Koshadhyaksha of college committee & S. K. Jain President, V. K.Jain Secretary of the unit along with other dignitaries. The Camp was sponsored by Sunetra Eye & Laser Centre Ghaziabad. More than 70 people took benefit from the camp.

**KOTA – 13th Sept 2018**

On 13th Sept 2018 Kota unit distributed food to the residents of Vridha Ashram on the occasion of birthday of grandson of Patron Sri R. K. Jain.

**BHOPAL- 16.9.2018**

Under the President ship of Sri Kamal Kumar Ajmera Bhopal unit of Jain Bankers Forum was started on 16th Sep. 2018. Sri N. K. Jain GM (Retd.) SBI presided over the meeting. Sri Prabhat Goel & Sri Devender Shah were the guest of honor in the meeting conducted in Jain Mandir Habib Ganj.

## GHAZIABAD UNIT-28.09.2018

AIJBF Ghaziabad Unit organised Mansapuran Mahavir Vidhaan at Muradnagar Ghaziabad on 29.09.18 under Sanidhya of Param Pujya Muni Shree Saurabh Sagar jee Maharaj in which members of Ghaziabad & THA Ghaziabad units took participation.

## LALITPUR UNIT-30.09.2018

AIJBF Lalitpur Unit organised monthly meeting on the occasion of Khsamavani Parv in Shree Kshetrapal Jee Mandir Lalitpur.

## Muzaffarnagar Unit-02.10.2018

General Body Meeting of AIJBF Muzaffarnagar unit was held on 02.10.2018 at 10 a.m. in UPBEU office New Mandi Muzaffarnagar.

## Muzaffarnagar Unit-07.10.2018

Shri Rajiv Jain President of AIJBF Muzaffarnagar unit was elected as State President of Canara Bank Employees Union UP in conference held at Lucknow.

## GURGAON UNIT-02.10.2018

AIJBF Gurgaon Unit organised an Eye Checkup Camp on 02.10.2018 at Sunrise Convent School Gurgaon in which more than 250 peoples got the benefits. There was special contribution of Shri Mahesh Chand Singhal Retired AGM of Allahabad Bank in organising the camp.

**JAIPUR UNIT-07.10.2018**

Jaipur Unit of AIJBF was formed on 07.10.2018 with the efforts of Shri V.K. Jain Secretary of Ghaziabad unit. Shri B.L. Jain, Shri B.C. Jain & Shri Nihal Chand were unanimously elected as President, Secretary & Joint Secretary respectively. Shri Uttam Mehta of Yes Bank who hails from Jodhpur was elected as Vice President of the unit. Shri V.K. Jain, Secretary Ghaziabad Unit, Shri K.V.S. Jain, President of THA

Ghaziabad Unit & Shri J.K. Jain, Rashtriya General Secretary were also present at the time of forming the Jaipur Unit.

**Kota UNIT-23.10.2018**

Joint Secretary of AIJBF Kota Unit Shri Nemi Chand Jain donated Computer Unit to Deaf & Dumb School situated at Jhalawad Road Kota.

**Muzaffarnagar Unit-11.11.2018**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स मुज़फ्फरनगर की साधारण सभा की बैठक दिनांक ११.११.२०१८ को अपरान्ह ३ बजे आयोजित की गयी जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि-:

१ .शुक्रताल तीर्थ में संचालित अनाथ आश्रम में लगभग १०० बच्चों को गरम जर्सियों का वितरण किया जाएगा.

२ .२०० लीटर का एक वाटर कूलर जानसठ बस स्टैंड पर लगवाया जायेगा जिसका अनुमानित व्यय लगभग ६०-७० हज़ार रूपये का है .

**Lalitpur Unit-14.11.2018**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर यूनिट की मासिक बैठक दिनांक १३.११.२०१८ को रात्रि ८.०० बजे क्षेत्रपाल जी मंदिर परिसर में आयोजित की गयी जिसमें निम्न निर्णय लिए गये-:

१ .आचार्य श्री विद्यासागर के ललितपुर आगमन एवं होने वाले पंचकल्याणक व गजरथ महोत्सव के लिए फोरम के बैनर व होर्डिंग्स शहर के सभी मुख्य स्थलों एवं मेला परिसर में लगाये जायें.

२ .आचार्य श्री की अगवानी में सभी सदस्य सफ़ेद गणावेष में बैज लगाकर एक साथ चलेंगे.

३ .पंचकल्याणक स्थल पर पी.एन.बी, सी.बी.आई व एस.बी.आई .द्वारा १-१ पोस मशीन लगाई जायेगी.

४ .माह दिसम्बर के द्वितीय सप्ताह में कम्बल एवं गरम वस्त्र गरीब व मलिन बस्तियों में जाकर वितरित करेंगे .

**Lalitpur Unit-22.11.2018**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर के सदस्यों द्वारा आचार्य १०८ श्री विद्या सागर जी महाराज के ललितपुर आगमन पर भव्य अगवानी की गई .

**Muzaffarnagar Unit- 22.11.18**

जैन बैंकर्स मुजफ्फरनगर यूनिट के सौजन्य से तीर्थ नगरी शुक्रताल मे अखिल भारतीय विकलांग एवं अनाथालय मे रह रहे सभी बच्चो को आज वस्त्रो का वितरण किया गया ।

**Lalitpur Unit-24.11.2018**

जैन समाज के अध्यक्ष श्री अनिल जैन अंचल द्वारा पञ्च कल्याणक मेला परिसर के पास मशीन द्वारा एटीएम से धन निकासी कर कार्यक्रम की सुभारम्भ किया गया जिसमें जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर यूनिट के पदाधिकारी उपस्थित रहे .

**Ghaziabad Unit-25.11.2018**

Akhil Bhartiya Jain Bankers Forum Ghaziabad unit has distributed woollen and normal clothes at Prerna Vridha Asharm Kavi Nagar Ghaziabad on 25.11.2018. With the efforts of all the members especially Praveen Jain Bank of India, lunch was also provided at the Ashram. Thereafter a meeting of unit forum members was held at Kavi Nagar Jain Mandir Ghaziabad in which it has decided to distribute educational materials at a school in the month of December or January.

**Lalitpur Unit-27.11.2018**

ललितपुर में हो रहे पञ्चकल्याणक महोत्सव में जैन मिलन एवम् जैन बैंकर्स फोरम के सदस्यों द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया.

**Jaipur Unit-02.12.2018**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर यूनिट की जनरल बॉडी मीटिंग आयोजित की गई.

## Jhansi Unit-09.12.2018

झांसी इकाई के सदस्यों द्वारा करगुवां जी मन्दिर में भक्ताम्बर जी के पाठ का आयोजन किया गया.

## Lalitpur Unit-16.12.2018

आज गौशाला परिसर ललितपुर में माननीय जिलाधिकारी महोदय ललितपुर श्री मानवेन्द्र सिंह IAS द्वारा उत्कृष्ट सेवा के लिए जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया.

## Kota Unit-21.12.2018

श्री प्रकाश चंद जी जैन को सकल दिगंबर जैन समाज समिति कोटा का कोषाध्यक्ष चुना गया .

## THA Ghaziabad Unit-21.12.2018

At the call of All India Bank Pensioners Federation & SBI Pensioners Association members of THA Ghaziabad Unit & Delhi NCR participated in demonstration held at Allahabad Bank, Parliament Street New Delhi today at 10.30 am for long pending demands of Pensioners.

## Ghaziabad Unit-22.12.2018

Members of Ghaziabad Unit distributed tea and snacks at Shelter Home, Near Nasirpur Railway Crossing Ghaziabad.

### Bhopal Unit-23.12.2018

उदयपुर सेवा संस्थान द्वारा भोपाल यूनिट के महासचिव श्री प्रभात गोयल को उनके द्वारा किये गए सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया.

## Lalitpur Unit-25.12.2018

जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर के तत्वावधान में आज ग्राम रजवारा की मलिन एवं सहरिया बस्ती में कम्बल एवं गर्म वस्त्र वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया.

### Ghaziabad Unit-02.01.2019

Ghaziabad Unit members distributed socks, tea and snacks at Shelter Home Nasirpur Railway Crossing Ghaziabad in the cold morning at 07.00 am.

## THA Ghaziabad Unit- 04.01.2019

ट्रांस हिंडन एरिया ग़ाज़ियाबाद यूनिट द्वारा कड़कड़ाती ठण्ड में ठिठुरते मरीजों एवं निर्धन व्यक्तियों को उच्च कोटि के कम्बलों का वितरण किया गया. यह वितरण रात्रि १२.०० बजे एम्स एवं सफदरजंग हॉस्पिटल, आनन्द विहार रेलवे स्टेशन तथा सड़कों पर दिल्ली में किया गया; जहां मरीजों के तीमारदार, निर्धन व्यक्ति खुले फुटपाथ पर सर्दी से ठिठुर रहे थे. ऐसे व्यक्तियों को वहीँ जाकर उन्हें कम्बल उड़ाया गया.

### Lalitpur Unit- 04.01.2019

भारतीय भाषा सम्मान यात्रा जो मुंबई से दिल्ली हेतु 9 प्रान्तों से निकली है के सम्पूर्ण सदस्यों का ललितपुर में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर एवं जैन शिक्षक समूह के सदस्यों द्वारा भव्य स्वागत कर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे संस्था के अध्यक्ष सनत जैन खजूरिया, जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन आदि की उपस्थिति रही.

## Lalitpur Unit- 06.01.2019

जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर यूनिट द्वारा आज ग्राम क्षताला की सहरिया बस्ती में कम्बल वितरण का द्वितीय चरण सम्पन्न किया गया.

## THA Ghaziabad Unit-06.01.2019

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स के प्रयासों से स्थापित तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट की साधारण सभा ०६ जनवरी २०१९ को आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज जी के पावन सानिध्य में चौरासी मथुरा में आयोजित की गई जिसमें अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन ग़ाज़ियाबाद यूनिट के सदस्यों ने भाग लिया.

## Ghaziabad Unit – 07.01.2019

Ghaziabad Unit participated in the Dharna organised by Retired Bank Employees apex body CBROA & AIBRF at Jantar Mantar Delhi

### Muzaffarnagar Unit-09.01.2019

Shri Rajeev Jain, President of Muzaffarnagar Unit has again been elected as Vice President of All India Canara Bank Employees Union.

**Jaipur Unit- 16.01.2019**

जैन बैंकर्स जयपुर यूनिट के सदस्य श्री विपिन कुमार जैन एजीएम आईडीबीआई बैंक टोंक द्वारा वर्ल्ड फ्रीडम डे के अवसर पर मूक परिदों के स्वतंत्र विचरण हेतु एक यूनिक कार्यक्रम आयोजित किया गया.

**Lalitpur Unit-20.01.2019**

यूनिट की मासिक बैठक २०.०१.२०१९ को श्री  क्षेत्रपाल जी मन्दिर के त्रिमूर्ति हॉल में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता सनत जैन खजूरिया ने की. बैठक में निम्न निर्णय लिए गये:-

१. श्री सिद्ध क्षेत्र आहार जी के गुरुकुल के छात्रावास में १ दिन के भोजन/ शिक्षा हेतु दान देने का एवं पक्षी विहार लाल मन्दिर दिल्ली में धनराशी भेजने का प्रस्ताव पारित हुआ.

२. सुधा सागर कन्या इंटर कॉलेज में वित्तीय साक्षरता शिविर लगाया जाए.

३. फरवरी माह में हेल्थ शिविर लगाया जाएगा.

**Lalitpur Unit-21.01.2019**

पंचकल्याणक महोत्सव में उत्कृष्ट कार्य के लिए सभी सदस्यों को शील्ड प्रदत्त की गई.

**Agra Unit- 09.02.2019**

हम अवगत कराते है कि अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम,आगरा द्वारा  दिनांक 09.02.2019.शनिवार.को शाम 6:30 बजे से 8:30 बजे तक श्रीभक्तामर जी का दीपमालिका विधान श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, कटरा इतवारी खाॅ, नाई की मण्डी, आगरा में आयोजित किया गया । आयोजन के उपरान्त फोरम.द्वारा कुछ जरूरतमंद विद्यार्थियौ को स्कूल फीस की राशि भी प्रदान की गई|

**Bhopal Unit-10.02.2019**

जैन बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा कैंसर हॉस्पिटल में भोजन वितरण.

**Gurgaon Unit-10.02.2019**

आज 10 फरवरी को जैन बैंकर्स फ़ोरम गुड़गांव के 15 सदस्यों द्वारा "Earth Saviour, Orphanage" Bandhwari Gurgaon में जाकर पुराने कपड़े, कम्बल और खाद्य सामग्री तथा फल आदि वितरित किए.

**NCR Delhi (3 Units)-10.02.2019**

परम पूज्य आचार्य ज्ञानसागर महाराज जी के सानिध्य में  कैलाश नगर दिल्ली में आयोजित  पंचकल्याणक  कार्यक्रम के प्रथम दिन अखिल भारतीय जैन बैंकर NCR Delhi की तीन शाखाओं द्वारा सहभागिता दी। आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज जी के द्वारा कैलाश नगर, दिल्ली में पंचकल्याणक के अवसर पर  प्रथम दिन उपरोक्त बुद्धिजीवी सम्मेलन 10 February 2019 (रविवार) को जैन बैंकर हेतु रखा गया।

**Kota Unit-17.02.2019**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम कोटा यूनिट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया.

**THA Ghaziabad Unit-20.02.2019**

अखिल भारतीय जैन  बैंकर forum की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा  20.02.2019 को बैंकिंग समस्याओं के समाधान हेतु एक संगोष्ठी आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के सानिध्य में श्री दिगंबर जैन मंदिर, विवेक विहार, दिल्ली में आयोजित की गई, जिसमें बैंकिंग समस्याओं के निदान हेतु SBI आरएसीपीसी नोएडा के एजीएम श्री अरविंद कुमार जैन, कोसांबी शाखा के शाखा प्रबंधक श्री मिथिलेश कुमार, कोटक महिंद्रा बैंक के विवेक विहार शाखा के शाखा प्रबंधक श्री जीवन  झा, जैन बैंकर फोरम के  राष्ट्रीय महासचिव श्री जे के जैन ने बैंक के कार्यो में आने वाली समस्याओं एवं उनका किस प्रकार निदान किया जा सकता के बारे में बताया, साथ ही स्थानीय निवासियों द्वारा  बताई गई समस्याओं का निदान भी किया गया।इस अवसर पर ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के अनेकों सदस्य उपस्थित थे।

## Lalitpur Unit-09.03.2019

दिनांक 9/3/19को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स ललितपुर यूनिट के तत्वाधान में विशाल अस्थमा जांच शिविर का आयोजन तरैयाक्लीनिक पर सम्पन्न किया गया जिसमें.सिप्ला के जांच विशेषज्ञ श्री आकाश बाजपेयी द्वारा अत्याधुनिक जांच मशीनों से लगभग 60 मरीजों की निशुल्क जांच संपन्न की गई। शिविर में डॉ अक्षय जैन ने.अपने.उदबोधन में मरीजों को अस्थमा रोग से बचाव हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान की।शिविर को सफल बनाने में संस्था केअध्यक्ष सनत जैन खजुरिया के साथ श्री विजय जैन,गौरवजैन,
राज कुमार जैन,केवल चंद जैन चंद्र कुमार जैन का विशेष सहयोग रहा।

## THA Ghaziabad Unit-17.03.2019

17.3.2019 को जैन बैंकर्स ट्रांस हिंडन ग़ाज़ियाबाद द्वारा पारस नाथ दिगम्बर जैन मन्दिर बड़ा गाँव (खेकडा) में बैंकिंग समस्याओं पर एक गोष्ठी का आयोजन आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया. इस संगोष्ठी में श्री अरविन्द जैन एजीएम आरएपीसी एसबीआई नॉएडा ने हाउसिंग लोन एवं कार लोन में आने वाली समस्याओं के बारे में; श्री जीएस लोहिया बीएम एसबीआई बडौत ने एकाउंट्स खोलने में आने वाली समस्याओं के बारे में एवं डिपोजिट एकाउंट्स की जानकारी दी. श्री जे. के. जैन जी राष्ट्रीय महासचिव ने मृतक खातेदार के क्लेम में आने वाली समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम में बडी संख्या में नज़दीक के जैन समाज के लोग एवं ट्रांस हिंडन यूनिट के श्री श्रेयांस जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, श्री अभिषेक जैन महामंत्री, श्री गजेन्द्र जैन कोषाध्यक्ष, श्री एस के जैन सदस्य (एसबीआई) एवं श्री सुरेश जैन (यूके बैंक) ने भाग लिया.

## Agra Unit- 29.03.2019

दिनांक 29-03-2019 दिन शुक्रवार को प्रातः श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, नुनहाई, आगरा से श्री 1008 आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक के अवसर पर रथ यात्रा निकाली गई। इस रथयात्रा का स्वागत अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, आगरा के सदस्यों द्वारा किया गया । इसके अंतर्गत शीतल जल की व्यवस्था की गई एवं फल वितरित किये गये।

## Lalitpur Unit-31.03.2019

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर के वरिष्ठ साथी श्री विजय कुमार जैन अधिकारी सेंट्रल बैंक के सेवानिवृत्त पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।संस्था के साथियो ने फूलमालाओं से सम्मान करते हुए आगामी समय धर्म एवं समाज सेवा में समर्पित करने हेतु आवाहन किया । गाजे बाजे के साथ उनके निवास पर पहुच कर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर श्री सनत जैन खजुरिया महिपाल जैन ,रमेश जैन,केवल चंद जैन,सुनील जैन,गौरव जैन,सुरेंद्र सिंघई, चंद्र कुमार जैन,मयंक जैन,नरेंद्र जैन,आलोक जैन आदि के साथ समाज के अनेक गण मान्य जान उपस्थित रहे।

## East Delhi Unit-12.04.2019

आज दिनांक 12. 04. 2019 को अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की East दिल्ली यूनिट का गठन श्री श्री जिनेश जैन जी के निवास 318, Parasv Vihar, Madhu Vihar दिल्ली में किया गया जिसमें निम्न पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया:-

संरक्षक- श्री बीपी जैन एजीएम पंजाब बैंक पारस बिहार, मधु विहार, दिल्ली
अध्यक्ष - श्री प्रवीन जैन पंजाब बैंक, कड़कड़डूमा दिल्ली
उपाध्यक्ष - श्री जिनेश जैन, पंजाब नेशनल बैंक, Parsva विहार दिल्ली
महामंत्री - श्री प्रदीप जैन, पंजाब बैंक, पांडव नगर दिल्ली
उप सचिव - श्री अशोक कुमार जैन, CBI, लक्ष्मी नगर दिल्ली

कोषाध्यक्ष - श्री अतुल कुमार जैन बैंक ऑफ बड़ौदा विवेक विहार दिल्ली
कार्यकारिणी सदस्य:-
श्री सुरेश चंद जैन यूको बैंक, विवेक विहार दिल्ली
श्री बी सी जैन एजीएम पीएनबी Parsva विहार, मधु विहार दिल्ली
श्री अभिनंदन जैन पंजाब बैंक दिल्ली
श्री नरेश कुमार जैन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पारस विहार दिल्ली
नई यूनिट गठन के समय केंद्रीय महासचिव श्री जे के जैन एवं केंद्रीय कोषाध्यक्ष श्री श्रेयांश जैन भी उपस्थित थे

## Agra Unit-13.04.2019

दिनांक 13-04-2019 दिन शनिवार को भगवान महावीर के 2618 वे जन्म कल्याणक की पूर्व बेला पर अखिल भारतीय जैन बैंक फोरम, आगरा द्वारा आवास विकास कॉलोनी सिकंदरा के सेक्टर 3 के सेंट्रल पार्क में धर्मार्थ प्याऊ की व्यवस्था की गई । कार्यक्रम में उस क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा पानी की टंकी का माल्यार्पण किया गया, भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री द्वारा टंकी पर स्वास्तिक लगाया तथा उद्घाटन पार्क के रक्षक द्वारा किया गया।

## Meerut Unit-15.04.2019

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की मेरठ यूनिट द्वारा एक संगोष्ठी " बैंक समस्याओं पर खुली चर्चा एवं समाधान" विषय पर सराको उद्धारक आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में बुढाना जिला मुजफ्फरनगर में वहां चल रही पंचकल्याणक महोत्सव के मध्य दिनांक 15. 04.19 (Sunday) को अपराह्न 3:00 बजे आयोजित की गई। बैंकिंग संबंधी समस्याओं का समाधान श्री विकास जैन, Area Head, एचडीएफसी बैंक, मेरठ, श्री जीतिन जैन, सीनियर मैनेजर कारपोरेशन बैंक, मेरठ, श्री पदम चंद जैन, एसबीआई, अध्यक्ष मेरठ यूनिट एवं श्री जे के जैन, राष्ट्रीय महासचिव द्वारा किया गया। साथ ही श्री जीतिन जैन ने आईटी टेक्नोलॉजी पर आधारित विभिन्न योजनाओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया, जैसे नेट बैंकिंग डेबिट क्रेडिट कार्ड एवं ग्रीन बैंकिंग के बारे में विस्तार से चर्चा की एवं उसमें आने वाली समस्याओं की जानकारी दी। श्री विकास जैन ने Loan संबंधी योजनाओं की जानकारी दी एवं इन योजनाओं का किस प्रकार बिना परेशानी के उपयोग कर सकते हैं के बारे में बताया। श्री जे के जैन राष्ट्रीय महासचिव ने मृतक खातों के बारे में एवं उसमें आने वाली परेशानियों की विस्तृत जानकारी दी, उन्होंने बताया कि आज के समय में यदि हमें कोई परेशानी है तो हमें email के माध्यम से आगे बढ़ना चाहिए आज सभी बैंक निर्धारित समय में शिकायतों का निराकरण करते हैं। श्री पी सी जैन अध्यक्ष मेरठ यूनिट द्वारा भी अपने कुछ अनुभव शेयर किए गए। इस अवसर पर श्री श्रेयांश जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री गजेंद्र जैन वैशाली कोषाध्यक्ष ट्रांस हिंडन गाजियाबाद यूनिट एवं श्री प्रदुमन कुमार जैन मेरठ भी उपस्थित थे।

## Agra Unit-17.04.2019

दिनांकः 17-04-2019 दिन बुधवार को भगवान श्री 1008 महावीर स्वामी जी के 2618 वे जन्म कल्याणक के अवसर पर जयपुर हाउस कालोनी, आगरा से निकलने वाली रथयात्रा(जिसमें पांच रथ, छै बग्गी, आचार्य श्री 108 शांति सागर जी की झांकी सहित पचास झांकिया थी) का स्वागत अखिल भारतीय जैन बैंक फोरम, आगरा द्वारा सेंटजोंस चौराहा, एम जी रोड, आगरा पर किया गया तथा फल व जल वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त दर्शनार्थियों के बैठने का उचित प्रबंध किया गया। कार्यक्रम स्थल पर आचार्य श्री 108 शांति सागर जी के जीवन व उपदेश को दर्शाने वाले बैनर भी लगाये गये।

## Kota Unit-17.04.2019

आज भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्मजयंती समारोह पर विशाल दिव्यांग शिविर का अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम कोटा इकाई के तत्वावधान में आयोजन किया गया।शिविर में दिव्यांगों को जयपुर फूट लगाए गए ,ट्रायस्कल का वितरण किया गया बाहर से आये विशेषज्ञ डॉक्टरो द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया।इस अवसर पर फोरम के संरक्षक श्री आर के जैन, अध्यक्ष श्री पी सी जैन, उपाध्यक्ष श्री एस के जैन,सचिव श्री एम के जैन,कोषाध्यक्ष श्री के सी जैन एवं अन्य सभी सदस्यों ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## Ghaziabad Unit-17.04.2019

Akhil Bhartiya Jain Bankers forum Ghaziabad unit distributed fruits on the Mahaveer Jayanti Rathyatra Mahotsav of Parasnath Digambar Jain Mandir Kavi Nagar on 17.4.19.
Organisers: V. K. Jain Secretary, S. K. Jain President, Munish Jain OBC, V. K. Jain SBI

## Lalitpur Unit-17.04.2019

भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य आयोजित विशाल शोभायात्रा में जैन बैंकर्स ने अपनी सहभागिता प्रदान की इस अवसर पर एक चल झांकी एवं शहर केमुख्य मंदिरों में आचार्य शांति सागर मुनि दीक्षाशताब्दी वर्ष सम्बन्धित बैनर लगाए गए । सदर कांटा पर संस्था द्वारा फल वितरण में सहभागिता प्रदान की. इस कार्यक्रम मेंसदर विधायक श्री रामरतन कुशवाहा जैन समाज के अध्यक्ष श्री अनिल जी अंचल,महामंत्री डॉ अक्षय तरैया के साथ सनत जैन खजुरिया, रमेश जी Gadyana, गौरव जैन,विजय जैन,राजकुमार जैन,अशोक जैन,सी के जैन,सुरेंद्र सिंघई,मुकेश जैन,सुनील सराफ ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

## Hissar Unit-17.04.2019

श्री महावीर भगवान के जन्मकल्याणक दिवस पर हिसार शाखा द्वारा जैन समाज का स्वागत श्री दिगंबर जैन मंदिर परिसर में रथ यात्रा शुरू होने से पूर्व किया व ठंडाई का स्टॉल लगाया। इस अवसर पर श्री दिगम्बर जैन पंचायत के सेक्रेटरी द्वारा हिसार शाखा के सदस्यो को सम्मानित किया।

## Lalitpur Unit-18.04.2019

आज श्री वर्णी कॉलेज ग्राउंड पर भगवान महावीर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित अभिषेक के दौरान जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर के सदस्यों द्वारा फल एवं मिष्ठान वितरण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

## Agra Unit-05.05.2019

अखिल भारतीय जैन बैंक फोरम, आगरा के सदस्यों ने श्री दिगम्बर जैन मंदिर, ताजगंज आगरा में आज दिनांक 05-05-2019 दिन रविवार को प्रातः 7:00 बजे अभिषेक, शांतिधारा, पूजन किया । तदुपरांत साधर्मी बन्धुऔ को बैंकिंग सम्बन्धी निःशुल्क परामर्श दिया गया।

## Ghaziabad Unit-18.05.2019 to 23.05.2019

Members of Jain Bankers Ghaziabad Unit actively participated in Bhavya Panchkalyank at Muradnagar (Ghaziabad) in Param Sanidhya of 108 Muni Shri Saurabh Sagar ji Maharaj during 18.05.19 to 23.05.2019.

## Lalitpur Unit-21.05.2019

श्री क्षेत्रपाल जी मंदिर में आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज के मुनि दीक्षा शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विद्वत संगोष्ठी एवं आर्युवेदिक पीलिया शिविर सम्पन्न किया गया जिसमें जैन बैंकर्स ललितपुर शाखा के अध्य्क्ष सनत जैन खजुरिया की विशेष भागीदारी रही।

## Gurgaon Unit-26.06.2019

आज प्रात: 7.30 बजे आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज का मंगल प्रवेश जैन मंदिर पालम विहार गुड़गांव में हो गया है। आचार्य श्री के स्वागत समारोह में पालम विहार जैन समाज के साथ "जैन बैंकर्स फोरम" गुड़गांव के सर्व श्री सोम प्रकाश जैन, पवन कुमार जैन, नरेश जैन (SBI), राजेश जैन, नरेंद्र जैन, डी पी जैन एवं सतीश जैन उपस्थित रहे।

## Ghaziabad Unit-30.06.2019

Akhil Bhartiya Jain Bankers forum Ghaziabad organized general body meeting at Kavi Nagar Jain Mandir Ghaziabad on 30th June.

## Gurgaon Unit-26.06.2019

जैन बैंकर्स फोरम, गुडगाँव की बैठक 30 जून 2019 को गुडगाँव बारादरी जैन मंदिर जी में परम पूज्य आचार्य श्री 108 ज्ञान सागर जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुई, इस में हमारे राष्ट्रीय महामंत्री श्री जे के जैन साहेब, कोषाध्यक्ष श्री श्रेयांस जैन जी एवं श्री वि के जैन जी सहित गुरुग्राम यूनिट के सभी सदस्य उपस्थित रहे !
कार्यक्रम का संचालन श्री सोम प्रकाश जी जैन, श्री नरेश जी जैन एवं श्री राजेश जी द्वारा किया गया !
आचार्य श्री का उद्बोधन समाज के हित में अति उत्तम रहा ! सभी उपस्थित महानुभावो का सम्मान तिलक लगा कर एवं माला पटका पहनकर किया गया तथा आचार्य श्री की एक सुन्दर तस्वीर भेंट की गई !

## Ghaziabad Unit-04.08.2019

Tree plantation program was organized by Akhil Bhartiya Jain Bankers forum unit Ghaziabad along with family at Jeewan Asha hospital and Mansapurn Mahaveer Kshetra Gang Nahar Muradnagar on 4th August 2019 Sunday at 10 am. Sh.Sanjay Jain S/O Jambu Prasad Jain trustee Saurabh Sagar Sewa Sansthaan welcomed members of Ghaziabad Unit of Jain Bankers Forum.

## Muzaffar Nagar Unit-05.08.2019

आज दिनांक 5-8-2019 को जैन बैंकर्स फोरम मुज़फ्फरनगर यूनिट की और से एक वाटर कूलर जैन कन्या इंटर का॑लिज प्रमपुरी मु.नगर मे लगवाया गया। जिसमे मुख्य सहयोग हमारे अध्यक्ष श्री राजीव जैन जी का रहा। जैन कन्या इंटर कोलिज की प्रधानाचार्या श्रीमती सारिका जैन ने सभी जैन बैंकर्स फोरम के पदाधिकारियो का माल्यार्पण करके स्वागत किया। व का॑लिज की स्टूडैंटस ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। व प्रधानाचार्य ने सबको अल्पाहार के लिये आमंत्रित किया। सर्वश्री वाई के जैन सचिव, विनोद कुमार जैन उपाध्यक्ष, हर्ष कौमार जैन कोषाध्यक्ष, बिमल प्रसाद जैन संयुक्त सचिव , व फोरम के काफी सदस्य उपस्थित हुये।

## Lalitpur Unit-11.08.2019

जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर द्वारा श्री वर्णी जैन कांवेंट स्कूल ललितपुर के प्राँगण में विशाल वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न किया । इस अवसर पर संस्था द्वारा आम,अमरूद,नींबू, अनार के फलदार व सागोन के वृक्ष रोपित किये गए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष धरा का आभूषण है यह पर्यावरण को स्वच्छ रखते है इसलिए हर मनुष्य की जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। एवं इनकी उचित देखभाल व संरक्षण करे। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष व वर्णी कॉलेज समिति के प्रबंधक श्री सनत जैन खजुरिया, सचिव रमेश जैन Gadyana, विजय जैन,गौरव जैन,महिपाल जैन,केवल चंद जैन,सी के जैन,सुरेन्द्र सिंघई,नरेन्द्र जैन, विशाल Madvaiya, मयंक जैन, अमन जैन,सचिन जैन,सुप्रिया जैन आदि सदस्य उपस्थितरहे। सभी सदस्यों ने समय समय पर आकर पेडों की उचित देखभाल की शपथ ली।

## Delhi East Unit-24.08.2019

Navkar Mahamantra Paath was organized by Akhil Bhartiya Jain Bankers Delhi East at the residence of Shri Praveen Jain, President of the unit on 24th August 2019.

## Gurgaon Unit-01.09.2019

गुड़गांव जैन बैंकर्स फ़ोरम द्वारा आज "अर्थ सेवियर फाउंडेशन" बंधवारी, गुड़गांव को 11,000/- रूपये एवं कपड़े तथा दवाई आदि भेंट की .

## Ghaziabad Unit-02.09.2019

Akhil Bhartiya Jain Bankers forum unit Ghaziabad has provided financial assistance to B. Tech 2nd year student of TMU Moradabad for Rs 20000/-. The student belong to a poor family. His father is running a Tea stall. The amount is already remitted to TMU Moradabad by NEFT.

## Lalitpur Unit-03.09.2019 to 12.09.2019

पर्युषण पर्व में जैन बैंकर्स ललितपुर के सदस्यों द्वारा श्री पार्श्वनाथ समवशरण मंदिर नाइ बस्ती ललितपुर में सामुहिक पूजन किया गया.

## Ghaziabad Unit-14.09.2019

Akhil bhartiya Jain Bankers forum unit Ghaziabad has conducted a general body meeting on 14.9.19 at 11.00am at Kavi Nagar Jain Mandir Ghaziabad & decided unit program for next month as: dental check-up camp, fruits distribution in government hospital, banking awareness and educational loan workshops.

## Lalitpur Unit- 14.09.2019

आज दिनांक 14/9/19को श्री सुधासागर कन्या इण्टर कॉलेज ललितपुर में हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में "वर्तमान परिवेश में हिन्दी भाषा की उपयोगिता" विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 20 प्रतियोगियों ने भाग लिया एवं ओज पूर्ण तरीके से हिंदी का पक्ष रखा। कु,संजना को प्रथम, कु,किरण को द्वितीय, कु,रोशनी को तृतीय एवं अन्य सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किये गए। श्री राजकुमार जैन,गौरव जैन एवं सनत कुमार जैन ने वित्तीय साक्षरता एवं बैंको की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती कल्पना जैन,शिक्षक वर्ग से पुष्पा जैन,सोनम जैन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में संस्था के सनत जैन खजूरिया, रमेश जैन gadyana, गौरव जैन,केवल चंद जैन,राजकुमार जैन,चन्द्र कुमार जैन, सुनील जैन,सुरेन्द्र सिंघई,सर्वज्ञ जैन,मयंक जैन एवं कु,सुप्रिया जैन की उपस्थिति रही। अन्त में प्रधानाचार्य श्रीमती कल्पना जैन ने संस्था का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया।

## Kota Unit- 14.09.2019

कोटा में उत्पन्न बाड़ की स्थिति को देखते हुए ज़िलाधीश महोदय के अनुरोध पर दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप अनुभव कोटा द्वारा,जिसके भी अध्यक्ष जैन बैंकर्स फोरम कोटा यूनिट के अध्यक्ष श्री पी सी जैन ही हैं,भोजन के 1000 पैकेट उपलब्ध कराए गए हैं।

## Lalitpur Unit- 17.09.2019

जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर द्वारा स्थानीय सौरभ मेडिकल परिसर पर एक अस्थमा एवं ब्लड जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जांच विशेषज्ञ द्वारा आधुनिक मशीन द्वारा लगभग 70 मरीजो का निशुल्क जांच एवं डॉ अक्षय जैन तरैया द्वारा दवाओ एवं रोग से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।शिविर में श्री सनत जैन खजुरिया, रमेश जैन gadyana, गौरव जैन,महिपाल जैन,राजकुमार जैन,सुनील सराफ,चंद्र कुमार जैन,सुरेंद्र सिंघई,मयंक जैन,सर्वज्ञ जैन,अशोक जैन केवल चंद जैन सुप्रिया जैन,सौरभ जैन आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

## Gurgaon Unit: 28.09.2019

गुरुग्राम के श्री महावीर पार्क मंदिर में 1.25 करोड़ नवकार महामंत्र जाप के उदघाटन समारोह पर गुरुग्राम यूनिट के प्रधान श्री पवन जैन ने ध्वजारोहण किया ।

## Lalitpur Unit: 28.09.2019

जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर द्वारा स्थानीय श्री वर्णी जैन कान्वेंट स्कूल में गरीब बच्चों को फीस वितरण का कार्यक्रम संपन्न किया गया इस अवसर पर विद्यालय प्रवन्ध समिति के अध्यक्ष श्री अशोक जैन Dailwara, सनत जैन खजूरिया, केवल चंद जैन एवं महिपाल जैन ने छात्रों एवं उनके अभिभावकों का आवाहन करते हुए पढ़ाई के साथ साथ अच्छे संस्कार प्रदान करने की आवश्यकता पर जोर दिया।इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती संतोष कपूर के साथ संस्था के श्री गौरव जैन,अशोक

जैन सुरेन्द्र सिंघई,कु सुप्रिया जैन राज कुमार जैन एवं सुरेन्द्र जैन उपस्थित रहे।श्री रमेश जैन Gadyana ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## Kota Unit: 01.10.2019

हमारे अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम कोटा इकाई के सचिव श्री महावीर कुमार जैन एवं कोषाध्यक्ष श्री कैलाश जी जैन तथा विजय शंकर जी जैन एस बी आई रिटायर्ड एम्प्लाइज एसोसिएशन ,कोटा इकाई के सचिव, ज्वाइंट सचिव एवं कोषाध्यक्ष चुने गये .

## Gurgaon Unit: 02.10.2019

आज 2 अक्टूबर को जैन बैंकर्स फ़ोरम गुड़गांव के सम्मानिय सदस्य श्री महेश सिंगल जी ने अपने पूज्य पिता जी की स्मृति में एक स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया।

## Firozabad Unit: 11.10.2019

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम शाखा फिरोजाबाद के तत्वावधान में राष्ट्रीय महामंत्री श्री जे. के. जैन बसुंधरा के निर्देशानुसार बीसबीं सदी के प्रथमाचार्य परम तपस्वी आचार्य गुरुवर श्री 108 शान्तिसागर महाराज जी के संयम शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की शाखाओं को कार्यक्रम आयोजित करने एवं प्रचार - प्रसार करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए। तदनुसार शाखा फिरोजाबाद द्वारा आयोजित मासिक बैठक में निर्णय लिया गया कि गर्मी की छुट्टियों में मई, 2019 से आचार्य शान्तिसागर जी महाराज के संयम शताब्दी वर्ष में समर्पित आध्यात्मिक जैन पाठशाला का शुभारंभ किया जाय। जिसमें प्रथम बालवोध से पंचम बालवोध का अध्ययन कराया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम फिरोजाबाद शाखा के सुयोग्य कोषाध्यक्ष श्री चक्रेश कुमार जैन SBI को आध्यात्मिक पाठशाला के कुशल संचालन हेतु मुख्य संयोजक मनोनीत किया गया। आध्यात्मिक पाठशाला का उद्घाटन श्री 108 शान्तिनाथ जिनालय सभागार में दिनांक 3 मई, 2019 को प्रातः 8.30 बजे मंदिर के ट्रस्टी श्री राजेंद्र प्रसाद जैन राजू के करकमलों द्वारा सम्पन्न किया गया। पाठशाला का संचालन प्रत्येक रविवार को प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक लगातार चल रहा है। आध्यात्मिक पाठशाला में करीब 60 बच्चों को जैन धर्म का आध्यात्मिक ज्ञान चार प्रशिक्षित अध्यापिकाओं द्वारा दिया जा रहा है। पाठशाला के संचालन में मुख्य संयोजक श्री चक्रेश कुमार जैन (SBI), संयोजक श्री डॉ विनोद कुमार जैन (SBI), संयोजक श्री अनिल कुमार जैन (इलाहाबाद बैंक) की सेवाएं प्रशंसनीय हैं। सभी बच्चों को स्वल्पाहार की व्यवस्था समाज के गणमान्य महानुभावों एवं फोरम के सदस्यों के द्वारा की जाती है। स्वल्पाहार की बुकिंग 31 दिसम्बर, 2019 तक की जा चुकी है। श्री शान्तिनाथ-शान्तिसागर आध्यात्मिक पाठशाला विभवनगर फिरोजाबाद का संचालन अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम शाखा फिरोजाबाद एवं मंदिर कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में फोरम के अध्यक्ष श्री नरेंद्र कुमार जैन (SBI) शिकोहाबाद की अध्यक्षता में सुचारू रूप से चल रहा है।

प्रेषक :- जे के जैन सचिव अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम शाखा फिरोजाबाद

## Agra Unit: 12.10.19 & 13.10.19

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के आगरा यूनिट के तत्वावधान में "तीर्थ यात्रा कार्यक्रम" के अन्तर्गत तीर्थ क्षेत्र भ्रमण का आयोजन किया गया। कार्यक्रमानुसार 12.10.2019 को प्रात: 6 बजे यूनिट के लगभग 40 सदस्यों ने आगरा से चलकर वातानुकूलित बस द्वारा मथुरा चौरासी सिद्ध क्षेत्र पहुंच कर दर्शन लाभ लिया। क्षेत्र पर सदस्यों द्वारा भगवान अजितनाथ व अन्य तीर्थंकरों का दर्शन, अभिषेक, शान्तिधारा व पूजन आदि का पूण्यार्जन भी किया गया। तत्पश्चात् नाश्ता कर डीग(भरतपुर) क्षेत्र के विश्व प्रसिद्ध जल महल का भ्रमण किया तथा उनके इतिहास व रंगीन फव्वारौ के संचालन के विषय में जानकारी प्राप्त की । वहां से चलकर श्री 1008 जम्बू स्वामी की तपोभूमि बोलखेड़ा अतिशय क्षेत्र के भव्य एवं विशाल जिनालयों के दर्शन का पुण्य लाभ लिया व सुरिचिपूर्ण भोजन का आनंद लिया। फिर संध्या को तिजारा अतिशय क्षेत्र पहुंच कर भगवान चंद्रप्रभ जी की आरती का आनंद लिया।

13.10.2019 को सभी सदस्यों ने प्रात: तिजारा मंदिर जी में अभिषेक,पूजन किया और बैंकर्स फ़ोरम के वार्षिक अधिवेशन में भाग लिया । 13.10.2019 को यात्रा की वापिसी में सभी सदस्यों ने अलवर के चौवीसी पारसनाथ दिग.जैन मंदिर जी में दर्शन कर अलवर के ही भव्य स्वर्ण मंदिर जी के दर्शन किए। मंदिर जी की भव्यता व सुन्दरता देखकर सभी गदगद व अति आनंदित हुए। इस यात्रा में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री ऐ.के. रपरिया, श्री अवनी कुमार जैन, श्री राजीव कुमार जैन (मुंबई), श्री महेंद्र कुमार जैन, श्री नरेन्द्र कुमार जैन, श्री अवधेश जैन, श्री डी.के. जैन, श्री बिशन कुमार जैन, श्री आज़ाद कुमार जैन, श्री मुकेश कुमार जैन, श्री मुकेश चंद जैन, श्री निर्मल कुमार जैन, श्री उमेश चंद जैन, श्री अनिल कुमार जैन, श्री कमल कुमार जैन, श्री सतेंद्र कुमार जैन (ट्रान्सयमुना), श्री धर्मेश चंद जैन, श्री सतेंद्र कुमार जैन (एस.बी.आई), श्री महेश चंद जैन (बसन्त विहार) व आदि अनेक सदस्यों ने परिवार सहित दर्शन कर पूण्यार्जन किया।

## Kota Unit: 12.10.19 &13.10.2019

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फ़ोरम कोटा इकाई के सदस्यों के द्वारा जैन तीर्थ यात्रा का कार्यक्रम रखा गया। दिनांक 12.10.2019 को कोटा से ऐसी बस द्वारा प्रथम इन्द्रगढ़ नसियां जी के दर्शन किए यहां सहस्र फनी पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा है चारों ओर त्रिकाल चौबीसी के दर्शन हैं, चतुर्थ कालीन अरिहंत प्रतिमा के दर्शन किए। शहर में दो प्राचीन जिनालयों के भी दर्शनों का लाभ लिया।यहां से सवाई माधोपुर में आलनपुर के विशाल जिनालय श्री चमत्कार जी के दर्शन किये यहां भगवान आदिनाथ जी की स्फटिक मणि की मनोज्ञ प्रतिमा जी हैं चारों ओर चौबीसी हैं मंदिर परिसर में चातुर्मास कर रही आर्यिका श्री105 विशुद्ध मति माता जी के ससंघ दर्शन का लाभ लिया।यहां पर संचालित भोजन शाला में भोजन करने के पश्चात कारवा आगे बढ़ा और चांदनपुर वाले बाबा के दरबार में पहुंचे 1008श्री महावीर स्वामी के विशाल दर्शन पाकर मन गदगद हो गया।सायंकाल के भोजन के बाद आरती करके यहां से सीधे तिजारा जी पहुंचे। रात्रि विश्राम के बाद प्रातः स्नानादि से निवृत्त होकर श्री1008श्री चंद्र प्रभु भगवान की सेवा पूजन कर परम पूज्य गुरुदेव108 श्री ज्ञान सागर जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के सप्तम सम्मेलन में भाग लिया।

दिनांक13.10.2019 को वाटिका में विराजमान1008 श्री चन्द्र प्रभु भगवान के दर्शन का भी लाभ प्राप्त किया। शाम को भगवान की आरती करके हमने प्रस्थान किया और केशवराव पाटन होकर प्रातः काल कोटा पहुँचे। यात्रा में केंद्रीय उपाध्यक्ष श्री आर के जैन,कोटा इकाई के सचिव श्री एम के जैन ,कोषाध्यक्ष श्री के सी जैन,उपाध्यक्ष श्री वी एस जैन,श्री पारस जैन, श्री एन के जैन,बारां से श्री एम पी जैन,SBI छावनी कोटा शाखा के श्री प्रतीक जैन सपरिवार साथ थे।सभी 17 सदस्यों ने सकुशल यात्रा की।

## Alwar Unit: 13.10.2019

New unit of Alwar was formed on the day of Conference i.e. on 13th Oct. at Tijara ji & all working officials were elected as Office Bearers.

## Kota Unit: 26.10.2019

जैन बैंकर्स फोरम कोटा यूनिट द्वारा विमंदितो को पौशाक एवम मिठाई वितरण

जैन बैंकर्स फोरम कोटा यूनिट द्वारा दिवाली के अवसर पर दिनाँक 26 अक्टूबर 2019 को झालवाड़ रोड स्थित , विमंदित आश्रम,अपना घर पर सभी 190 विमंदित महिला एवम पुरुषों ( इन्हें प्रभूजी के नाम से पुकारा जाता है ) को इनके लिए निर्धारित पौशाक एवम मिठाई भेँट की गयी। इस अवसर पर जिला कलेक्टर श्री ओम प्रकाश जी कसेरा ,संभागीय आयुक्त श्री एल एन सोनी, डी आई जी श्री रवि दत्त गौड़, एस पी ग्रामीण श्री राजन दुष्यंत ,नगर निगम आयुक्त श्री वासुदेव मालावत , एस डब्ल्यू ओ श्री ओम प्रकाश तोषनीवाल आदि समस्त जिला प्रशासनिक अधिकारी एवम फोरम के कोटा यूनिट के अध्यक्ष श्री पी सी जैन ,श्री एम के जैन,श्री वी एस जैन,श्री आर के जैन उपस्थित थे। सभी वक्ताओं ने फोरम के द्वारा कराये जा रहे कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की । अपना घर के सचिव श्री मनोज आदिनाथ ने फ़ोरम के सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## Lalitpur Unit: 27.10.2019

आज दिनांक 27/10/2019 को ललितपुर यूनिट की एक बैठक श्री मदन जैन भारतीय स्टेट बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन भोपाल मंडल के अध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में सनत जैन खजूरिया के निवास पर आयोजित की गईजिसमे यूनिट को राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मानित किए जाने पर हर्ष ब्यक्त किया गया आगामी 31 अक्टूबर को आचार्य शांतिसागर जी छानी महराज के जन्म दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की गई ।श्री मदन जैन जी वेतन समझौते एव अन्य बैंकिंग विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए सदस्यों की शंकाओ का समाधान किया। बैठक में श्री मदन जैन के अलावा सनत खजूरिया, रमेश Gadyana, केवल चंद जैन,विजय जैन,राज कुमार जैन,नरेंद्र जैन, सुरेन्द्र सिंघई,अमन जैन,मोहित जैन,सुनील सराफ,गौरव जैन,प्रियक जैन,प्रतीक जैन की उपस्थिति रही।सभी ने दीपावली पर्व पर शुभकामनाएं दी।

## Lalitpur Unit: 31.10.2019

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर के तत्वावधान में श्री वर्णी जैन कान्वेंट स्कूल में आचार्य 108 श्री शांति सागर छानी महाराज के जन्मदिन के उपलक्ष्य में "शांति वृक्ष" रोपित किया गया एवं अन्य रोपित वृक्षों पर ट्रीगॉर्ड लगाये गए। यह कार्यक्रम आचार्य शांतिसागर "छानी" महराज का समाधि हीरक जयंती वर्ष सम्पूर्ण भारत मे बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है एवं अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम ने उनके जन्मदिवस को बड़े धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया है। बक्ताओ ने अपने संबोधन में बताया कि आचार्य शांति सागर महाराज

ने सम्पूर्ण उत्तर भारत मे दिगम्बर जैन परंपरा को हमेशा अक्षुण्ण बनाएं रखा जैन जैन धर्म की प्रभावना की।वर्तमान में आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज उन्ही की परंपरा के आचार्य है। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष सनत जैन खजूरिया के साथ साथ रमेश जैन Gadyana, विजय जैन,गौरव जैन,मयंक जैन,केवल चंद जॉन,सुनील सराफ,मोहित जैन,पीयूष जैन,सचिन जैन आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## Kota Unit: 31.10.2019

आज दिनांक 31.10.2019 को श्री महावीर स्वामी दिगम्बर जैन मंदिर, तलवंडी, कोटा के सामने स्थित अहिंसा पार्क में जैन बैंकर्स फोरम कोटा यूनिट के सदस्यों द्वारा आचार्य 108श्री शान्ति सागर जी महाराज(छानी) के जन्मदिवस पर शान्ति वृक्षा रोपण किया गया जिसमें फोरम के केंद्रीय उपाध्यक्ष श्री आर के जैन, कोटा यूनिट के अध्यक्ष , श्री पी सी जैन, सचिव श्री एम के जैन, कोषाध्यक्ष ,श्री के सी जैन, संघटन सचिव श्री वी एस जैन एवं श्री वी के जैन आदि उपस्थित रहे। पौधा रोपण कार्यक्रम को स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया.

## East Delhi Unit: 31.10.2019

Today i.e. 31.10.2019 on the occasion of Birthday & Samadhi Hirak Jayanti year of Acharya Sh. 108 Shanti Sagar ( Chani ) ji maharaj, NAMOKAR MANTRA PATH was organised from 11.00.AM to 12.00 Noon in Sh Parash Nath Digambar Jain Mandir, Patparganj Delhi & SHANTI TREE was also planted on this occasion by Jain Bankers Fourm, East Delhi unit in the presence of Sh. B. P. Jain, Sh. Praveen Kumar Jain, Sh. Jinesh jain, Sh. Pradeep Kumar jain, Sh. Atul kumar Jain, Sh. Ashok kumar Jain, Sh. Bhag Chand Jain & other respected Mahanubhav.

## Agra Unit: 31.10.2019

आज 31.10.2019 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, आगरा, के तत्वावधान में 1008 श्री पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, नुनिहाई, आगरा के परिसर में 108 आचार्य श्री शान्तिसागर जी (छाणी) महाराज के हीरक जयंती वर्ष में उनके जन्मदिन के सुअवसर पर "शान्ति वृक्षारोपण" का कार्यक्रम हुआ व ट्री गार्ड भी लगाये गये । इस अवसर पर फ़ोरम के राष्ट्रीय पदाधिकारी (कार्यकारी अध्यक्ष श्री ऐ.के. रपरिया जी, उपाध्यक्ष श्री अवनी कुमार जैन, कार्यकारिणी सदस्य श्री राजीव कुमार जैन मुम्बई, श्री मुकेश जैन) के साथ साथ आगरा युनिट के अध्यक्ष श्री महेन्द्र कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री राजकुमार जैन, श्री विशन कुमार जैन, श्री शेखर चंद जैन, श्री जे. बी. जैन (उपाध्यक्ष) व श्री महेश चन्द जैन (प्रचार मंत्री) आदि परिवार सहित उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंदिर जी कमैटी के अध्यक्ष श्री अतुल कुमार जैन, उपाध्यक्ष श्री जे.बी. जैन, श्री महेश चन्द जैन, मन्त्री श्री हरेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष श्री रूपेश जैन व श्री वीरेन्द्र कुमार जैन, आदि की उपस्थिति व सहयोग सराहनीय रहा।

## Lalitpur Unit: 12.11.19

ललितपुर में जैन समाज का वार्षिक विमानोत्सव आज सम्पन्न हुआ जिसमें ललितपुर यूनिट के सभी सदस्यों ने पूर्ण सहभागिता प्रदान की विमान जी आरती एवं टीका किया संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री विजय जैन ने मुख्य पात्र की बोली लेकर रजत रथ में श्री जी को चवर दुराया।

## Agra Unit: 13.11.19

जैसा कि आपको विदित है कि जैन धर्म मैं अष्टानिका पर्व का बहुत बडा महत्व है जिसमें देवौं द्वारा नन्दीश्वर द्वीप के जिनालयौं मैं जाकर लगातार आठ दिनों तक पूजा-अर्चना की जाती है। वहां मनुष्यौं के जाने की सामर्थ्य नहीं है। अतः अष्टानिका पर्व के दिनों में जिन मन्दिरौं मैं सिद्धच़क्र विधान का आयोजन करके नन्दीश्वर द्वीप की पूजा-अर्चना हम लोग अपने मन के भावों के द्वारा करते हैं। यह पर्व वर्ष मै तीन बार कार्तिक,फाल्गुन,व आसाढ महीनों के शुक्ल पक्ष मैं अष्टमी से पूर्णमासी तक आठ दिनों तक मनाया जाता है। ऐसा ही एक सुअवसर श्री १००८ पारसनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र नुनिहाई आगरा में उक्त विधान करने का प्राप्त हुआ, जिसमें 4-11-2019 से 11-11-2019 तक सिद्धचक्र विधान व विश्व शान्ति महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में फोरम की हमारी आगरा शाखा के प्रचार म़त्री महेश चन्द जैन को "यज्ञ नायक " बनने का सौभाग्य मिला तथा शाखा के आडीटर श्री जे बी जैन ने संयोजक का कार्य भार सम्हाला।

इस विधान की शुरुआत में बैण्ड बाजा के साथ भव्य घटयात्रा में विधान के मुख्य पात्र बग्गी में सवार होकर तथा जैन समाज के व्यक्तियों साथ चलकर उक्त मंदिर पहुंचे। उसके बाद ध्वजारोहण व दीप प्रज्वलन हमारे जैन वैंकर्स फोरम की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सद्स्य श्री राजीव कुमार जैन ए जी एम. ( मुम्बई) के द्वारा किया गया। विधान के बाद प्रतिदिन सभी के लिये

सुरिचि पूर्ण भोजन की व्यवस्था की गयी। आगरा शाखा के आडीटर जे बी जैन के संयोजकत्व मैं सिद्धचक्र विधान का सफल आयोजन किया गया। इस विधान मैं मन्दिरजी की कमैटी के अध्यक्ष श्री अतुल जैन, मंत्री श्री हरेन्द्र कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री रूपेश जैन के अलावा समाज के अन्य लोगों के साथ-साथ बैकर्स फोरम के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष अध्यक्ष श्री अरुण जैन रपरिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अवनि कुमार जैन, आगरा शाखा के अध्यक्ष श्री महेन्द्र कुमार जैन, शाखा के उपाध्यक्ष श्री कमल कुमार जैन, शाखा के महामंत्री श्री मुकेश जैन, शाखा के कोषाध्यक्ष श्री आर के जैन, संयुक्त मंत्री श्री डी के जैन पूर्व अध्यक्ष श्री बिशन कुमार जैन व अन्य अनेक सदस्य व समाज के सदस्यों ने अपने परिवारों सहित विधान में सहभागिता कर पुण्यार्जन किया।

इसके अतिरिक्त दिनांक 09-11-2019 को उक्त विधान में उपस्थित सभी सहभागियों को बैंकर्स फोरम आगरा के अध्यक्ष श्री महेन्द्र कुमार जैन व उपाध्यक्ष श्री कमल कुमार जैन ने बैंकिग सम्बन्धी ( बिशेष रूप से क्या करें/ क्या न करें) जानकारी प्रदान की गई तथा यह भी निवेदन किया कि बैंकिग सम्बन्धी निःशुल्क परामर्श हेतु किसी भी सदस्य से संपर्क कर सकते हैं।

## East Delhi Unit: 16.11.19

श्री शांतिसागर जी महाराज (छानी ) की समाधि हीरक जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम के तत्वधान में 16th Nov 2019 को श्री भक्तामर जी का पाठ श्री अतुल जैन के निवास D 22 विवेक विहार दिल्ली पर आयोजित किया गया। इसमें काफी संख्या में दिल्ली East यूनिट के सदस्यों ने भाग लिया।

## Gurgaon Unit: 17.11.19

आज दिनांक 17 नवंबर, 2019 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की गुरुग्राम यूनिट द्वारा परम पूज्य आचार्य श्री 108 शांति सागर जी महाराज (छाणी ) के समाधी हीरक वर्ष के उपलक्ष्य में श्री सिद्धांत तीर्थ क्षेत्र, शिकोहपुर में वृक्षारोपण किया तथा उसके पश्चात् छात्रावास के लगभग 40 बच्चों के साथ आचार्य श्री के जीवन से सम्बन्धित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा प्रतिभावान बच्चों को पुरुस्कार एवं सभी को फल आदि का वितरण किया गया! तत्पश्चात सभी छात्रों को उपस्थित फोरम के सदस्यों द्वारा संध्या कालीन भोजन कराया गया ! अंत में सभी सदस्यों द्वारा श्री जी की भक्ति भाव से आरती की गई तथा धन्यवाद सहित कार्यक्रम की समाप्ति हुई !

कार्यक्रम में श्री अशोक कुमार जी जैन, श्री ओम प्रकाश जी जैन, श्री सोम प्रकाश जी जैन, श्री अनिल जी जैन, श्री महेश सिंगल जी, श्री नरेश जी जैन, श्री पुष्प चंद जी जैन सहित लगभग 15 महानुभावो ने सपत्नीक हिस्सा लिया !

## THA Ghaziabad Unit: 19.11.19

आज दिनांक 19 नवंबर, 2019 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रान्स हिण्डन यूनिट गाजियाबाद द्वारा परम पूज्य आचार्य श्री 108 शांति सागर जी महाराज (छाणी ) के समाधी हीरक वर्ष (2019-20)के उपलक्ष्य में श्री महावीर वाटिका वसुंधरा में लगभग 400 जरूरत मन्द लोगों को दोपहर 12 से 2 बजे तक भोजन व मिष्ठान का वितरण किया. कार्यक्रम में यूनिट के अनेक सदस्यों ने भाग लिया। केन्द्रीय कार्यकारिणी से श्री जे के जैन , महासचिव श्री श्रेयांश जैन (कोषाध्यक्ष), श्री वी सी जैन (संगठनमंत्री)भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर विशेष रूप से श्री अरुण जैन, श्री सुबोध जैन, श्री दुष्यन्त जी जैन, श्री विमलकान्त जी, श्री प्रदीप जैन, श्री सुखसागर जैन ने अपनी सहभागिता दर्ज की। इसके अतिरिक्त पांच सदस्यों ने सपत्नीक हिस्सा लिया !

## Ghaziabad Unit: 24.11.19

We have organized a program on 24.11.19 at Kavi Nagar Jain Mandir Ghaziabad on the occasion of Aacharya 108 Shree Shanti Sagar ji Maharaj Chhani Samadhi Hirak Mahotsav Varsh 2019-20 & following activities done:-

1. Shanti Vraksh Vraksharopan at Pakshi Hospital Kavi Nagar Ghaziabad
2. Speech on Jivan Charitra of Aacharya Shanti Sagar ji Maharaj by three speakers
3. Awareness program on Educational Loan by the banks as per RBI guidelines, Net Banking, ATM Card, Debit/Credit card operations by the banking experts Shri Pramod Shankar BOI, Shri S. S. Jain AGM SBI, Ms. Vinita Jain SM SBI.

About 80-90 person attended the program.

Our all India general secretary She. J. K. Jain and All India Treasurer Sh. Shreyans Jain also participated in the program to encourage us.

V. K. Jain Secretary                S. K. Jain President

## Firozabad Unit: 26.11.19

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम फीरोजाबाद  द्वारा आयोजित श्री शान्तिनाथ- शान्तिसागर (छाणी) आध्यात्मिक पाठशाला के बच्चों को छमाही परीक्षा में पास होने पर मुख्य संयोजक श्री चक्रेश कुमार जैन  द्वारा पुरुस्कार प्रदान किये गये ।

## Jaipur Unit: 03.12.19

बसवा( राजस्थान)में आयोजित पंच कल्याणक समारोह में आचार्य श्री 108 ग्यानसागरजी महाराज के आशीर्वाद से जयपुर यूनिट द्वारा दिनांक 03.12.2019 को 2.30- 3.30 PM पर आचार्य श्री 108 शांतिसागरजी महाराज (छाणी ) के जीवन चरित्र एवं  आखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के उद्देश्य एवं बैंक से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिये एक कार्यशाला - गोष्ठी का आयोजन किया गया.

## Gurgaon Unit: 14/15.12.19

गुरुग्राम यूनिट ने 14-15 दिसंबर, 2019 को तीर्थयात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत एक यात्रा ऋषभांचल, बरनावा, हस्तिनापुर एवं बड़ागांव का आयोजन किया, जिसमे 35 व्यक्तियों/सदस्यों ने सहभागिता प्रदान की !
सभी ने बड़े ही भाव पूर्वक श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन एवं दर्शन का लाभ प्राप्त किया ! रात्रि विश्राम हस्तिनापुर जी में किया गया! संध्या में सामूहिक आरती एवं बड़ा गांव में लेज़र शो का भी आनंद लिया ! यात्रा बड़े ही सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हुई ! सभी उपस्थित महानुभावो को सहयोग हेतु धन्यवाद दिया गया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के और भी आयोजन हेतु संकल्प किया गया !

## Kota Unit: 17.12.19

श्री महावीर स्वामी दिगम्बर जैन मंदिर समिति, तलवंडी कोटा के चुनाव में अ. भा.जैन बैंकर्स फोरम यूनिट कोटा के  सदस्य श्री प्रकाश जी ठोरा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री हेमंत जी पाटनी को कोषाध्यक्ष एवं अशोक जी जैन जोरा को उपकोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया ।

## Jaipur Unit: 25.12.19

जैन बैंकर्स महासम्मेलन

दिनांक 25 दिसंबर 2019 श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा राजस्थान की पावन धरा पर आचार्य श्री 108 शांतिसागर जी महाराज की समाधि हीरक महोत्सव वर्ष 2019-2020 के उपलक्ष में परम पूज्य आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के पावन सानिध्य में जैन बैंकर्स महासम्मेलन का शुभारंभ कुमारी भानुप्रिया का नृत्य प्रस्तुति के साथ हुआ। मंच संचालन श्री कमलेश जी पांड्या, रमेश जी गंगवाल, श्रीमती आशा, श्रीमती रितु सोगानी ने किया। चित्र अनावरण श्री सुनील जी काला, श्री अशोक जी, सुधांशु जी आदि अनेक बैंकर्स अधिकारियों ने किया। पाद प्रक्षालन श्री पदम जी, पारस जी विलाला जनकपुरी, जयपुर ने किया। क्या कभी अंबर से सूर्य बिछड़ता है इस पर नृत्य प्रस्तुति कुमारी आदिश्री ने की। शास्त्र भेंट श्री बाबूलाल जी पांड्या ने किया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने पूज्य श्री के श्री चरणों में श्रीफल समर्पित किए।

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉर्म जयपुर का यह प्रथम सम्मेलन आचार्य श्री के आशीर्वाद से संपन्न हो रहा है, ऐसा श्री बाबूलाल जी (अध्यक्ष बैंकर्स फॉर्म जयपुर) ने कहा, साथ ही स्वागत भाषण किया।

श्री सुधीर जी (अध्यक्ष पदमपुरा अतिशय क्षेत्र) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पहले जैन समाज का व्यक्ति जिस पद पर भी आसीन होता था सभी उनकी ईमानदारी, प्रमाणिकता देखकर सभी प्रभावित होते थे। आप सभी यहां पधारे सभी का क्षेत्र की ओर से धन्यवाद ज्ञापन करता हूं। तदनंतर आने वाली सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया।

श्रीमती अरुणा जी दक (बैंक अधिकारी) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन में नहीं फंसना चाहिए। सुकन्या वृद्धि योजना की भी जानकारी दी। परमपूज्य, प्रशम, योगीसम्राट, तपोनिधि, दिगंबर जैनाचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज (छाणी) के शिष्य आचार्य श्री ज्ञानसागर जी फोल्डर का विमोचन किया।

श्री अशोक जी बैंक अधिकारी ने कहा कि बैंक अधिकारियों से जैन समाज किस प्रकार लाभान्वित हों, इस दृष्टि से यह सम्मेलन आयोजित किया गया है। आयोजकों को धन्यवाद दिया। श्री रमेश जी पंजाबी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के प्रति सद्भाव रखे, साथ ही सुंदर भारत कैसे हो इस हेतु बहुत सुंदर विचार रखें। श्री निशांत जी ने कहा कि आपका मेरठ में वर्षायोग हुआ था, उस समय के संस्कार आज भी मेरे अंदर हैं। आज के समय में भगवान महावीर स्वामी के अपरिग्रह सिद्धांत का जीता जागता उदाहरण है आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज, आदिमुनिराज, ऐसे संतों का सानिध्य जीवन में बहुत जरूरी है। विख्यात कानून विद श्री सुधांशु जी कासलीवाल (मुख्य अतिथि महावीर क्षेत्र के अध्यक्ष) ने अपने विचार व्यक्त रखते हुए कहा कि आज के समय संगठन बहुत जरूरी है।

श्री आर सी लोढ़ा साहब जयपुर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बैंकर्स फॉर्म के प्रणेता आचार्य श्री को नमन कर कहा कि आज इस धरा पर आचार्य श्री आए, यहां पर श्री पदम प्रभु भगवान इस युग के छठवें तीर्थंकर है और आचार्य श्री ज्ञानसागर जी भी श्री शांतिसागर जी महाराज छाणी की परंपरा के षष्ठपट्टाचार्य हैं, कितना अच्छा संयोग है। जैन शब्द की व्युत्पत्ति बताई, अपरिग्रह सिद्धांत की चर्चा भी की। जैन दर्शन एवं बैंकर्स की बहुत सुंदर व्याख्या की। हम सभी ईमानदार एवं प्रमाणिक बने, यही इस फोरम का उद्देश्य है।

बियाना जैन नन्ही बालिका ने लघु प्रतिक्रमण प्रस्तुत किया। श्री सुधीर जी (अध्यक्ष जी पदमपुरा क्षेत्र) ने दिनांक 28 दिसंबर 2019 को 5 साल बाद होने वाले मानस्तंभ के महामस्तकाभिषेक, 20 वां अखिल भारतीय प्रतिभा सम्मान समारोह आदि की जानकारी दी।

पश्चात ब्र. अनीता दीदी ने ज्योतिधर, युगपुरुष पुस्तक( पंडित श्री कमल कुमार जी बाकलीवाल, ग्वालियर) द्वारा रचित की जानकारी देते हुए सराको द्धारक उपाधि पूज्य श्री के नाम से पूर्व क्यों जोड़ा है, स्पष्ट किया। इस पुस्तक का विमोचन बैंक अधिकारी आदि ने किया। तदनंतर श्री के. के. जैन बैंक अधिकारी उदयपुर ने भी इस सम्मेलन का उद्देश्य बताया।

श्री ए के रपरया आगरा ने कहा कि बैंकर्स अधिकारियों को एक सूत्र में बंधने की प्रेरणा आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज से मिली, इसी की 25 शाखाएं कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली आदि अनेक स्थानों पर है, इस फोरम द्वारा छात्रवृत्ति, काउंसलिंग, भक्तांबर पाठ, णमोकार मंत्र का पाठ, यात्रा, नैतिक, शैक्षणिक विकास हेतु अनेक कार्यक्रम किए जाते हैं। समाधि हीरक महोत्सव वर्ष पर किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी, श्री भागचंद्र जी ने अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के द्वारा जो गतिविधियां संचालित होती है उनकी जानकारी दी, प्रदीप जी ने भी अपने विचार रखे।

पश्चात गणिनी आर्यिका श्री गौरवमती माताजी ने अपनी वाणी द्वारा कहा कि 50 साल में मैं पहली बार बैंकर्स अधिकारियों का सम्मेलन देख रही हूं। पहले भी पढ़ाई होती थी पर इतना खर्च नहीं होता था, पर आज कितना खर्च हो रहा है यह सभी को ज्ञात हुआ। पहले डॉक्टर नब्ज देख कर बता देते थे कि आपको कौनसी बीमारी है, पर आज के डॉक्टर ब्लड, यूरीन आदि की टेस्ट कराकर बताते हैं कि आपको कौन सी बीमारी है। आज आप अपने जीवन में वह एफडी बनाओ जो सिद्धशिला तक पहुंचाने में माध्यम बनती है। आज की शिक्षा आपको कहां ले जा रही है आप सभी भुक्तभोगी हैं, एक ऐसी बैंक होनी चाहिए जो उन छात्र-छात्राओं को बिना ब्याज के सहयोग दिया जाए जो इंटेलिजेंट तो है पर आर्थिक समस्या के कारण वह अपनी प्रतिभा का उपयोग नहीं कर पाता है। क्या आज हमारी समाज में कोई ऐसी संस्था है जो आज बच्चों में संस्कारों के शंखनाद कराने में माध्यम बनती है। कोई भोजनशाला नहीं जो कम पैसों में भोजन देती हो। चिंता को नहीं, चिंतन और क्रियान्वयन को स्थान दे। पूज्य आचार्य श्री के पुनः दर्शन करने का अवसर मिला, यह हमारा सौभाग्य है।

तत्पश्चात आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज ने अपने पियूष वाणी द्वारा कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद जी (राष्ट्रपति) के अंदर दया, करुणा की भावना थी, सर्दी का समय था टहलते हुए जब उन्होंने एक गरीब व्यक्ति को ठिठुरते हुए देखा तो अपना दुशाला उसे उढ़ा दिया, प्रातः जब वह गरीब व्यक्ति उठा तो वह घबरा जाता है कि किसने इतना कीमती दुशाला मेरे ऊपर डाल दिया, जब यह चर्चा डाक्टर राजेंद्र प्रसाद जी तक पहुंची तो वह कहते हैं उस व्यक्ति से कि किसी ओर ने नहीं मैंने ही तुम्हें ठिठुरते हुए देखकर अपना दुशाला आपके ऊपर डाल दिया था, यह दुशाला उढाकर मैंने अपने कष्ट को दूर किया है, यह मानवता का परिचय है, मात्र पद पर आसीन होने से व्यक्ति बड़ा नहीं होता, उसकी महानता उसके सद्गुणों से होती है। जैन धर्म एक वैज्ञानिक धर्म है। इसकी वैज्ञानिकता स्वयं समझे, अपने बच्चों को समझाएं। पहले अच्छे कार्यों को स्वयं करें, तभी आपकी बात का असर बच्चों के अंदर पड़ेगा। आपकी सोच ऊंची होना चाहिए। आप सभी प्रबुद्ध वर्ग हैं, आप सभी की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है, आप जिस समाज, देश, राष्ट्र में है उसके प्रति भी आपके कुछ कर्तव्य हैं, आप अगर अपने गौरव को बढ़ा नहीं सकते तो गौरव को घटाने का काम न करें। 'कर सेवा जन-जन' की इस पंक्ति को चरितार्थ करें। परस्पर एक-दूसरे का सहयोग करना, अपने से छोटों को सहयोग करें। इन सभी कार्यो के साथ आप सभी देव, शास्त्र, गुरु की संस्कृति से इसी तरह जुड़े रहे। अपने बच्चों को भी संस्कार दें, ताकि आपके बच्चे गौरव के साथ जी सकें।

## **Lalitpur Unit: 29.12.19**

श्री क्षेत्रपाल जी मंदिर परिसर में आयोजित अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर की बैठक दिनांक 29/12/19 को सम्पन्न हुई जिसमें १७ सदस्यों ने भाग लिया. बैठक में निम्न निर्णय लिये गये:-

१. दिनांक ११.०१.२०२० को निकट वर्ती ग्रामों में कम्बल व वस्त्र वितरण किया जायेगा.
२. फरवरी माह में आचार्य शांति सागर छाणी महाराज की समाधी हीरक महोत्सव वर्ष के उपलक्ष एक विशेष कार्यक्रम किया जाए.

## Agra Unit: 05.01.2020

दिनांक 5 जनवरी 2020 रविवार को अखिल भारतीय जैन बैंक फोरम आगरा शाखा के सदस्यों की साधारण सभा की बैठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अवनी कुमार जैन के निवास 73 देव नगर बाईपास रोड आगरा पर श्री विशन कुमार जैन की अध्यक्षता में प्रातः 9:30 आयोजित की गई बैठक के पूर्व उपस्थित सदस्यों ने परिवार सहित श्री 1008 चंद्रप्रभ दिगंबर जैन मंदिर देव नगर में सामूहिक अभिषेक और पूजन कर पुण्य लाभ लिया और साधर्मी बंधुओं को बैंकिंग संबंधी निशुल्क परामर्श दिया. बैठक का शुभारंभ मंगलाचरण और आचार्य 108 श्री ज्ञानसागर जी महाराज की वंदना के साथ बैठक की कार्रवाई शुरु हुई. बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गए :-

1 .प्रशांत मूर्ति आचार्य 108 श्री शांतिसागर जी महाराज (छाड़ी)के समाधि के हीरक जयंती महोत्सव वर्ष के उपलक्ष में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन विद्यालय ,गांव टेहू, बरहन जिला आगरा मैं 11 जनवरी 2020 शनिवार को जाने का निर्णय लिया गया विद्यालय के लगभग 600 छात्रों को बैंकिंग संबंधी जानकारी , अल्पसंख्यक सुविधाओं की जानकारी ,कुछ आवश्यक स्टेशनरी वितरण करना और छात्रों को उनके कैरियर संबंधी जानकारी प्रदान करने का निर्णय लिया गया.
2. अतिशय क्षेत्र जहाजपुर (राजस्थान) मैं 31 जनवरी 2020 से 7 फरवरी 2020 तक होने जा रहे पंचकल्याणक महोत्सव के अवसर पर आचार्य 108 श्री ज्ञानसागर जी महाराज के सानिध्य में होने वाली अखिल भारतीय जैन बैंक फोरम की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया.
3. मूक व निरीह प्राणियों की सेवा के लिए अति शीघ्र प्रोटेक्शन फॉर एनिमल्स (पी एफ ए) संस्था जाकर वहां सहयोग व सेवाएं प्रदान करने का निर्णय लिया गया.
4. आगरा में स्थित ब्लाइंड एसोसिएशन जिसके सचिव श्री महेश चंद जैन हैं के द्वारा 19 जनवरी से 26 जनवरी 2020 तक मनाए जा रहे" साप्ताहिक कार्यक्रम "आयोजन में उन सभी दिव्यांग स्पेशल बंधुओं को 25 जनवरी 2020 को नाश्ता, भोजन आदि करा कर मानव सेवा करने का निर्णय लिया गया.
5. जनवरी 2020 के आखिरी सप्ताह में घर- घर जाकर अध्यक्ष श्री महेंद्र कुमार जैन व प्रचार मंत्री महेश चंद जैन द्वारा सभी सदस्यों के सहयोग से कमला नगर क्षेत्र में "सदस्यता अभियान "चलाने का निर्णय लिया गया.
6. अखिल भारतीय जैन बैंक फोरम द्वारा आगरा शाखा के अध्यक्ष श्री महेंद्र कुमार जैन व सचिव श्री मुकेश कुमार जैन का केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में मनोनयन होने पर सदस्यता शुल्क भेजने का निर्णय लिया गया.
7. आगरा के " सूर कुटी " स्थित दिव्यांग बच्चों की सेवा हेतु कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रशासनिक अनुमति लेने व कार्यक्रम निश्चित करने के लिए श्री अवधेश कुमार जैन को अधिकृत किया गया.
8. मूक व वधिर विद्यालय, विजय नगर कॉलोनी आगरा स्थित मैं दिव्यांग छात्रों से मिलकर यथा योग्य संभव सहायता और सहयोग देने के लिये विद्यालय प्रबंधन से बात करके कार्यक्रम निश्चित करने का निर्णय लिया गया.
अंत में श्री अवनी कुमार जैन को सुरुचिपूर्ण नाश्ते के लिए धन्यवाद और भगवान के जयकारे के साथ बैठक का समापन हुआ
महेश चंद जैन, प्रचार मंत्री, 75 बसंत विहार कमला नगर आगरा.

## Lalitpur Unit: 11.01.2020

आज दिनांक 11/1/2020 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स यूनिट ललितपुर के सदस्यों द्वारा आचार्य श्री शान्ति सागर जी " छानी" महाराज की समाधि हीरक जयंती के उपलक्ष्य में निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये गए।

1- ग्राम सैपुरा, रमपुरा, गडोली की मलिन एवं सहरिया बस्ती में कम्बल, गर्मवस्त्र, एवं साडी वितरण का बृहद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान श्री रतन सिंह यादव ने की। इन ग्रामो में शताधिक निर्धन एव असहाय व्यक्तियों को कम्बल वस्त्र एवं 3 दर्ज़न महिलाओं को नवीन साडी वितरित की गई।

2- सुदूर घने जंगल के बीच स्थित दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चांदपुर जहाजपुर के अतिशय कारी 21 फुट उतंग भगवान शांति नाथ के दर्शन का लाभ सभी सदस्यों को मिला।

3- क्षेत्र पर विराजित 108 श्री सुदर्शन सागर जी महाराज के दर्शन का लाभ भी सभी को प्राप्त हुआ।एवं वही पर यूनिट की बैठक आयोजित कर आचार्य शांतिसागर छानी महराज के व्यक्तित्व एवं जैन धर्म की प्रभावना पर सदस्यों ने अपने विचार रखे ततपश्चात स्वल्पाहार का आनंद लिया।

कार्यक्रम में जैन बैंकर्स यूनिट के अध्यक्ष सनत जैन खजूरिया ,विजय जैन लगोंन, महीपाल जैन,गौरव जैन,केवल चंद जैन,राजकुमार सराफ,अशोक जैन,सुरेन्द सिंघई,चंद्र कुमार जैन,अमन जैन,सचिन जैन,मयंक जैन,सौरभ जैन एवं जैन समाज जाखलौन के अध्यक्ष श्री अरविन्द जैन भी उपस्थित रहे।

## Agra Unit: 11.01.2020

आचार्य श्री शांति सागर जी (छाणी) की समाधि की हीरक जयंती बर्ष पर दिनांक 11-01-2020 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, आगरा ने पी डी जैन उ मा विद्यालय, टेहू , जिला आगरा ( आगरा से 48 किमी दूर, ग्रामीण क्षेत्र में) में छात्रों एवं स्टाफ को बैंकिंग सम्बन्धी निःशुल्क परामर्श देने हेतु शिविर का आयोजन किया। जिसमें श्री अरुण जैन रपरिया (राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष) , श्री महेन्द्र कुमार जैन (अध्यक्ष ), मुकेश कुमार जैन (महामंत्री), श्री कमल कुमार जैन (उपाध्यक्ष), श्री जे बी जैन ( लेखा परीक्षक) ने जानकारी उपलब्ध करायी। श्री अवनि जैन ( राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रदान किया। श्री महेश चंद्र जैन (प्रचार मंत्री) ने अपने माता-पिता की स्मृति में 10 वी कक्षा की परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः रु2100/=, रु1100/= प्रदान करने तथा फोरम ने भी कक्षा 6,7,8,9 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक छात्र को रु1100/= प्रदान करने की घोषणा की। कार्यक्रम में श्री राज कुमार जैन (कोषाध्यक्ष), श्री सत्येन्द्र कुमार जैन, कार्यकारिणी सदस्य की बिशेष उपस्थिति रही।

## Gurgaon Unit: 12.01.2020

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के गुरुग्राम यूनिट की वार्षिक बैठक आज दिनाँक 12.01.2020 को भगवान महावीर पार्क जैन मंदिर मे सवेरे 11.00 बजे श्री अशोक जैन जी की अध्यक्षता में हुई । बैठक का शुभारंभ नौ बार णमोकार महामंत्र का उच्चारण तथा महिला सदस्यों द्वारा मंगलाचरण से हुआ ! सभी सदस्यों ने भगवान की भक्ति में मंगल भजन गए ।। सबसे पहले फोरम में शामिल हुए नए सदस्य श्री प्रवीन जैन जी का स्वागत किया गया तथा अभी तक किये गए कार्यों की समीक्षा की गई, तत्पश्चात बैठक में सदस्यों ने आगामी होने वाले कार्यों की सर्व सहमति से स्वीकृति प्रदान की तथा निम्न कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया :-

1. दिनाँक 17.01.2020 को महावीर इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर-12, गुडगाँव में आर्थिक रूप से कमजोर लगभग 100 छात्रों को कॉपी, पेंसिल तथा फलों का वितरण करना!

2. दिनाँक 23.01.2020 को श्री पार्श्वनाथ दिगम्बरजैन मंदिर, जैकब पूरा, गुडगाँव में सायं 6.30 बजे से 48 दीपों से श्री भक्तामर स्तोत्र जी का पाठ कराना ।।

3. अतिशय क्षेत्र जहाजपुर में होने वाले आगामी पंचकल्याणक 31 जनवरी से 7 फ़रवरी, 2020 तक के मध्य एक यात्रा का आयोजन करना, जिसमे पंचकल्याणक में भाग लेने व अन्य तीर्थस्थानों के दर्शन के लिए जाना ।।

4. फोरम के सदस्य श्री D.C. Jain जी के बड़े भ्राता श्री ज्ञान चंद जी जैन के आकस्मिक निधन पर शोक एवं 2 मिनट का मौन रखा गया।

अंत में श्री जिनवाणी माता की स्तुति की गई तत्पश्चात अध्यक्ष श्री पवन कुमार जैन जी ने बैठक में पधारने के लिए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया तथा अल्पाहार के पश्चात सभा का विसर्जन किया गया ।।
राजेश जैन
सचिव

## Gurgaon Unit: 23.01.2020

आज दिनांक 23 जनवरी 2020 को भगवान आदिनाथ जी के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर महावीर इंटरनेशनल स्कूल गुड़गांव के 100 से अधिक बच्चों को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फ़ोरम के गुड़गांव यूनिट द्वारा कापी पैंसिल एवं फल वितरित किए।
आज गुरुवार को देवाधिदेव श्री 1008 ऋषभ देव भगवान के मोक्ष कल्याणक के शुभ अवसर पर जैन मंदिर जी, जैकब पूरा, गुडगाँव में बैंकर्स फोरम कि गुरुग्राम यूनिट द्वारा श्री भक्तामर स्तोत्र पाठ का आयोजन 48 दीपकों के साथ किया गया !! इसमें बड़ी संख्या में सदस्यों ने भक्ति आराधना की !!

## Agra Unit: 25.01.2020

जैन बैंकर्स फ़ौरम आगरा ईकाई के सभी सदस्यो की ओर से 25 जनवरी 2020 को ब्लाइंड स्टूडेंट्स के लीये एक कार्यक्रम दिव्यांग सेवा प्रकल्प के अंतर्गत किया गया जिसकी report प्रस्तुत है:-
नेशनल असोसियेशन फॉर द ब्लाइंड 95 के के नगर सिकंदरा आगरा द्वारा संस्था के दृष्टि बाधित छात्र /छात्राओं के लिऐ आवासीय स्किल डेवेलपमेंट केम्प का आयोजन दिनांक 19-01-2020 से 26-01-2020 तक गंगा गार्डेन निकट नील फ्लोरेंस पर किया गया । जिसमे छात्रों द्वारा क्रिकेट , कबड्डी , दौड़ , लूडो , स्नेक लेडर , गीत- संगीत एवं डांस आदि मेँ बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया गया । अखिल

भारतीय जैन बेन्कर्स फोरम आगरा द्वारा दिनांक 25-01-2020 को छात्रों के बीच जाकर आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज की फोटो पर पुष्प अर्पित किए एवं श्री अरुण रपरिया जी एवं श्री एम सी जैन द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया । मंगलाचरण मेँ दृष्टिबाधित छोटी सी छात्रा डोली द्वारा णमौकार मंत्र प्रस्तुत किया गया एवं श्री के के जैन द्वारा मंगलाचरण गाया गाया ।श्री अरुण रपरिया , अवनि जैन , एम के जैन , मुकेश जैन , के के जैन , जे बी जैन , एम सी जैन आदि ने छात्रों कोअपने हाथों से भोजन परोसा । छात्रा कृष्णा द्वारा गुरुवर मेँ क्या करू एवम छात्र मोहम्मद जावेद उस्मानी द्वारा जैन परिचय पर गीत प्रस्तुत किए गए । AIJBF द्वारा 25तारीख के भोजन हेतु रु 5500/-की धनराशि संस्था के खाते मेँ निफ्ट द्वारा प्रेषित की गई है । राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अरुण रपरिया जी एवं प्रचार मंत्री श्री एम सी जैन द्वारा एक एक हजार रु की धनराशि अपनी तरफ से संस्था को प्रदान की गई है ।

## Agra Unit: 03.02.2020 to 05.02.2020

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम आगरा यूनिट द्वारा एक तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा का आयोजन 3फरवरी से 5 फरवरी 20 तक किया गया। इस धार्मिक यात्रा में 12 लोगों ने अपनी सहभागिता देकर पुण्य लाभ लिया। हमारी यह यात्रा 3 फरवरी को प्रातः 7:00 बजे प्रारंभ हुई। सर्वप्रथम भुसावर जिला भरतपुर में चमत्कारी श्री 1008 श्री आदिनाथ भगवान के दर्शन किए। बताया जाता है कि इस प्रतिमा जी के गर्दन पर पहले 3 ओम के निशांन थे लेकिन अब केवल एक ही महसूस होता है, प्रतिमा जी के सीने पर दो सिंह के निशान प्रतीत होते हैं एवं नाभि के पास पिंडी दिखाई देती है। उस पिंडी के अंदर चक्रेश्वरी देवी की आकृति दिखाई देती है। इस प्रतिमा जी के दर्शन मात्र से सभी आधि व्याधि दूर हो जाती हैं। यहां से चलकर हम लोग श्री महावीर जी पहुंचे और श्री महावीर स्वामी जी की अतिशय कारी प्रतिमा के दर्शन करने के बाद शाम को श्री पदमपुरा जी, जयपुर पहुंचकर श्री 1008 पदम प्रभु भगवान के दर्शन और आरती कर रात्रि विश्राम किया। प्रातः 4 फरवरी को पदमपुरा जी में दर्शन, अभिषेक,व पूजन करने के बाद हम यहां से लगभग 15 किलोमीटर दूर नवनिर्मित छोटा गिरनार जी मंदिर के दर्शन किए छोटा गिरनार जी की सुंदरता देखते ही बनती है और इसके बनाने बाली कमेटी और सभी सहयोगियों/ दातारों को साधुवाद देने की प्रेरणा अंतः करण से प्रकट होती है। यहां से हम लोग स्वस्ति धाम, जहाजपुर पहुंचे जहां पर 31 जनवरी से 7 फरवरी तक आचार्य श्री 108 ज्ञान सागर जी महाराज एवं आर्यिका रत्न श्री 105 स्वस्ति भूषण माताजी के सानिध्य में चल रहे पंचकल्याणक में दीक्षा कल्याणक समारोह में सहभागिता दी। आचार्य श्री के दर्शन और प्रवचन का लाभ लिया । सभी सदस्य मंच पर स्थान प्राप्त होने पर भाव विभोर हो गये।पंच कल्याण समिति द्वारा सभी सदस्यों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। यहां पर बने नवीन जिनालय की भव्यता और सुंदरता देखते ही बनती है। नीचे ग्राउंड फ्लोर पर सहस्त्र कूट जिनालय एवं प्रथम मंजिल पर श्री 1008 मुनिसुव्रत नाथ भगवान का मंदिर और द्वितीय तल पर चौबीसी का निर्माण किया गया है। पंचकल्याणक में पंडाल और अन्य व्यवस्थाएं भोजन व्यवस्था बहुत ही सुंदर थी। वहां से चलकर रात्रि विश्राम हम लोगों ने बिजोलिया पारसनाथ में किया। वहां पर सुबह 5 फरवरी को अभिषेक ,पूजन व प्रवचन के साथ ही मुनि श्री 108 सुधासागर जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वहां से चलकर हम लोगों ने केशोरायपाटन में अतिशयकारी श्री 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ भगवान के दर्शन किए। प्रतिमा जी के ऊपर आतातायियौ की गोलियों के निशान स्पष्ट देखे जा सकते हैं। बताया जाता है कि जब प्रतिमा जी के दाहिने पैर के अंगूठे पर उपद्रवियों ने प्रहार किया तो वहां से दूध की तेज धार निकली, जिससे डरकर सभी उपद्रवी भाग गए थे। वहां से चलकर हम लोग सवाई माधोपुर के पास चमत्कार जी पहुंचे। यहां पर श्री1008 श्री ऋषभनाथ भगवान की अतिशयकारी स्फटिकमणी की प्रतिमा के दर्शन वंदन किए। कहा जाता है इस प्रतिमा के नीचे से रुमाल निकल जाता है। वहां से चलकर हम लोग रात करीब 11:30 बजे आगरा पहुंचकर समापन हुआ। इस धार्मिक यात्रा में फोरम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री अरुण कुमार रपरिया जी, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री राजीव कुमार जैन मुंबई, आगरा शाखा के अध्यक्ष श्री एमके जैन अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य श्री आजाद कुमार जैन एवं प्रचार मंत्री श्री महेश चंद जैन ने अपने परिवारों सहित पुण्य लाभ लिया।

## Gurgaon Unit: 06.02.2020 to 10.02.2020

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुडगाँव यूनिट द्वारा पांच दिवसीय धार्मिक यात्रा का आयोजन दिनांक 6 फ़रवरी से 10 फ़रवरी, 2020 तक किया गया ! इस यात्रा के अंतर्गत नारेली, जहाज़पुर, चांदखेड़ी, बिजोलिआ, पदमपुरा, सांगानेर आदि जैन तीर्थ क्षेत्रो के दर्शन का लाभ प्राप्त हुआ ! जिसमे परम पूज्य आचार्य श्री 108 ज्ञान सागर जी महाराज के सानिध्य में हुए भव्य पंचकल्याणक महोत्सव जो की जहाजपुर में दिनाँक 31 जनवरी से 7 फ़रवरी, 2020 तक हुआ है, उसमे मोक्ष कल्याणक दिवस पर सबको दर्शन लाभ मिला तथा आचार्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया !! इस विषय को ध्यान में रखते हुए धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया था, कि इस यात्रा में सहभागी होने पर श्री 1008 भगवान मुनिसुब्रत नाथ के दर्शन करने का एवं नव निर्मित विशाल जहाज मंदिर देखने का सौभाग्य प्राप्त होगा तथा विशाल पंचकल्याणक महोत्सव में सम्मिलित होने का धर्म लाभ मिलेगा तथा साथ ही साथ आचार्य श्री के दर्शन एवं आशीर्वाद का भी सुवर्ण अवसर प्राप्त होगा !!इस यात्रा में सर्व श्री सोम प्रकाश जैन, ओम प्रकाश जैन, अनिल जैन, पवन कुमार जैन, राजेश जैन, नरेश जैन, आदेश जैन, डी. पी. जैन आदि सदस्यों ने सपरिवार सहित कुल 27 व्यक्तियों ने उत्साह पूर्वक यात्रा का आनंद लिया साथ ही साथ श्री जी का अभिषेक एवं शांति धारा करके पुण्यार्जन किया ! तथा पदमपुरा जी में सामूहिक रूप से शांति विधान कर धर्म लाभ लिया **

## Kota Unit: 09.02.2020

आज दिनांक 09.02.2020 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, कोटा यूनिट के बैनर तले आयोजित रक्तदान शिविर में 63 व्यक्तियों ने रक्तदान किया।

## Jaipur Unit: 09.02.2020

जैन बैंकर्स फोरम जयपुर यूनिट के सम्मानित सदस्य श्री महावीर प्रसाद जैन AGM CBI द्वारा आज 09.02.2020 को Senior Secondary School Jhilai में 40 पौधों का पौधारोपण किया गया. -बी एल जैन, अध्यक्ष

## Sagar Unit: 23.02.2020

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम की सागर यूनिट का गठन दिनांक 23/02/2020 को राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री श्री सनत जैन खजूरिया के मुख्य आतिथ्य एवं श्री विजय जैन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य की उपस्थिति में किड्जी स्कूल nehanagar सागर के प्रांगण में समपन्न हुआ।कार्यकृम की अद्यक्षता बरिष्ट बैंकर श्री लाल चंद जैन स्टेट बैंक ने की ।जिसमे सर्व सम्मति से श्री वीरेंद्र प्रधान अध्यक्ष, श्री राजेश सिंघई सचिव, श्री अशोक सेठ कोषाध्यक्ष, श्री के.सी. जैन एवं श्री हीरालाल जैन संरक्षक, श्री डी के जैन ब संतोष जैन उपाध्यक्ष,प्रियंक जैन सह सचिव, श्री अमित जैन संगठन मंत्रीएवं राजेश जैन प्रचार मंत्री पद पर चुने गए। केंद्रीय पर्यवेक्षक श्री सनत जैन खजूरिया ने बैंकर्स फॉरम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि फोरम का मुख्य उद्देश्य सभी जैन बैंकर्स साथियों के मध्य आपसी सौहार्द,सहयोग की भावना के साथ समाज के प्रति हमारे दायित्व निर्वहन के वारे में अवगत कराया।नवीन कार्यकारिणी ने संस्था के उद्देश्यों के प्रति जागरूक रहकर समाज सेवा के क्षेत्र में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की शपथ ली।उपरोक्त के अतिरिक्त श्री रजनीश जैन, नितेश जैन,राजकुमार जैन,राजेन्द्र कुमार जैन की उपस्थिति सराहनीय रही।अंत मे श्री राजेश सिंघई में सभी का आभार व्यक्त किया।आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की जयकारा के साथ सभा समाप्त की गई।

### THA Ghaziabad Unit: 04.03.2020

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद के सदस्यों द्वारा एक धार्मिक यात्रा टूर 2 दिन के लिए सिद्धांत तीर्थ शिकोहाबाद श्री तिजारा जी एवं अष्टापद तीर्थ मानेसर के लिए आयोजित किया, जिसमें 8 सदस्यों से भाग लिया।

## Kota Unit: 14.03.2020

प.पू. आचार्य श्री 108 शांतिसागर जी महाराज (छाणी) परम्परा के षष्ठपट्टाचार्य परम् पूज्य सराकोद्धारक श्री 108 ज्ञानसागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में आज दिनाँक 14 मार्च शनिवार को अखिल भारतवर्षीय जैन बैंकर्स सम्मेलन श्री जैन जनउपयोगी भवन,आरोग्य नगर , कोटा पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त एवं वर्तमान में कार्यरत 250 बैंक कर्मियों के अतिरिक्त सकल दिगम्बर जैन समाज कोटा के अध्यक्ष श्री विमल जैन, नांता, संरक्षक श्री राज मल पाटोदी, कार्याध्यक्ष श्री जे के जैन एवं श्री प्रकाश बज उपस्थित रहे। अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की कोटा इकाई द्वारा आयोजित कॉन्फ्रेंस में कोटा, बूंदी, बारा, झालावाड़ आदि स्थानों के जैन बैंकर्स सम्मलित हुए। आगन्तुकों का स्वागत करते हुए जैन बैंकर्स फोरम कोटा यूनिट के अध्यक्ष श्री प्रकाश जैन ठोरा ने बैंकर्स फोरम द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों एवं कोटा इकाई द्वारा की जा रही गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसी अवसर पर 80वर्ष के 11 बुजुर्ग बैंक साथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैंकर्स फोरम के केंद्रीय उपाध्यक्ष श्री आर के जैन ने संगठन की उपयोगिता बताते हुए सूचित किया कि पूरे देश में 40000 बैंक कर्मचारी वर्तमान में 25 इकाइयों के माध्यम से कार्य कर रहें हैं श्री जैन ने आगे बताया कि आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट गाज़ियाबाद द्वारा 1200 निर्धन जैन छात्रों को रु 70 लाख का अनुदान प्रदान किया जा चुका है। कार्यक्रम में संघस्थ अनिता दीदी ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि समाज को संघटित होकर प्रिवेडिंग जैसी कुरीतियों को दूर करने के समुचित प्रयास करने चाहिए। आचार्य श्री ने अपने आशीष वचनों में संगठन द्वारा किये जा रहे कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान विपदा कोरोना से जैनियों के शाकाहारी होने से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है। फोरम के कोटा यूनिट के साथी सर्वश्री के सी जैन, एसके जैन, वी एस जैन, वी के जैन, अशोक जैन आदि सभी साथियों ने कार्यक्रम मे अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। सचिव श्री महावीर कुमार जैन ने कार्यक्रम मे पधारे सभी महानुभवों का आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुरुचि जैन द्वारा किया गया।

### Ghaziabad Unit: 03.04.2020 & 06.04.2020

In view of problems faced by daily workers in nationwide lockdown, Ghaziabad Unit distributed 400 food packets to these needy workers on 03.04.2020. In this noble cause Shri V.K. Jain CBI and Shri Sunder Lal Jain CBI had cooperated. 100 food packets were distributed among needy people on 06.04.2020 on behalf of our EC member of unit Sh. Y. K. Jain CBI.

### Lalitpur Unit: 08.04.2020

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स यूनिट ललितपुर के सदस्यों ने भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती के अवसर पर कोरोना महामारी से प्रभावित लोगों की सहायतार्थ ₹11111/ का चैक जैन समाज के अध्यक्ष श्री अनिल जैन अंचल एव डॉ अक्षय तरैया के माध्यम से शासन को भेजने हेतु प्रदान किया । इसमे श्री सनत जैन खजुरिया, रमेश जैन,अरुण रापरिया,गौरव जैन,अमन जैन,महिपाल जैन,विजय जैन,अशोक जैन,नरेंद्र जैन,केवल चंद जैन,सी के जैन,अंकित जैन मोहित जैन,सुरेंद्र सिंघई,सुप्रिया जैन,नेहा जैन,प्रियंक जैन अनुभव जैन व पीयूष जैन का सहयोग रहा।

## Hisaar Unit: 10.04.2020

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स यूनिट हिसार के सदस्यों ने कोरोना महामारी से प्रभावित लोगों की सहायतार्थ ₹14000/ की राशि जैन समाज के सचिव श्री राजीव जैन के माध्यम से बना हुआ भोजन भेजने हेतु दिए ।इसमें श्री ओम प्रकाश जैन पी एन बी, श्री चेतन जी पी एन बी, श्री अनिल जैन पी एन बी, सुनील जैन SBOP, पदम जैन पी एन बी, अशोक जैन पी एन बी, सुनील जैन पी एन बी, सुरेश जैन पी एन बी एवं विवेक जैन बंधन बैंक का सहयोग रहा ।

## Lalitpur Unit: 23.04.2020

जैसा कि आप सभी को विदित है कि भगवान महावीर जयंती के अवसर पर दो प्रतियोगिता आयोजित की गई थी ।

15 वर्ष से 40 वर्ष तक -- निबंध प्रीतियोगिता एवं

5 से 15 वर्ष तक --कहानी/कविता

निबंध प्रतियोगिता में 6 प्रतिभागियों के निबंध प्राप्त हुए जिनका निर्णय श्रीमती कल्पना जैन,प्रधानाचार्य श्री सुधासागर कन्या इंटर कॉलेज से कराया गया जिसका परिणाम निम्नलिखित है:-

प्रथम -श्रीमती अनामिका जैन

द्वितीय -कु अनु जैन

तृतीय -कु अंशी जैन

सान्तवना परुस्कार: 1- कु सुप्रिया जैन 2 श्रीमती नेहा जैन 3 श्री नितिन जैन

कहानी/कविता

प्रथम - कु तथानशी जैन

द्वितीय -कु रक्षिता जैन

उपरोक्त सभी विजेताओं को शीघ्र ही आकर्षक पुरुस्कार प्रदान किये जायेंगे।

सभी प्रतियोगियो को बहुत बहुत धन्यवाद।

## Ghaziabad Unit: 26.04.2020

Unit Ghaziabad has provided financial support to needy Jain family in Noida of Rs. 5000/- today. In this noble cause following members have cooperated our unit.

V. K. Jain CBI 5000/-.

Unit Ghaziabad has also distributed 100 food packets to the needy people on the eve of Akshay Tritiya at Kavi Nagar Jain Mandir Ghaziabad. We are thankful to our following members for their cooperation in this noble cause.

Sh. Ashok Jain Central Bank

Sh. Satish Jain Central Bank

## Sagar Unit: 28.04.2020

हमें सूचना प्राप्त हुई थी कि एक जैन परिवार सागर मध्य प्रदेश में रहता है भोजन व्यवस्था में दिक़्क़त है । चौका लगाते हैं ।उनका खाता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में है जिससे उनके बारे में पूर्ण जानकारी बैंक स्तर पर प्राप्त की जा सकती है।

यह संदेश हमारे द्वारा अपनी जैन बैंकर सागर शाखा को यथासंभव सहायता के लिए प्रेषित किया गया।

सागर शाखा के श्री राजेश सिंहई द्वारा इस पर त्वरित एक्शन लेते हुए उस व्यक्ति की खोज की गई और जैन समाज एवं जैन बैंकर के सदस्यों के माध्यम से यथासंभव सहायता उपलब्ध कराई। सागर के श्री राजेश सिंघई एवं अन्य सभी सदस्यों को इसके लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

जेके जैन

राष्ट्रीय महासचिव

## THA Ghaziabad Unit: 01.05.2020

तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट जिसकी स्थापना की घोषणा जैन बैंकर फोरम के प्रथम वार्षिक अधिवेशन 2013 में की गई थी एवं 1 जनवरी 2014 को रजिस्टर्ड कराकर विधिवत शुरुआत की गई थी। इस ट्रस्ट के माध्यम से पिछले तीन-चार वर्षों से हम ऐसे दो जैन परिवारों को स्कॉलरशिप प्रदान कर रहे थे जिनकी आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी । इस कोरोना महामारी के विकट समय में हमारे द्वारा उन दोनों परिवारों से संपर्क स्थापित किया गया एवं उनकी कुशलक्षेम पूछी गई। दोनों ही परिवार बहुत आर्थिक संकट में थे अतः हमारे द्वारा इन दोनों परिवारों की आर्थिक सहायता ट्रस्ट एवं जैन Jain banker forum ट्रांस हिंडन गाजियाबाद के सदस्यों द्वारा की गई।

इस पुनीत कार्य में सहायक बनने वाले सभी फोरम एवं trust के सदस्यों का मैं हृदय से धन्यवाद एवं हार्दिक आभार प्रकट करता हूं।

जेके जैन

राष्ट्रीय महासचिव

## Ghaziabad Unit: 06.05.2020

We are pleased to advise that Ghaziabad unit has provided financial support to needy two Jain families in Noida of Rs. 5000/-each on 1st May & one on today. Entire contribution of Rs.10000/- is contributed by Shri V. K. Jain, Secretary of Ghaziabad unit.

## Ghaziabad Unit: 15.05.2020

Unit Ghaziabad today has provided financial support to two Jain families of Ghaziabad for Rs. 7500/- in COVID19 pandemic lockdown. Total financial support provided by the Ghaziabad unit till now is for Rs. 12500/- to 3 families. We are thankful to our members for their financial cooperation in this noble cause.

S. K. Jain SBI President V. K. Jain CBI Secretary

## East Delhi Unit: 16.05.2020

इस कोरोना महामारी के विकट समय में निकटवर्ती क्षेत्रों के पीड़ित एवं जरूरतमंद जैन परिवारों को आर्थिक सहायता एवं राशन आदि की व्यवस्था करने में जैन बैंकर फोरम के माध्यम से सहयोग प्रदान किया जा रहा है हमारा प्रयास होता है कि हमें जिस क्षेत्र का आवेदन जरूरतमंद जैन परिवार का प्राप्त होता है हम उसी क्षेत्र की अपनी जैन बैंकर यूनिट को वह आवेदन प्रेषित करते हैं ताकि उनके द्वारा सही आकलन कर जरूरतमंद जैन परिवार की आर्थिक सहायता की जा सके। इस संबंध में हमें एक आवेदन ईस्ट दिल्ली के जैन परिवार का प्राप्त हुआ था जिसे हमारे द्वारा जैन बैंकर ईस्ट दिल्ली यूनिट को प्रेषित किया गया। आज उनके द्वारा उस जरूरतमंद जैन परिवार के खाते में आर्थिक सहायता जमा कर उन्हें सहायता प्रदान की है। इसके लिए मैं जैन बैंकर ईस्ट दिल्ली यूनिट के अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार जैन एवं सचिव श्री प्रदीप कुमार जैन एवं उनके सभी टीम सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूं इस पुनीत कार्य के लिए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

जेके जैन

महासचिव

## Ghaziabad Unit: 16.05.2020

Unit Ghaziabad has able to do some noble activities during COVID19 lockdown with the coordination of its members.

1. Distribution of food packets-

800 food packets were distributed among needy people with the help of Sh. Jambu Prasad Jain of Saurabh Sagar Seva Sansthaan Ghaziabad on 04/04/20, 06/04/20, 12/04/20, 26/04/20: Total cost of Rs. 16000/-

2. We have provided financial support of Rs. 12500/- to three Jain families.

We're thankful of following members for their financial support for the above noble cause:-

Sunder Lal Jain CBI
V. K. Jain CBI
Y. K. Jain CBI
Ashok Jain CBI
Satish Jain CBI
S. K. Jain SBI
Subhash Kr. Jain All. Bank
D. K. Jain CBI
M. C. Jain OBC
Umesh Jain OBC
P. K. Jain CBI
Richa Jain Syndicate BK
Praveen Jain BOI
S. C. Jain BOI
Amarendra Jain ICICI
R. K. Jain BOB
Anil Jain CBI

3. Besides above, contribution of Rs. 8000/- was directly remitted to PMCARES fund by Sh. Vijay Jain SBI, Shri M. C. Jain OBC, Shri Umesh Jain OBC, Shri V. K. Jain CBI on appeal of our unit.

S. K. Jain SBI president
V. K. Jain CBI secretary

**Jaipur Unit: 22.05.2020**

विश्व व्यापी कोरोना महामारी के निवारण हेतु *भगवान शांति नाथ के जन्म , तप व मोक्ष कल्याणक के अवसर पर महासंकट की इस घड़ी में फ़ोरम के सदस्यों द्वारा अपने अपने घर पर रोग, भय निवारण व विश्व शान्ति हेतु शान्ति महा मंत्र जाप का आयोजन गुरुवार दिनांक 21 मई, 2020 को प्रातः 7 बजे से सायं 7 बजे तक किया गया। प्रातः ६.४५ बजे फ़ोरम के सचिव भाग चन्द जैन मित्रपुरा व उपाध्यक्ष पदम बिलाला ने अपने अपने घर पर भगवान शांति नाथ पूजा व विधान कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। इसके साथ ही महा मंत्र ॐ ह्रीं शांतिनाथाय जगत शांतिकराय सर्वापद्रवशांति कुरु कुरु ह्रीं नमः* का जाप प्रातः ठीक सात बजे से घरों पर रोग भय निवारण व विश्व शांति हेतु शुरू हो गए। जाप में १५१ सदस्य परिवारों की सहभागिता से बारह घंटे के समय में २११००० शांति मन्त्र जाप किए गए। फ़ोरम के अध्यक्ष बाबू लाल जैन ने सदस्यों को प्रोत्साहित किया।

रात्रि ७ बजे शांति नाथ भगवान की आरती सभी के घरों पर जाप के बाद की गयी व जाप विसर्जन का कार्य प्रचार सचिव कमलेश पांड्या द्वारा मंत्रोचारण कर किया गया । शान्तिमंत्र जाप हेतु परिवारों से सम्पर्क व समन्वय का कार्य सुनील काला व जी एल जैन ने संरक्षक यू एम सांघी व प्रदीप जैन लाला के मार्ग दर्शन में किया । फ़ोरम के केंद्रीय सचिव श्री जे के जैन दिल्ली ने इस महायज्ञ की सराहना की ।

भागचन्द जैन
सचिव

**Agra Unit: 25.05.2020**

कल दिनांक 24-05-2020 दिन रविवार को शाम 4:00 बजे एक धार्मिक प्रतियोगिता का आयोजन Jain Banker Agra के व्हाट्स अप पर किया गया । इसमें निम्न सदस्य विजयी रहे :-

1) प्रथम स्थान
(क) श्री कमल कुमार जैन, बैंक ऑफ इंडिया 100% अंक
(ख) श्री शशांक जैन, भारतीय स्टेट बैंक 100% अंक
2) द्वितीय स्थान
(क) श्री दीपक जैन, पंजाब नेशनल बैंक 88% अंक
(ख) श्रीमती आरती जैन, पंजाब नेशनल बैंक 88% अंक
3) तृतीय स्थान
(क) श्री राज कुमार जैन, पंजाब नेशनल बैंक 84% अंक

**Bhopal Unit: 25.05.2020**

एक माली जो संगीत एवं ढोलक वादन से अपनी आजीविका चलाता था, का भोपाल यूनिट द्वारा खाद्य सामग्री एवं आर्थिक सहायता प्रदान कर उसकी इस कोरोना महामारी के समय सहायता प्रदान कर पुण्य अर्जन प्राप्त किया। इसके लिए भोपाल यूनिट के सचिव श्री प्रभात गोयल जी एवं यूनिट के सभी सदस्यों को हम हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रकट करते हैं।

जेके जैन, महासचिव

**Ghaziabad Unit: 07.06.2020**

Unit Ghaziabad organized Zoom meeting today for its members in which Sh. J. K. Jain, Rashtriya Mahaamantri also participated and encouraged us for further activities of the Ghaziabad unit.

**Jaipur Unit: 13.06.2020**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की जयपुर युनिट की ओर से दिनांक 13.06.2020 को रात्रि 8.00 से 9.00 बजे तक एक webinar का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया.जिसमें भारी संख्या में सदस्यों ने भाग लिया. Webinar की चर्चा में अधिकांश सदस्यों ने बहुत ही बढ चढ कर हिस्सा लिया. सफलतापूर्वक Webinar सम्पन होने पर सभी माननीय सदस्यगण को बहुत बहुत बधाई, विशेष रूप से श्री कमलेशजी जैन, पाण्ड्या, को जिन्होंने बहुत ही अल्प समय में (मात्र 30 मिनट में) webinar की व्यवस्था कर सभी सदस्यों को online किया. साथ ही मैं श्री प्रदीप जी जैन साहब संरक्षक ,श्री भाग चंद जी जैन मंत्री, श्री पदम चंद जैन बिलाला उपाध्यक्ष, श्री सुनिलजी काला, शुश्री गुन्जन जैन को बहुत बहुत बधाई जिन्होंने अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं कार्ययोजना प्रस्तुत की.

**ABJBF: 17.06.2020**

हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री के के जैन जी का श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन श्रुत संवर्धिनी महासभा में राष्ट्रीय संयुक्त कोषाध्यक्ष के रूप में नियुक्ति हम सभी के लिए अत्यंत गौरव का विषय है. श्री के के के जैन जी को इस उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं साधुवाद.

जेके जैन
महासचिव

**THA Ghaziabad Unit: 21.06.2020**.

राष्ट्रसंत सराकोउद्धारक 108 आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज जी के पावन सानिध्य में आज वेबीनार के माध्यम से अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा लघु व्यवसाय एवं लघु उद्योगपतियों के हेतु संगोष्ठी का आयोजन किया गया. सभा का शुभारंभ करते हुए यूनिट के अध्यक्ष श्री केवीएस जैन ने सभा में सम्मिलित हुए सभी उद्यमियों एवं व्यवसायियों एवं जैन banker forum के सदस्यों का स्वागत किया एवं आभार प्रकट किया। श्रीमती कमलेश जैन द्वारा मंगलाचरण का पाठ किया गया। वंदनीय अनीता दीदी ने भी इस अवसर पर अपना सुंदर उद्बोधन दिया। यूनिट के सचिव श्री अभिषेक जैन ने यूनिट की उपलब्धियों और किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर बोलते हुए forum के राष्ट्रीय महासचिव श्री जे के जैन ने बताया कि अभी केवल 1 सप्ताह पूर्व ही आचार्य श्री के सानिध्य में आयोजित वेबीनार सभा में यह निर्णय लिया गया था कि फोरम की शाखाओं द्वारा लघु उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों के लिए सरकार द्वारा घोषित तीन लाख करोड़ पैकेज का उन्हें किस प्रकार से लाभ प्राप्त हो सकता है का संगोष्ठीयो के माध्यम से उन्हें जानकारी दें। इतने कम समय में ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा इसका आयोजन करना वास्तव में उनके लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जिसके लिए शाखा के सचिव श्री अभिषेक जैन, अध्यक्ष श्री केवीएस जैन एवं शाखा यूनिट के सदस्यों को हार्दिक बधाई प्रदान करता हूं। उन्होंने बताया की फोरम की विभिन्न यूनिटों द्वारा समय-समय पर इसी प्रकार की संगोष्ठी का आयोजन कर जैन समाज के व्यवसायियों की बैंकिंग समस्याओं का निदान किया जाता रहता है एवं उन्हें बैंकिंग योजनाओं का ज्ञान प्रदान किया जाता रहता है। उन्होंने कहा कि ऐसे अनेक उदाहरण है जहां व्यवसायियों को बैंकिंग संबंधी समस्याएं आई और उनका निराकरण हमारे उच्च अधिकारियों द्वारा समय-समय पर व्यक्तिगत रूप से कराया गया।

इस अवसर पर कोटक महिंद्रा बैंक के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट श्री अभिषेक जैन द्वारा सरकार द्वारा घोषित तीन लाख करोड़ पैकेज के बारे में विस्तृत जानकारी सभी को दी. श्री R.C LODHA जी जोकि सेंट्रल बैंक से कार्यकारी निदेशक पद से सेवानिवृत्त है के द्वारा 50000 करोड़ के equity fund package एवं 20 हजार करोड़ के सपोर्टेड Debts पैकेज के बारे में विस्तृत जानकारी दी। श्री सुख सागर जी जैन जोकि गाजियाबाद में SME शाखा में सहायक महाप्रबंधक है ने Contact less lending एवं पीएसबी लोन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके बाद सभा में उपस्थित उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों के द्वारा महसूस की की गई समस्याओं का भी पूर्ण रूप से समाधान किया गया। इस अवसर पर गाजियाबाद के उद्योगपति एवं तीर्थंकर आदिनाथ ट्रस्ट के महासचिव श्री नवीन जैन, बलबीर नगर के एक्सपोर्टर एवं वहां के जैन मंदिर के अध्यक्ष श्री अचल जैन ने कोरोना महामारी के मध्य इस प्रकार की वेबीनार के माध्यम से आयोजित सभा को एक बहुत ही सफलतम प्रयास बताया एवं आयोजकों का इसके लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर अपने आशीष वचन देते हुए आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज ने कहा कि जीवन एक कला है हमें उसे सुंदर बनाना है। करोना महामारी के दौरान वासना एवं कामनाओं से ऊपर उठकर दूसरों की एवं दीन दुखियों की सेवा कर अपने जीवन को सुंदर बनाना है। महावारी में अनेक समस्याएं आएंगी परंतु उसमें भी हमें मुस्कुराना है। हमें संत महात्मा नहीं बनना अपितु एक अच्छा इंसान बनना है। सभी में एक क्षमता है उसका उपयोग करें एवं समाज के विकास में योगदान दे। उन्होंने कहा कि आज की वेबीनार सभा अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा एक सुंदर प्रयास है इस वेबीनार के माध्यम से मुख्य वक्ताओं श्री आरसी लोधा जी, श्री एसएस जैन जी एवं ट्रांस हिंडन गाजियाबाद यूनिट के सचिव श्री अभिषेक जैन जी द्वारा सरकार द्वारा घोषित योजनाएं लघु उद्यमियों एवं व्यवसायियों हेतु किस प्रकार लाभदायक है , के बारे में विस्तार से जानकारी दी जिससे निश्चित रूप से सभा में उपस्थित अनेकों उद्योगपतियों एवं व्यवसायियों को इसका लाभ प्राप्त हुआ होगा एवं उन्हें मार्गदर्शन मिला होगा एवं उनकी समस्याओं का समाधान हुआ होगा। आगे भी इन योजनाओं का उन्हें लाभ प्राप्त हो ऐसे प्रयास करते रहना चाहिए। इसी प्रकार की सभाएं फोरम की अन्य शाखाओं द्वारा भी आयोजित की जानी चाहिए ताकि देश के सभी भागों में जैन समाज के उद्यमियों एवं व्यवसायियों का इन योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। आचार्य श्री ने कहां की सभा के सुंदर आयोजन के लिए राष्ट्रीय महासचिव श्री जे के जैन एवं ट्रांस हिंडन गाजियाबाद के सचिव श्री अभिषेक जैन को बहुत-बहुत साधुवाद एवं आशीर्वाद प्रदान करता हूं।

अंत में फोरम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री बीसी जैन द्वारा सभा में उपस्थित सभी व्यवसायियों उद्योगपतियों एवं फोरम के सदस्यों का ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापित किया एवं आभार व्यक्त किया गया। सभा का सफल संचालन श्री अभिषेक जैन यूनिट सचिव द्वारा किया गया.

**Sagar Unit: 30.06.2020**

वैश्य महासम्मेलन के संरक्षक सेंट्रल बैंक के मैनेजर श्री राजेश सिंघई जी को कोरोना के संकट काल मे उत्कृष्ट सेवाओं के लिए एवं जरूरतमंदों को उनकी धन आपूर्ति के लिए लीक से हटकर बढ़-चढ़कर उनकी मदद करने के लिए वैश्य समाज सेवी सम्मान से सम्मानित किया गया.... हार्दिक बधाई.

श्री राजेश सिंघई जी जो अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की सागर शाखा के सचिव भी हैं को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किए जाने पर बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.

## Ghaziabad Unit: 11.07.2020

Unit Ghaziabad has provided financial support to needy Jain family for Rs. 2500/-. Till now our unit has provided financial support to four Jain families for Rs. 15000/-. We once again thankful to our members who have given us financial contribution in this noble cause.

## Ghaziabad Unit: 18.07.2020

Unit Ghaziabad has helped two Jain weaker section students (one girl and one boy) by providing scholarship through Tirthankar Aadinath educational trust for total of Rs. 30000/- . We're thankful to trust for providing financial support to the needy students.

## Ghaziabad Unit: 23.07.2020

Unit Ghaziabad has distributed fruits and Bisleri water bottle in combined hospital, Sanjay Nagar Ghaziabad for approx. 90 patients. Sh. S. K. Jain our president has taken initiative and liaison with the hospital authority for this noble cause. We're very much thankful to him. We appreciate our members support to the unit in the activities of the unit. Once again we're thankful to each and every member of the unit.

## Ghaziabad Unit: 26.07.2020

Unit Ghaziabad has organized a prashnottari on 26.07.2020 Sunday on the occasion of Parasnath Nirwan Divas with the motivation of Aacharya Shri Gyaan Sagar ji Maharaj.

We received answers from 15 participants. Our Panel of Judges have declared following candidate as Top 3 :-

Pratham - Smt. Neera Jain, Crossing Republic 9540927487

Divitya- Smt. Rita Jain, New Gandhi Nagar 9899404151

Tritiya- Sh. R. P. Jain, SB-31 Shastri Nagar 9560154443

We're thankful to all the participants for their interest shown in forum's program.

P. K. Jain SBI Sanyojak V. K. Jain CBI Secretary

## THA Ghaziabad Unit: 30.07.2020

आज दिनांक 30 जौलाई 2020 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रान्स हिण्डन यूनिट गाजियाबाद द्वारा परम पूज्य आचार्य श्री 108 शांति सागर जी महाराज (छाणी ) के समाधी हीरक वर्ष (2019-20) एवं आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के 33 वें वर्षा योग के उपलक्ष्य में श्री महावीर वाटिका वसुंधरा में 33 पौधों का वृक्षारोपण प्रातः 9 बजे किया गया. कार्यक्रम में केन्द्रीय कार्यकारिणी से श्री जे के जैन (सचिव),श्रेयांस जैन(कोषाध्यक्ष), श्री वी सी जैन(संगठनमंत्री) एवं हमारे साथी श्री अभिषेक जैन ,श्री प्रदीप जैन, श्री सुखसागर जैन आदि महानुभावो ने हिस्सा लिया !

के वी एस जैन, अध्यक्ष अभिषेक जैन, महामंत्री गजेन्द्र कुमार जैन, कोषाध्यक्ष

## Lalitpur Unit: 16.08.20

जैन अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर के सौजन्य से बृहद बृक्षरोपन कार्यक्रम श्री वर्णी जैन कॉन्वेंट स्कूल में सम्पन्न किया गया जिसमें आम की प्रजातियों, चीकू एवं आमला आदि फलदायी बृक्ष रोपित किये गए।कार्यक्रम में श्री सनत जैन खजुरिया, विजय जैन, रमेश जैन गदियाना,महिपाल जैन, गौरव जैन,चंद्र कुमार जैन,सुरेंद्र सिंघई,केवल चंद जैन आदि सदस्यो की उपस्थिति रही।

सनत जैन खजुरिया

अध्यक्ष।

## ABJBF: 16.08.20

आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज जी की प्रेरणा से रक्षाबंधन पर निबंध लेखन प्रतियोगिता के परिणाम आ गए हैं. निर्णायक मंडल को देश के विभिन्न भागों से कुल 800 प्रविष्टियां प्राप्त हुई थी

जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय एवं 11 सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। हमारी शाखाओं द्वारा

फिरोजाबाद शाखा से 08 प्रविष्टियां

ललितपुर शाखा से 06 प्रविष्टियां

कोटा शाखा से 05 प्रविष्टियां

जयपुर शाखा से 02 प्रविष्टियां

नोएडा शाखा से 03 प्रविष्टियां

आगरा शाखा से 01 प्रविष्टि
प्राप्त हुई थी। जिन्हें हमारे द्वारा निर्णायक मंडल को प्रेषित कर दी गई थी। उनके द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार हमारी ललितपुर शाखा की कुमारी अन्नू जैन को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है जिसके लिए ललितपुर शाखा एवं कुमारी अनु जैन को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं।
जेके जैन
महासचिव

## Agra Unit : 22.08.2020

आगरा शाखा ने आज वृक्षारोपण का कार्य किया जिसमें श्री अवनी कुमार जैन परिवार ने पाँच वृक्ष रोपित किये .इस माह में शाखा द्वारा कुल २५ वृक्ष रोपित किये गये .

## THA Ghaziabad Unit: 22.08.2020

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा आयोजित बैंकिंग संगोष्ठी में बोलते हुए श्री आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज ने कहा कि हमें विभिन्न शासकों के आदेशों का पालन करते हुए जहां जैसी व्यवस्था हो उसी के अनुसार हमें पर्यूषण पर्व को मनाना चाहिए। आज इस महामारी के दौरान हमें चिंतन करने आवश्यकता है कि किस प्रकार हम विवेक का इस्तेमाल करते हुए इस महामारी से बाहर निकल सकते हैं। आज ऑनलाइन पूजा एवं अभिषेक सभी की पूर्ण रूप से व्यवस्था है तो जहां जैसी व्यवस्था हो उसी के अनुसार हम पर्यूषण पर्व पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाएं। उन्होंने कहा कि आज की संगोष्ठी में सभी वक्ताओं ने अपने विचार बहुत अच्छी तरह से रखें एवं निश्चित ही सभी श्रोताओं को इसका लाभ अवश्य मिला होगा। शंका समाधान में उठाए गए प्रश्नों को देखते हुए मैं समझता हूं कि इस प्रकार के आयोजन फोरम की अन्य यूनिटों में भी किए जाने की आवश्यकता है इसलिए उन्होंने फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव से आशा व्यक्त की कि देश में के विभिन्न भागों में कार्यरत अन्य शाखाओं में भी इस प्रकार के कार्यक्रम किए जाएंगे ताकि वहां के स्थानीय निवासियों को भी इसका लाभ प्राप्त हो सके।
राष्ट्रसंत सराकोउद्धारक 108 आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज जी के पावन सानिध्य में 22 अगस्त 2020 को वेबीनार के माध्यम से अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन किया गया।
सभा का शुभारंभ करते हुए यूनिट के अध्यक्ष श्री केवीएस जैन ने सभा मे उपस्थित सभी व्यवसायियों प्रोफेशनल एवं जैन बैंकर सदस्यों का स्वागत किया एवं आभार प्रकट किया। श्रीमती मंजू जैन द्वारा मंगलाचरण का पाठ किया गया। यूनिट के सचिव श्री अभिषेक जैन ने यूनिट की उपलब्धियों और किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी बैंकिंग संबंधित ज्ञान हेतु संगोष्ठी तीन बार पूर्व में भी आयोजित की जा चुकी है ।
इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री के के जैन उदयपुर द्वारा अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम अपने फोरम के माध्यम से सरकारी सरकार द्वारा घोषित विभिन्न योजनाओं तक को जन-जन तक पहुंचाएं ताकि इस महामारी के दौरान वह इन योजनाओं का लाभ ले सके। राष्ट्रीय महासचिव श्री जे के जैन ने अपने संबोधन में बताया कि ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा पहले भी इसी प्रकार की banking संगोष्ठी का तीन बार आयोजन किया जा चुका है परंतु इस महामारी के दौरान इस प्रकार का आयोजन करना वास्तव में उनके लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जिसके लिए शाखा के सचिव श्री अभिषेक जैन, अध्यक्ष श्री केवीएस जैन एवं शाखा यूनिट के सदस्यों को हार्दिक बधाई प्रदान करता हूं।
बैंकिंग संगोष्ठी में सर्वप्रथम श्री एसएस जैन AGM, SME गाजियाबाद शाखा द्वारा ऋण योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने विशेष रूप से मुद्रा लोन, स्टैंड अप इंडिया ऋण योजना जोकि विशेष रूप से sc-st एवं वूमेन Enterprenure द्वारा नए उद्योग लगाने हेतु ऋण योजना है , एवं SME गोल्ड लोन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।
ग्रह ऋण के बारे में जानकारी देते हुए श्री अरविंद कुमार जैन, AGM, RO, AGRA ने कहा फ्लैट खरीदते समय कुछ सावधानियां अवश्य बरतनी चाहिए उन्होंने बताया कि यदि हम गृह ऋण लेने की आवश्यकता नहीं भी महसूस कर रहे हो तो भी हमें कुछ गृह ऋण अवश्य लेना चाहिए इससे हमें बैंकों के माध्यम से उस फ्लैट के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त हो जाती है कि वह सभी प्रकार से ठीक है या नहीं। गृह ऋण के माध्यम से हम बाद में या बीच में टॉप अप लोन की सुविधा भी प्राप्त कर सकते हैं। इस कोरोना महामारी के दौरान हमें इंश्योरेंस की सुविधा का भी उपयोग करना चाहिए।
श्रीमती विनीता जैन शाखा प्रबंधक बरोला नोएडा के द्वारा एजुकेशन लोन एवं बैंक की डिजिटल सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया की शिक्षा ऋण में Rs.7.50 तक के लोन पर किसी भी गारंटी की आवश्यकता नहीं है। डिजिटल सुविधा के अंतर्गत उनके द्वारा विशेष रूप से Yono सुविधा की विशेष रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से हम घर बैठे सभी प्रकार की सुविधाएं प्राप्त कर सकते हैं यहां तक कि घर बैठे बिना कार्ड के हम कैश भी प्राप्त कर सकते हैं।

Forum के राष्ट्रीय महासचिव श्री जे के जैन द्वारा मृतक खातों (Deceased A/cs) के Settlement के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के खातों के Settlement में वारिसों को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हम यदि कुछ सावधानियां बरतें तो इन सब चीजों का निपटान बहुत ही आसानी से किया जा सकता है।

संगोष्ठी में समस्याओं के समाधान के मध्य श्रीमती तरंग जैन जो कि दिल्ली यूनिवर्सिटी में लेक्चरर है, Er. सुशील जैन, श्री संतोष कुमार एवं CA संजय जैन ने कहा कि आज कि यह संगोष्ठी अत्यंत संदेशआत्मक रही एवं बैंकिंग संबंधी काफी योजनाओं के बारे में उन्हें विस्तार से जानकारी प्राप्त हुई उनके द्वारा अपनी बैंकिंग संबंधी समस्याएं भी रखी गई जिनका उपस्थित बैंकिंग विशेषज्ञों द्वारा पूर्ण रूप से समाधान किया गया।

इस अवसर पर अपने आशीष वचन देते हुए आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज ने कहा कि करोना महामारी के मध्य इस प्रकार के आयोजन निश्चित रूप से एक सुंदर प्रयास है इससे समाज के विभिन्न वर्गों को अपनी दिन प्रतिदिन की बैंकिंग समस्याओं का निदान करने में सुविधा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास हमें फोरम की अन्य शाखाओं के द्वारा भी देश के विभिन्न भागों में किए जाते रहने चाहिए। आचार्य श्री ने सभा के सुंदर आयोजन के लिए केंद्रीय एवं ट्रांस हिंडन गाजियाबाद के पदाधिकारियों को बहुत-बहुत साधुवाद एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

अंत में फोरम के राष्ट्रीय तकनीकी मंत्री श्री विमल कांत जैन द्वारा सभा में उपस्थित सभी व्यवसायियों प्रोफेशनल एवं फोरम के सदस्यों का ह्रदय से धन्यवाद ज्ञापित किया एवं आभार व्यक्त किया गया।

सभा का सफल संचालन श्री अभिषेक जैन यूनिट सचिव द्वारा किया गया।

## <u>Ghaziabad Unit: 08.10.2020</u>

Ghaziabad Unit had distributed fruits, biscuits and namakeen at Government Covid Hospital, Sanjay Nagar Ghaziabad for approx. 60 patients on 8.10.2020. Following members had made their contribution in this noble cause.

Sh. Vijay Jain SBI, Sh. J. P. Jend CBI, Sh. P. C. Dawar CBI, Sh. V. K. Jain CBI, Sh. Munish Jain PNB/OBC, Ms. Richa Jain Syndicate Bank/CAN Bank.

Agra Unit: 31.10.2020

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम के सदस्यों द्वारा आचार्य श्री शांति सागर जी छानी महराज के 132 वे अवतरण दिवस पर श्री क्षेत्रपाल जी मंदिर में सामूहिक पूजन एवं आरती का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया ततपश्चात सभी ने मंदिर जी प्रांगण में विराजमान आचार्य 108 श्री आर्जव सागर जी महाराज का आशीर्वाद ग्रहण किया । कार्यक्रम में श्री सनत जैन खजुरिया श्री रमेश जैन,श्री विजय जैन,श्री गौरव जैन ,श्री केवल चंद जैन, श्री अशोक जैन,श्री महिपाल जैन,श्री सौरभ जैन आदि की सहभागिता रही।

हम अवगत कराते है कि दिनांक 31-10-2020 को परम पूज्य प्रशांत मूर्ति आचार्य श्री 108 शांति सागर "छाणी" जी महाराज के 132 वे अवतरण दिवस पर अखिल भारतीय जैन बैंक फोरम, आगरा शाखा के सदस्यों द्वारा निम्न कार्यक्रम किए गए:-

1) परम पूज्य प्रशांतमूर्ति आचार्य श्री 108 शांति सागर "छाणी" जी महाराज का पूजन, आरती व भजन,

2) तुलसी जी व गिलोय के वृक्ष का घर पर वृक्षारोपण तथा

3) परम पूज्य प्रशांतमूर्ति आचार्य श्री 108 शांति सागर जी महाराज छाणी के जीवन चरित्र एवं उनके उपदेशों एवं श्री 1008 भगवान महावीर जीवन चरित्र एवं उनके उपदेशों पर आधारित वस्तुनिष्ठ प्रश्नौ के माध्यम से प्रतियोगिता।

इस प्रतियोगिता में निम्न सदस्य विजयी घोषित किये गये:-

1) प्रथम स्थान

(क) श्री राजीव जैन (सेन्ट्रल बैंक) व

(ख) श्री कमल कुमार जैन (बैंक ऑफ इंडिया),

2) द्वितीय स्थान

श्री अरुण कुमार जैन रपरिया (स्टेट बैंक),

3) तृतीय स्थान

(क) श्री प्रदीप कुमार जैन (पंजाब बैंक) व

(ख) श्रीमती आरती जैन (पंजाब बैंक) तथा

4) चतुर्थ स्थान

(क) श्री राज कुमार जैन (पंजाब बैंक) व

(ख) श्री शशांक जैन (स्टेट बैंक)

## Lalitpur Unit: 31.10.2020

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम के सदस्यों द्वारा आचार्य श्री शांति सागर जी छानी महराज के 132 वे अवतरण दिवस पर श्री क्षेत्रपाल जी मंदिर में सामूहिक पूजन एवं आरती का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया ततपश्चात सभी ने मंदिर जी प्रांगण में विराजमान आचार्य 108 श्री आर्जव सागर जी महाराज का आशीर्वाद ग्रहण किया । कार्यक्रम में श्री सनत जैन खजुरिया श्री रमेश जैन,श्री विजय जैन,श्री गौरव जैन ,श्री केवल चंद जैन, श्री अशोक जैन,श्री महिपाल जैन,श्री सौरभ जैन आदि की सहभागिता रही।

सनत जैन खजुरिया अध्यक्ष रमेश जैन मंत्री

## Kota Unit: 31.10.2020

14. समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान
15. समाज के या अन्य जरूरत मंद व्यक्तियों की यथानुरूप सहायता ।
16. धार्मिक यात्राओं का आयोजन।
17. धार्मिक शिविर / पाठशालाएं चलाने में सहायता ।
18. ) तीर्थंकर आदिनाथ - तीर्थंकर महावीर पर बच्चों एवं महिलाओं में आलेख एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित करना ।
फोरम की वर्तमान में 7 राज्यों में 32 इकाइयां है । सभी ब,ड़े राज्यों के बड़े शहरों में फोरम की इकाईयां गठित की जानी है ।
इसी उद्देश्य एवं गतिविधियों को दृष्टिगत रखते हुए मुंबई महानगर जहां देश का सबसे अधिक जैन समाज हैं, फोरम का गठन होना समाज हित में अत्यावश्यक है ।
मैं अभी जयपुर से मुंबई आया हुआ हूं एवं 16/05/23 तक यहां हूं ।
इस संदेश के माध्यम से यह आग्रह किया जाता है कि ठाकुर विलेज/ कॉम्प्लेक्स के आसपास कोई भी जैन बैंकर , या मुंबई में कहीं भी सेवा निवृत या कार्यरत एवं दिगंबर या श्वेतांबर कोई भी हो, निम्न मोबाइल नंबर पर इस कार्य योजना हेतु मुझसे संपर्क करें ।
मुंबई में जैन बैंकर्स फोरम का गठन करना है ।

भागचंद जैन
सेवा निवृत सहा. महा प्रबंधक एसबीआई
अध्यक्ष अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर इकाई
मोब नंबर 99509 99339

All India Jain Bankers Forum*
Need for formation of Jain Bankers Forum in Mumbai
All India Jain Bankers Forum was formed at national level on 23/06/2013 in Bahubali Enclave New Delhi in the holy presence of Acharya Gyan Sagar Ji Maharaj.
The purpose of formation of Jain Bankers Forum is to solve the banking related problems of the society and to cooperate in religious and social works. Bankers are connected with all the people/departments and similarly it is inevitable for all the people and departments to be connected with the banking sector. Therefore, in getting any kind of work done, the banking sector can easily play a leading role and make good use of its potential.
The Forum currently has 32 units in 7 states. Units of the Forum are to be formed in all the big cities of the big states.

Keeping this purpose and activities in mind, the formation of a forum is necessary in the interest of the society in the city of Mumbai, which has the largest number of Jain communities in the country.
I have just come from Jaipur to Mumbai and am here till 16/05/23.
Through this message, it is requested that any Jain Banker around Thakur Village / Complex or retired or working anywhere in Mumbai and Digambar or Shwetambar, may contact me for this action plan on the following mobile number.
Jain Bankers Forum is to be formed in Mumbai.
Bhagchand Jain
Retired Asst. general manager sbi
President All India Jain Bankers Forum Jaipur Unit
Mob No. 99509 99339
जय जिनेन्द्र ।
उक्त संदेश मुंबई के की कुछ ट्रस्ट कमेटियों के माध्यम से सर्कुलेट किया गया है । इस ग्रुप में भी मुंबई का कोई जानकर जैन बैंकर हो तो शेयर करे ।

## Satna Unit: 14.05.23

सतना यूनिट द्वारा जैन बैंकर्स फोरम को गति प्रदान करने के लिए विचार-विमर्श हेतु एक अति आवश्यक बैठक रविवार 14 मई को प्रात: 9 बजे वासुपूज्य मन्दिर, सतना में आहुत की गई। सामूहिक अभिषेक, पूजन, शान्तिधारा के बाद सामान्य सभा सम्पन्न हुई । भोपाल यूनिट के सक्रिय कार्यकर्ता शीलचन्द्र जी द्वारा प्रेरणादायी उद्बोधन भी दिया गया।

## Ghaziabad Unit: 22.05.23

Ghaziabad unit has displayed posters for educational loan and assistance in banking related problems in all the local Jain mandir in Ghaziabad for benefit of the Jain community.
S.K.Jain President V.K.Jain Secretary

## Jaipur Unit: 24.05.23

आज श्रुत पंचमी है । यह कटु सत्य है कि सभी जैन कहलाने वाले विरासत में प्राप्त जैन उपनाम का जीवन भर अपने हित में उपयोग करते है । आज कृतज्ञता प्रकट करने का दिन है । जिस शास्त्र के लिपिबद्ध होने के कारण ही हम जैन धर्म को जी रहे है, उसके बारे में थोड़ी बहुत जानकारी तो हम तथाकथित बुद्धिजीवी, चिंतको होनी ही चाहिए ।
एक जैन बैंकर्स के रूप में कुछ प्रयास किया है कि प्रतियोगिता के माध्यम से न्यूनतम वांच्छित धर्म से संबंधित ज्ञान वर्धन हो ।
अब आपकी सुविधा के लिए श्रुत पंचमी पर एक जैन बैंकर्स द्वारा संकलित आलेख जो राजस्थान राज्य एवं केंद्रीय स्तर पर मुंबई से प्रकाशित समाचार पत्रों -
1) दैनिक भास्कर,
2)राजस्थान पत्रिका,
3)इकोनॉमिक टाइम्स मुंबई (Economic Times English),
4) पंजाब केसरी,
5) दैनिक नव ज्योति,
6) समाचार जगत,
7) शाबास इंडिया और भी अन्य पत्रों में प्रकाशित आलेख, धर्म ग्रंथो को पढ़कर श्रुत पंचमी पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सहभागिता प्रदान करने की चेष्टा करें ।
समयावधि आज रात्रि 9.00 बजे तक ही है , फिर भी रुचि प्रकट करने पर प्रतियोगिता का समय बढ़ाया जा सकता है ।
जैन बैंकर्स के अतिरिक्त अखिल भारतीय स्तर पर इस प्रतियोगिता की अच्छी प्रतिक्रिया है ।
प्रश्नोत्तरी को पढ़कर ही अपना मंतव्य व्यक्त कर सकता है ।

## Jaipur Unit: 25.05.23

जैन बैंकर्स के लिए गौरव के क्षण

जैन बैंकर्स की हर क्षेत्र में उपयोगिता एवं प्रभुत्व दिखाई दे रहा है । हमारी सवाई माधोपुर इकाई के सचिव श्रीमान प्रेमचंद जी जैन को टोंक जिले का लोकपाल नियुक्त किया गया है । श्री प्रेमचंद जी को बहुत बहुत बधाई एवं अपने नवीन कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं ।

टीम जयपुर जैन बैंकर्स

**Jaipur Unit: 26.05.23**

श्रुत पंचमी के अवसर पर राजस्थान जैन साहित्य परिषद, जयपुर के संयोजन में दिनांक 24/05/2023 को बड़ा जैन मंदिर, दड़ा, जौहरी बाजार, जयपुर से आगम ग्रंथ शटखंडागम को रथ में विराजमान करके एक रथ यात्रा, विशाल जुलूस के साथ शुरू होकर संघी जी के मंदिर, मनिहारों का रास्ता में धर्म सभा के साथ समापन हुआ । मुझे इस रथ यात्रा में जिनवाणी सेवक के रूप में रथ में शटखंडागम महा ग्रंथ के चरणों में सेवा का अवसर प्राप्त हुआ । यहां यह उल्लेखनीय है की मूल रूप से यह अवसर श्री पदम चंद जी जैन, सदस्य जैन बैंकर्स फोरम जयपुर, शांतिनगर, जयपुर को प्राप्त था लेकिन किसी कारणवश उन्होंने यह पुण्यार्जन मुझे प्रदान किया । सादर आभार ।

इस त्रिदिवसीय कार्यक्रम में श्री पदम बिलाला की भी सहभागिता थी ।

भागचंद जैन मित्रपुरा

अध्यक्ष अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर

**Jaipur Unit: 26.05.23**

श्रुत पंचमी के अवसर पर जयपुर में आयोजित त्रि-दिवसीय कार्यक्रम (22/5 से 24/05/23 तक) में यह उल्लेखनीय है कि निम्न जैन बैंकर्स की सक्रिय सहभागिता रही -

1) श्रीमान ताराचंद जी सोगानी (84) बीओबी- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ;

2) श्रीमान पदम चंद जी सेठी सीबीआई ( जिनवाणी सेवक);

3) श्रीमान पदम चंद जी बिलाला, सीबीआई,

4) श्रीमान राजेंद्र जी पापड़ीवाल आईसीआईसीआई,

5) भागचंद जैन एसबीआई (जिनवाणी सेवक)

**Bhopal Unit: 26.05.23**

जैन संस्कार शिविर शाहपुरा मंदिर में आज का बच्चो को जलपान जैन बैंकर्स फोरम भोपाल की और से रहा. सभी प्रसिक्षार्थी बच्चो का मनोबल बड़ाने हेतु सभी को पुरस्कार वितरण भोपाल शाखा द्वारा दिनांक 2जून को किया जाएगा.

**Satna Unit: 28.05.23**

पूज्य आचार्य दयासागर जी महाराज का जैन बैंकर्स फोरम, सतना के पदाधिकारियों को आगवानी, पाद प्रक्षालन और आरती करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आचार्य श्री की आगवानी करते संरक्षक पण्डित सुरेशचन्द्र जी,अध्यक्ष सतीश जैन और सचिव अशोक चौधरी सपरिवार

**Ghaziabad Unit: 29.05.23**

New karyakarini members of Akhil Bhartiya Jain Bankers forum Ghaziabad unit declared in the meeting of 27.05.23 Saturday for the period 2023-26.

| | |
|---|---|
| President | Sh.S.K.Jain SBI |
| Vice President | Sh.Munish Chand Jain PNB |
| Secretary | Sh.V.K.Jain CBI |
| Joint secretary | Sh.S.C.Jain.BOI |
| Treasurer | Sh.Satish Jain CBI. |

E.C.Members Sh.Subash Kumar Jain Indian bank

Sh.Pramod Jain PNB

Sh.Umesh Jain PNB

Sh.Sandip Jain BOB

**Agra Unit: 30.05.23**

दिनांक 21 मई 2023 रविवार को दिगंबर जैन मंदिर गंगेगौरी बाग, बलकेश्वर में जैन बैंकर्स फोरम के तत्वाधान में बैंकिंग परामर्श शिविर का आयोजन फोरम के कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजीव जैन की अध्यक्षता में किया गया जिसमें बहु संख्या में स्त्री/पुरुषों ने भाग लिया। दीप प्रज्वलन से शिविर का शुभारंभ हुआ। दीप प्रज्वलन मंदिर के अध्यक्ष श्री राजेंद्र जैन एडवोकेट ने किया। तत्पश्चात मंगलाचरण श्री अवधेश जैन ने किया। उपस्थित सभी महिलाओं/पुरुषों का तिलक,पटका तथा माला पहनाकर स्वागत किया गया। तदापुरांत मंत्री ने उपस्थित, जैन समाज के लोगों को आमंत्रित किया कि वे अपनी समस्याओं को समाधान एवं सुझाव हेतु फोरम के समक्ष रख सकते हैं। श्री महेश जैन ,मारुति एस्टेट ने बैंको के करंट अफेयर्स पर अपने विचार प्रकट किए ।फोरम के मंत्री जे बी जैन ने भी लॉकर, फिक्स डिपोजिट एवं नॉमिनेशन के बारे में अपने विचार रखे कि भविष्य की समस्याओं से बचने के लिए जमा कर्ताओं को क्या क्या सावधानियां रखी जानी चाहिए। इस सभा में उपस्थित लोगों ने एटीएम, करेंट अकाउंट,नकद रोकड जमा आदि के बारे में अपने अपने प्रश्न पूछे तथा फोरम की तरफ से श्री अवनि जैन ,राजीव जैन, ,महेश जैन, राजेंद्र जैन,अवधेश जैन,सत्येंद्र जैन ने सभी की शंकाओं का संतोषजनक समाधान किया। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम 1 घंटे से अधिक समय तक चला।

उसके पश्चात बैंकर फोरम के सदस्यों की मासिक साधारण सभा आयोजित की गई जिसमें मंत्री द्वारा पिछली मीटिंग की कार्यवाही पढ़कर सुनाई गई तथा स्वास्थ्य शिविर जो कि 2 अप्रैल 2023 को जैन मिलन महान आगरा के संयुक्त प्रयासों से नुनिहाई जैन मंदिर में आयोजित किया गया था, उसका आय-व्यय का विवरण विस्तृत रूप से रखा गया तथा 3 अप्रैल को महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर जल एवं फ्रूटी वितरण व्यय का विवरण भी सदन में रखा गया दोनो विवरणों की सदन द्वारा सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। मंत्री ने सुझाव दिया कि फोरम को गौशाला के लिए भी चारा इत्यादि के लिए सहयोग करना चाहिए। इसके लिए सभी ने एकमत से अपनी स्वीकृति प्रदान की।

श्री महेश जैन ने अपना सुझाव दिया शिक्षा के क्षेत्र में जो आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है उसके लिए एक अलग से शिक्षा फंड बनाया जाना चाहिए। इस पर विस्तृत चर्चा के बाद निर्णय लिया गया की अलग से फंड की कोई आवश्यकता नहीं है। केस टू केस बेसिस पर शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता सभी के सहयोग से प्रदान की जाती है एवं यही व्यवस्था आगे भी जारी रखी जाए।मंत्री ने सदस्यों से अनुरोध किया कि सभी लोग आपसी सहमति से निश्चित की गई मासिक राशि का यथाशीघ्र भुगतान करें ताकि सामाजिक कार्यों को गति प्रदान की जा सके।

शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता हेतु कुमारी भव्या जैन एवं आराध्या जैन गांव पुरामना,तहसील किरावली, का आवेदन प्राप्त हुआ है। उनके पिता पारस जैन से फोन पर बात की गई तथा उनके द्वारा बताया गया कि जुलाई तक फीस जमा करनी है।मंत्री के अनुसार फोरम द्वारा पहले ही उनसे कॉलेज के बैंक खाते की विवरण डिटेल मांगी है ताकि दोनों बच्चियों की फीस कॉलेज के बैंक खाते में ट्रांसफर की जा सके।

श्री अवधेश जैन ने सुझाव दिया कि एक धार्मिक यात्रा (सुबह से लेकर शाम तक वापसी ) की जाए। इसके लिए टूर ले जाने पर चर्चा हुई लेकिन कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका। अध्यक्ष राजीव जैन ने अपना सुझाव दिया कि बरही, बरासो, भिंड,शौरीपुर, बटेश्वर, बाह की यात्रा एक दिन में हो सकती है।

प्रतिभाशाली छात्रों के सम्मान करने पर निर्णय लिया गया कि

a. H.school/Intermediate क्लास के छात्रों /छात्राओं जिन्होंने 90% या अधिक नंबर प्राप्त किए हैं।

b. ग्रेजुएशन में 80%या अधिक नंबर प्राप्त किए हैं ।

C. प्रोफेशनल के लिए कोई अंक बाध्यता नहीं

उपर्युक्त कैटेगरी में आने वाले सदस्यों के पुत्र,पुत्री,नाती/नातिन,धेवते/धेवती सम्मान के पात्र होंगे।।

अंत में अध्यक्ष द्वारा सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया। संचालन मंत्री जे बी जैन द्वारा किया गया। मीटिंग की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजीव जैन द्वारा की गई। स्वल्पाहार के लिए मंदिर की प्रबंध कमेटी को धन्यवाद दिया गया इस तरह सभा विसर्जित हुई।।

जे बी जैन, मंत्री

## Jaipur Unit: 30.05.23

मालवीय नगर संभाग द्वारा दि. 29/05/23 को परिंडा लगाने एवं परिंडा वितरण कार्यक्रम में जैन बैंकर्स का प्रतिनिधित्व रहा:

1.आयोजक श्री अजीत कुमार जैन

2. श्री राजेंद्र पापड़ीवाल

3. भागचंद जैन मित्रपुरा

## Jaipur Unit: 01.06.23

अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी प्रबंधकारिणी समिति ने विभिन्न व्यवस्था समितियों में निम्न जैन बैंकर्स को सम्मिलित किया है :

1. भागचंद जैन - स्टोर व्यवथा समिति

2. श्री राजेंद्र पापड़ीवाल - मंदिरान एवं संत निवास व्यवस्था समिति श्री धनु कुमार जैन पहले से ही आर्थिक सहायता व्यवस्था समिति से जुड़े हुए है ।

## Bhopal Unit: 01.06.23

कल दिनांक 01 जून 2023 दिन गुरुवार को श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, शाहपुरा भोपाल में श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का अंतिम दिन था और समापन के अवसर पर फोरम की ओर सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरष्कृत किया गया। फोरम के उपाध्यक्ष श्री आनंद सराफ और सचिव श्री प्रभात गोयल द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया, 42बच्चो को विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत किया गया, इसके पूर्व भोपाल फोरम के सदस्यों की मीटिंग की गई जिसमे, त्रिमासिक सामान्य मीटिंग और माह जुलाई में व्रछारोपण करने का संकप्ल लिया गया, सभी सदस्यों का आभार.

## Jaipur Unit: 06.06.23

05/06/2023 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दुर्गापुरा गौ शाला में एसबीआई एएमएल एवं सीएफटी कॉरपोरेट ऑफिस, जयपुर द्वारा वृक्षारोपण का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाप्रबंधक(G M) एवं छः उप महा प्रबंधक(DGM) सहित पूरे स्टाफ की सहभागिता थी । श्री प्रदीप जैन, एजीएम, की पहल पर एसबीआई के एक्स स्टाफ के रूप में भागचंद जैन, पूर्व सहायक महा प्रबंधक एवं श्री राकेश जैन, पूर्व मुख्य प्रबंधक कार्यक्रम में सहभागी थे ।एएमएल एवम् सीएफटी में कार्यरत श्री प्रदीप जैन एजीएम एचआर; श्री पवन काला प्रबंधक, एसबीआई ने जैन बैंकर्स फोरम के रूप में ही हमारा परिचय कराया । जीएम एवं डीजीएम महोदय को जैन बैंकर्स फोरम की गति विधियों के बारे में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की गई । उक्त कार्यक्रम हमारी ही पहल पर पहले चूल गिरी में प्रस्तावित था, वहां से मना होने पर दुर्गापुरा गोशाला का प्रस्ताव हमने ही दिया एवं गौ शाला के संचालकों से आरंभिक बातचीत कर इसे कार्यरूप में परिणित करवाया।

**Jaipur Unit: 09.06.23**

विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर 04/06/23 को राष्ट्रदूत हाउस में श्री सुनयन शर्मा, पूर्व निर्देशक, केवलादेव उद्यान द्वारा उनके अनुभव साझा किए गए थे । पर्यावरण रक्षण मुख्य विषय था । 5-6 श्रोताओं ने कुछ प्रश्न भी किए, आदरणीय डी आर मेहता साहब भी इसमें सम्मिलित थे । सभी ने अपने तरीके से प्रश्न किए । जैन बैंकर्स के रूप में मैं भी राष्ट्रदूत ( राष्ट्रदूत में मेरे आलेख संपादकीय के रूप में प्रकाशित होते है) की ओर से आमंत्रितों में से था । प्रश्न करने का मुझे भी अवसर मिला । सार इस प्रकार है :

"हम सभी बात कर रहे है टाइगर कंजर्वेशन की, वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन की । बहुत ही सीधा तरीका है की हम अपनी जीभ का स्वाद छोड़ दे, जानवरों को मारना छोड़ दे, मांसाहार करना छोड़ दे तो वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन स्वयमेव हो जायेगा । किसी को भी ज्यादा प्रयास करने की जरूरत नहीं होगी ।

जानवरों को आपस में लड़ने दो, एक दूसरे का भोजन बनने दो। वे तो जानवर है और हम मनुष्य है, कुछ तो अंतर करना ही चाहिए । दूसरी और अहिंसा पालन केवल जैन धर्मावलंबियों की जिम्मेदारी नहीं है, लिगेसी नहीं है । सभी धर्मो में अहिंसा पालन मुख्य धर्म बताया गया है आदि । "

यंहा मैं यह शेयर करना चाहूंगा कि जैन बैंकर्स का प्रतिनिधि होने नाते जहां कहीं भी अवसर मिलता है हमे अपने धर्म की मूल भावना अवश्य व्यक्त करनी चाहिए, लेकिन पहले स्वयं को पालन करना चाहिए। हम संख्या में कम है, लेकिन काम के है । हमारी बात पर ध्यान दिया जाता है एवम् जल्दी से हमारी बात का कोई विरोध भी नहीं करता है । श्री राजेंद्र जी पापड़ीवाल आईसीआईसीआई ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया था ।

भाग चंद जैन

**Jaipur Unit: 12.06.23**

जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के संरक्षक, दिगंबर जैन महावीर शिक्षा समिति के अध्यक्ष, संयुक्त सचिव श्री महावीर जी कमेटी, पूर्व निदेशक एसबीबीजे श्री उमराव मल संघी के सुपुत्र श्री नवीन संघी को फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया का सदस्य मनोनीत करने पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत का मुख्यमंत्री निवास पर आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करने का दृश्य । जैन बैंकर्स फोरम की ओर से श्री प्रदीप जैन लाला, संरक्षक, श्री पदम बिलाला, श्री राकेश छाबड़ा, श्री सुनील बज, भागचंद जैन आदि भी इस प्रतिनिधि मंडल में सम्मिलित हुए ।

**Jaipur Unit: 16.06.23**

आज दौसा में आचार्य सौरभ सागर जी महाराज- (वर्षाकाल सेक्टर 8, प्रताप नगर), जयपुर एवं भंडाना में आचार्य चैत्य सागर जी महाराज- (वर्षाकाल बाड़ा पदमपुरा, जयपुर) से राजस्थान जैन सभा एवं राजस्थान जैन युवा सभा के अध्यक्ष, मंत्री के साथ जैन बैंकर्स फोरम के प्रतिनिधियों द्वारा जयपुर की ओर विहार हेतु निवेदन किया गया एवं आचार्य द्वय से आशीर्वाद भी प्राप्त किया ।

आचार्य चैत्य सागर जी मुनिराज ने अपने भंडाना प्रवास के दौरान उक्त प्रतिनिधि मंडल को सचेत किया कि समाज में शिथिलाचार अपनी पैठ जमा चुका है, दिखावे की क्रियाओं में हम पूर्ण सक्रिय है । आधारभूत अवसंरचना - हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटीज आदि खोलने की ओर हमने ध्यान नही दिया तो आने वाली पीढ़ियां जैन धर्म से बिल्कुल विमुख हो जाएगी । अत: आवश्यकता है कि तत्काल प्रभाव से इस दिशा में समग्र विचार विमर्श किया जाय।

हम देख सकते है की श्रावको की निष्क्रियता के कारण निष्काम गुरु आचार्यों को जैन धर्म के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अपनी आवाज मुखर करनी पड़ रही है ।

जैन समाज के लिए सोचने का बिंदु आचार्य श्री ने 'ऑन एयर ' कर दिया है ।

**Jaipur Unit: 17.06.23**

श्री महावीर जी प्रबंधन सेवाओं (Management Services) हेतु प्रथम फेज में अधोलिखित जैन बैंकर्स को अवसर प्राप्त हुआ है, हम इनके पुण्यार्जन की अनुमोदना करते है ।

 1. श्री उमराव मल जी संघी - संरक्षक, मुख्य कार्यकारी
 2. श्री सुनील काला, *सचिव*
3. श्री राकेश छाबड़ा (Common with  Shree Veer Sewak Mandal)
4. श्री सुकेश काला
5. श्री नवीन गंगवाल
6. श्री प्रदीप गोधा (Common with  Shree Veer Sewak Mandal)

भाग चंद जैन, अध्यक्ष                                                                    पदम बिलाला, कार्याध्यक्ष

**Jaipur Unit: 23.06.23**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री प्रदीप जैन AGM HR AML CFT Corporate Centre, Jaipur द्वारा एसबीआई स्टाफ सदस्यों को योगाभ्यास कराया गया। श्री प्रदीप जैन बहुमुखी प्रतिभा के धनी  है, बैंक स्तर पर आयोजित 100, 200, 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते रहे है । ये समाज के लिए कुछ भी करने को उत्सुक रहते है ।जैन बैंकर्स फोरम के सक्रिय सदस्य है । जैन बैंकर्स फोरम में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है पहल करने की, समाज हित में उपयोग करने की ।श्री पवन काला, aml cft, सदस्य जयपुर जैन बैंकर्स का इस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग रहा ।

**Bhopal Unit: 04.07.23**

Members of Bhopal Unit distributed food in cancer hospital.

**Gurgaon Unit: 13.07.23**

गुड़गांव यूनिट द्वारा आयोजित धार्मिक प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को प्रशस्तिपत्र दिये गए। यह प्रशस्तिपत्र हमारे यूनिट के सहसचिव श्री डी सी जैन जी द्वारा डिजाइन किया गया। वह बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं . उनके गाये हुए भजन एवं गाने यू ट्यूब पर उपलब्ध हैं.

**Jaipur Unit: 16.07.23**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा रविवार दिनांक 16.07.2023 को ग्राम भारती समिति के पर्यावरण केन्द्र गांधीवन में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। फोरम के 11 सदस्यीय दल ने सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत 101 पौधों का वृक्षारोपित किये। इसी कार्यक्रम के अन्तर्गत आगामी वर्षों में 5000 वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम में जैन बैंकर्स फोरम के अध्यक्ष भाग चंद जैन मित्रपुरा, सुनील काला मंत्री, अशोक जैन आईसीआईसीआई बैंक, निहाल चंद जैन, मुकेश पांड्या, कमल चंद जैन सेवावाले, जितेंद्र जैन, कैलाश चंद जैन, सुरेश जैन, सुरेश बज सहभागी रहे। एन के सेठी का कार्यक्रम में विशेष योगदान रहा। सुश्री सुदीप कौर आईएफएस, जेडीए का पौधे उपलब्ध करवाने में अपेक्षित सहयोग रहा। रुपए 50000/- से अधिक के 5 से 8 फीट ऊंचाई के पौधे उपलब्ध कराए गए। 30 वर्षो से लगातार गांधीवन नर्सरी में भी पौधे तैयार किये जा रहे हैं।

ग्राम भारती समिति की सचिव कुसुम जैन ने बताया कि प्रात: 11.00 बजे सभी गांधीवन में उपस्थित हुये एवं कार्यक्रम का शुभारम्भ गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष किया गया।  वृक्षारोपण हेतु बरगद, पीपल, नीम, गुडहल, कटहल, मीठी नीम, जामुन, आदि विभिन्न ऑक्सीजन रिच प्रजातियों का वृक्षारोपण किया। आज गांधीवन एक घने जंगल का रूप ले चुका है। शुरूआत में यहां एक भी हरा पेड़ नहीं था सिर्फ रेत के टीले थे ।संस्था को इस अनुठे कार्य के लिये राष्ट्रीय / अन्तर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये गये हैं। जिनमें मुख्य रूप से इन्दिरा प्रियदर्शनी वृक्षमित्र पुरस्कार, फोर्ड इण्डिया कम्पनी पुरस्कार एवं जमनालाल बजाज पुरस्कार आदि। गांधीवन परियोजना संरक्षक श्री धर्मेन्द्र जैन, पूर्व पार्षद ललित पारीक, वित्तीय सलाहकार आदि का भी इस कार्यक्रम के आयोजन में योगदान रहा।

| | | |
|---|---|---|
| भागचंद जैन | सुनील काला | पदम बिलाला |
| अध्यक्ष | सचिव | कार्याध्यक्ष |

**Jaipur Unit: 17.07.23**

**पेड़ लगाओ । पर्यावरण बचाओ ।।**

आज ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से सम्पूर्ण जगत चिंतित है । इस समस्या के निवारण हेतु संयुक्त राष्ट्र संगठन द्वारा महासभा आयोजित की गई एवं  स्वीडन के स्टॉकहोम में 5 जून, 1972 को आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा मानव पर्यावरण पर आयोजित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में विश्व पर्यावरण दिवस (World Environment Day) मनाने का निर्णय लिया गया । प्रथम विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1973

को मनाया गया था। तभी से प्रतिवर्ष इसी दिन विश्व पर्यावरण दिवस प्रति वर्ष मनाया जाता है ।ग्लोबल वार्मिंग का मानव जाति पर, पशु पक्षियों पर एवं वनस्पति पर सीधा असर सभी जगह दिखाई देने लग गया है । सब संकट में है । ग्लोबल वार्मिंग का मुख्य कारण जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, मृदा प्रदूषण आदि सभी जगह प्रदूषित वातावरण का फैलाव होना है ।हमारे देश में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्धारित मानक 33.33% वन भूमि के स्थान पर 24.82% वन क्षेत्र है । देश में 3518 करोड़ वृक्ष लगे हुए है । वर्तमान में 1200 करोड़ वृक्ष लगाने की और आवश्यकता है । देश में प्रति व्यक्ति मात्र 28 पेड़ है जबकि प्रति व्यक्ति औसतन 37 वृक्षों की आवश्यकता है ।कनाडा में यही आंकड़ा 8953 वृक्ष एवं संयुक्त राज्य अमेरिका में 699 प्रति व्यक्ति वृक्ष का है ।दूसरी ओर देश में अंतिम संस्कार में प्रति व्यक्ति 5 क्विंटल लकड़ियों की आवश्यकता होती है ।राजस्थान की स्थिति इस मामले में अत्यधिक सोचनीय है । राजस्थान का क्षेत्रफल 3.42 लाख वर्ग किमी है एवम मात्र 4.87% क्षेत्र में अर्थात 16655 वर्ग किमी भूमि पर ही वन क्षेत्र है । यह एक विचारणीय स्थिति है ।हमारे प्रदेश वासियों को तो अत्यधिक संख्या में पौधा रोपण, वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है ।यह ज्ञात होना आवंश्यक हैं कि एक पेड़ 230 लि० ऑक्सीजन छोड़ता है जो 7 व्यक्तियों की आवश्कता की पूर्ति करता है।यह सोचने समझने की आवश्यकता नहीं है कि हमें वृक्षारोपण / पौधारोपण क्यों करना चहिए ।

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के 11 सदस्यों द्वारा दिनांक 16/07/23 को गांधी वन में ग्राम भारती समिति की सचिव श्रीमती कुसुम जैन के सक्रिय सहयोग से सघन पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम को निम्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया

1) राष्ट्रदूत
2) सच बेधड़क
3) दैनिक नवज्योति
4) पंजाब केसरी
5) समाचार जगत
6)जन प्रहरी एक्सप्रेस
7)कलम ए राजस्थान
8) शाबास इंडिया
9) राजस्थान पत्रिका (डाक)
10) अनोखी पत्रिका
11) दैनिक भास्कर

## Jaipur Unit: 18.07.23

जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा 1) झिलाई, निवाई में राजकीय माध्यमिक विद्यालय में एवं 2)नवग्रह जैन मंदिर , वाटिका में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर श्री पुनीत कर्णावट उपमहापौर ने भी सहभागिता की । उक्त दोनों कार्यक्रम जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के अति सक्रिय सदस्य श्री राजेश जैन सहायक महा प्रबंधक आईसीआईसीआई के संयोजन में संपन्न हुए ।श्री ज्ञानेंद्र जैन पूर्व चेयरमैन आरएमजीबी द्वारा सेवा निवृत्ति के तुरंत पश्चात तीर्थराज सम्मेद शिखर जी के दर्शन /वंदना करना एवं महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त करना यह उनकी धर्मानुरूप आचरण की ओर रुझान को दर्शाता है । महाराज श्री के सानिध्य में शांतिधारा एवं सम्मेद।शिखर जी की यात्रा द्वारा किए गए पुण्यार्जन की बहुत बहुत अनुमोदना ।शंका समाधान में उठाई गई जिज्ञासा भी एक समीचीन जानकारी प्रदान करने में उपयोगी जानकारी प्रदान करती है ।

## Lalitpur Unit: 20.07.23

आज दिनांक 20 जुलाई को दिगम्बर जैन संत श्री काम कुमार नंदी जी मुनिराज की नृसंश हत्या के विरोध में संपूर्ण भारत बंद का आह्वान किया गया था। अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ललितपुर यूनिट के सभी सदस्यों द्वारा भी सकल जैन व जैनेतर समाज के हजारों लोगों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंच कर एसडीएम एवम एडीएम को सभी सदस्यों व पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा ।

## Lalitpur Unit: 22.07.23

***जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर द्वारा वृहद वृक्षारोपण एवम फीस वितरण का कार्यक्रम संपन्न पेड़ों की देखभाल की ली शपथ ।***

श्री वर्णी जैन कॉन्वेंट स्कूल ललितपुर के प्रांगण में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर के सौजन्य से वृहद वृक्षारोपण व जरूरत मंद छात्रों को फीस वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।इस मौके पर विभिन्न फलदार प्रजाति के वृक्ष जैसे आम,नीबू, अमरूद व अनार के वृक्ष रोपित किये गए। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष व वर्णी जैन कॉलेज समिति के प्रबंधक श्री सनत जैन खजुरिया ने कहा कि वृक्ष धरा का आभूषण है,यह पर्यावरण को स्वच्छ रखते हैं, इसलिए हर मनुष्य की जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक पेड़ लगाए।श्री महिपाल जैन एवं गौरव जैन ने उनकी देखभाल व संरक्षण की ओर ध्यान आकृष्ट किया। श्री राजकुमार सराफ,दिलीप जैन एवं अशोक जैन ने आश्वस्त

किया कि वह हर माह लगाए हुए वृक्षों का निरीक्षण अवश्य करेंगे। इस अवसर पर संस्था के सदस्य श्री महिपाल जैन,गौरवजैन,राजकुमार जैन,अशोक जैन, सुरेन्द सिंघई,विजय जैन,दिलीप जैन,केवल चंद जैन,सुरेन्द्र सिंघई,विशाल मडवैया,अंकुर जैन, स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती रश्मि बुंदेला,स्नेहलता आचार्य,रतन परमार,सुरेन्द्र जैन, निशिता जैन,हिमानी,निधि,कल्पना,सोनम,दीपा,भारती,परमानंद आदि उपस्थित रहे।अंत मे सनत जैन खजुरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## Ghaziabad Unit: 22.07.23

We feel pleasure to inform you that our Ghaziabad unit has celebrated Tree plantation and artificial limbs donation program at Jiwan asha hospital Muradnagar today 22.07.23 Saturday. Twenty tree planted by our members with their spouse. Four members of our unit had declared donation of Rs.11000/- each in Varshik Adhiveshan on 23.04.23 for artificial limbs:-

1.Sh.A.P.Jain CBI
2.Sh.Vijay Jain SBI
3.Sh.V.K.Jain CBI
4.Sh.Pravin Jain BOI

Today all the four patients have been provided artificial limbs. Today two following members have given consent for artificial limbs for two patients.

1.Sh.Y.K.Jain CBI
2.Sh.Sunder lal Jain CBI

We are thankful to our members for their support and active participation in the unit program. We are hopeful for the same in future.

S.K.Jain, President V.K.Jain , Secretary

## Agra Unit: 24.07.23

दि.23.07.2023,को फोरम की आगरा इकाई की कार्यकारिणी सभा जे बी जैन,मंत्री के निवास 25 राधा विहार,कमला नगर पर आहूत की गई. सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन श्री अरुण रपरिया,संरक्षक द्वारा किया गया I उपाध्यक्ष श्री एम सी जैन, आर्यावर्त बैंक ने बैठक की अध्यक्षता की I मीटिंग का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ I उसके पश्चात मंत्री ने पिछली मीटिंग 21.5.23 की कार्रवाई पढ़कर सुनाई जिसकी पुष्टि की गई I जैसा कि केंद्र ने फोरम के सदस्यों की लिस्ट मांगी है उस पर भी चर्चा हुई कि जिन सदस्यों पर सदस्यता शुल्क, सहयोग राशि बकाया है उसे कैसे वसूल किया जाए I जो राशि बकाया है उसे वसूलने के लिए व्यक्तिगत तौर पर ही सदस्यों से संपर्क करना होगा तभी सही सदस्य संख्या निश्चित हो पाएगी I बहुत से सदस्य काफी दिनों से मीटिंग में नहीं आ रहे हैं उसका कारण भी पता लग जाएगा तथा बकाया राशि की मांग भी हो जाएगी I मेधावी छात्र छात्राएं सम्मेलन के लिए अभी तक मार्कशीट केवल दो लोगों की आई है. जैसा कि मंत्री ने बताया. निर्णय लिया गया की 15 जुलाई अंतिम तारीख से बढ़ाकर इसे 15 अगस्त कर दिया जाए तथा इसके इसके विषय में विज्ञप्ति निकाल दी जाए इसके बाद कोई भी मार्कशीट स्वीकार नहीं की जाएगी I यह भी निर्णय लिया गया कि जो हमारे सदस्य 75 साल या उससे अधिक के हो चुके हैं तथा जिनका पूर्व में सम्मान नही हुआ है उन्हें भी इसी मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाए I इस अवसर पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम भी रखा गया. राधा विहार कॉलोनी में कदंब के पेड़ लगाए गए. जिसमें सभी लोगों ने भाग लिया और निर्णय लिया गया कि वृक्षारोपण कार्यक्रम दुबारा भी किया जा सकता है I अभी वर्षा ऋतु का सीजन है I चुंकि ये बैठक मंत्री के आतिथ्य में बुलाई गई थी, इसलिए जलपान की व्यवस्था उन्ही की तरफ से की गई जिसके लिए उनके परिवारजनों को अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद दिया गया।

## Aligarh Unit: 25.07.23

आज दिनांक 23 जुलाई 2023 को प्रातः 11 बजे पार्श्व भवन बड़ा जैन मंदिर में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की साधारण सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता श्री एस के जैन अध्यक्ष जी ने की | बैठक में 16 सदस्य उपस्थित हुए | बैठक में सर्वप्रथम णमोकार मंत्र का वाचन किया गया. तत्पश्चात पिछली बैठक की कार्रवाई पढ़कर सुनाई गई व अनुमोदन किया गया | बैठक में एजेंडा के अनुसार पिछले 2 वर्षों के सदस्यता शुल्क (100/- प्रति वर्ष) जमा कराने के लिए कहा गया जिसे सभी सदस्यों ने स्वीकार किया| बैठक में आगामी अन्य सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों पर भी विचार किया गया. इस हेतु 300/- प्रति सदस्य सहयोग राशि निर्धारित की गयी | इस संदर्भ में आगामी 23 अगस्त को श्री पार्श्वनाथ भगवान के 2800 निर्वाण महोत्सव पर सासनी गेट गौशाला में एक ट्रॉली चारे की भेंट करने की स्वीकृति प्राप्त हुई | सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वह आगामी 23 अगस्त को प्रातः 10:00 बजे सासनी गेट गौशाला पर अवश्य उपस्थित हो , तत्पश्चात एजेंडा के अनुसार नवीन कार्यकारिणी के गठन पर विचार हुआ जिसमें सर्वसम्मति से श्री अतुल कुमार जैन अध्यक्ष,श्री नीरज

जैन उपाध्यक्ष, श्री नृपेंद्र जैन मंत्री, श्री मुकेश जैन उपमंत्री व श्री विनय जैन कोषाध्यक्ष निर्वाचित किए गए. श्री गिरीश चंद जैन को धार्मिक कार्यक्रम संयोजक एवं फोरम के नवीन सदस्य श्री मयंक जैन को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया | सभी वरिष्ठ सदस्यों को फोरम का संरक्षक मनोनीत किया गया |श्री अनिल कुमार जैन (निवर्तमान कोषाध्यक्ष )द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई |अंत में श्री महावीर स्वामी की जय घोष के साथ सभा की समाप्ति की घोषणा की गई |

अतुल कुमार जैन, अध्यक्ष

## THA Ghaziabad Unit: 06.08.23

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आज दिनांक 6. 8 2023 रविवार को प्रातः 11:00 बजे अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से एक वहृत वृक्षारोपण कार्यक्रम श्री दिगंबर जैन मंदिर सैक्टर 3 वैशाली गाजियाबाद में आयोजित किया जिसमें मुख्य रूप से नीम अशोक शीशम नींबू जामुन आदि के कम से कम 3 फुट ऊंचे पौधे लगाए साथ ही मंदिर के मालि को उनके पोषण की जिम्मेदारी भी दी गई ताकि आने वाले समय में वहां का वातावरण पूर्ण रूप से स्वच्छ, हरा-भरा एवं पर्यावरण मुक्त हो। इस कार्यक्रम में शाखा के 12 सदस्यों ने भाग लिया श्री जे के जैन संरक्षक, श्री विशाल चंद जैन अध्यक्ष, श्री अंकित जैन सचिव, श्री निर्मल कुमार जैन कोषाध्यक्ष, श्री बी एस जैन एसबीआई, श्री अतुल कुमार जैन कोटक महिंद्रा बैंक, श्री अभिषेक जैन कोटक महिंद्रा बैंक संरक्षक, श्री एसपी जैन क्रॉसिंग रिपब्लिक, श्री अभीक जैन एचडीएफसी बैंक, श्री मयंक जैन बर्कले बैंक, श्री एसपी जैन आईसीआई बैंक , श्री श्रेयांश जैन जी आदि। इस अवसर पर श्री दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष श्री महिम जैन जी ने भी अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई एवं वृक्षारोपण करने में सहयोग किया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Jaipur Unit: 07.08.23

**जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा वृक्षारोपण का आयोजन: एक वर्ष में पंचम कार्यक्रम: पेड़ लगाओ । पर्यावरण बचाओ ।।**

दिनांक 06/08/23 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर ने मोहन बाड़ी दिगंबर जैन मंदिर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष लगाकर पर्यावरण रक्षण का आव्हान किया। विश्व जल, वायु, ध्वनि व मृदा प्रदूषण से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से जूझ रहा है। इसके निराकरण हेतु वृक्षारोपण ही एकमात्र सहज और सरल उपाय है। हमारे देश में भी वर्तमान में 1200 करोड़ वृक्ष और लगाने की आवश्यकता है। देश में प्रति व्यक्ति मात्र 28 पेड़ है जबकि प्रति व्यक्ति औसतन 37 वृक्षों की आवश्यकता है। इस समस्या से निपटने हेतु सभी व्यक्तियों का सहयोग आवश्यक है। उपस्थित सभी सहयोगियों ने समय समय पर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने हेतु अपनी भावना व्यक्त की। जैन बैंकर्स की ओर से अध्यक्ष भागचंद जैन मित्रपुरा, मनोरमा जैन, आशीष बाकलीवाल, आशिका जैन, अधीश जैन, कार्याध्यक्ष पदम बिलाला, अशोक जैन, श्रीमती रश्मि जैन, विमल कुमार जैन, राजेंद्र पापड़ीवाल, कोषाध्यक्ष कमल चंद जैन ने वृक्षारोपण किया। इस कार्यक्रम में लगाए गए विभिन्न प्रजातियों के बड़े बड़े पौधे - कचनार, बेलपत्र, गुलमोहर, अनार, चीकू, नीम, शहतूत, जामुन, करौंदा, नींबू आदि महावीर प्रसाद शर्मा, सेवानिवृत प्राध्यापक, श्रीमती निर्मला शर्मा एवं ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी में कार्यरत श्रीमती प्रतिभा शर्मा, अनिता कॉलोनी द्वारा स्वयं के घर में विकसित कर उपलब्ध कराए गए। पार्षद श्री पारस जैन की उपस्थिति एवं उनके द्वारा वृक्षा रोपण ने आयोजको में ऊर्जा का संचार भर दिया। मोहन बाड़ी जैन मंदिर की कार्यकारिणी से राजेंद्र बिलाला, नरेंद्र जैन, राजीव पांड्या, सुभाष जैन, राज कुमार बज, दिनेश जैन, भागेश बिलाला, अजय गोधा, मनोज जैन, मनोज पाटनी आदि ने इस कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग दिया, वृक्षारोपण किया एवं पौधो की देखरेख हेतु आश्वस्त किया।

## Gurgaon Unit: 12.08.23

दिनांक 01 अगस्त 2023 को फोरम की गुरुग्राम यूनिट द्वारा ऑनलाइन, तृतीय धार्मिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सदस्यों ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया ।दिनांक 09/08/2023 को प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को फोरम द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से धर्म के प्रति उत्पन्न जागृति के कारण विभिन्न शास्त्रों और जिनवाणी का अध्ययन करने का मौका मिल रहा है जिसकी सभी सदस्य भरपूर फायदा उठा रहे हैं। अगली प्रतियोगिता इसी माह की 16 तारीख को प्रस्तावित है।

## Bhopal Unit: 13.08.23

कल दिनांक 12अगस्त को भोपाल से 30km दूर अत्यंत रमणिक, प्राचीन अतिशय क्षेत्र श्री भोजपुर में जैन बैंकर्स फोरम भोपाल का मिलन समारोह का सपरिवार आयोजन किया गया जिसमे 26 परिवारों के 60 से अधिक परिवारजनों ने भाग लिया. सुबह 7.30बजे से भगवान

शांतिनाथ का प्रक्षाल और शांतिधारा की उसके उपरांत सभी सदस्यों ने शांति विधान किया 2 घंटे तक सभी सदस्यों ने पूर्ण भाव से विधान किया.विधान उपरांत 10.30बजे से सुस्वादु नाश्ता पोहा, मंगोडी और मावे की जलेबी का भरपूर आनंद लिया. मंदिर के पास ही नव निर्मित गोशाला में व्रक्षा रोपण किया गया अत्यंत सुहाने मौसम और हरियाली ने कार्यक्रम को आनंद दायक बना दिया. व्रक्षा रोपण उपरांत smt Meenakshi Jain द्वारा गेम्स का आयोजन किया गया जिसमे सभी ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और विजेताओं को पौधे उपहार दिए गए. तदुप्रांत सामान्य मीटिंग में पहली बार 75 वर्ष के सभी सदस्यों का सम्मान किया गया, एवम परंपरा अनुसार नवीन सदस्यों और विशेष कार्य करने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया. सदस्यों के बर्थडे सेलिब्रेशन हेतु हमने तीन क्लस्टर बनाकर तीन टीम मैनेजर बनाए जो birthday के दिन सदस्य के घर जाकर बधाई देंगे. किरण फाउंडेशन द्वारा अंगदान देहदान का महत्त्व बताया गया और सीपीआर का डेमोस्ट्रेशन किया गया. तीर्थ संरक्षणी संस्था द्वारा तीर्थ बचाव हेतु गुल्लक प्रदान की गई. अंत में सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया गया और लंच दाल बाफले लड्डू का प्रारंभ हुआ. अंत में ग्रुप फोटो के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

## THA Ghaziabad Unit: 13.08.23

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा आज दिनांक 13 अगस्त 2023 की रात्रि 7:00 बजे से 48 दीप भक्तांमर पाठ का आयोजन श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका वैशाली गाजियाबाद में आयोजित किया गया जिसमें शाखा सदस्यों द्वारा सपरिवार भाग लिया साथ ही इसमें वर्धमान वुमन क्लब के सदस्यों द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया। *कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाखा संरक्षक श्री जेके जैन शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन शाखा सचिव श्री अंकित जैन शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, श्री मयंक कुमार जैन, बर्कले बैंक, श्री अतुल जैन कोटक महिंद्रा बैंक, श्री सुखसागर जैन AGM एसबीआई इंदिरापुरम, श्री अभिक जैन एचडीएफसी बैंक एवं उनके परिवार सदस्यों ने भाग लिया।

| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Jaipur Unit: 18.08.23

जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के संरक्षक एवं अन्य कई संस्थाओं के कार्यकारी श्रीमान उमराव मल जी संघी साहब को Digambar jain samaj bapu nagar sambhag ki kamaan मिली.

## Aligarh Unit: 21.08.23

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम अलीगढ़ शाखा द्वारा दिनाक 20/8/23 को श्री पारसनाथ दिगंबर जैन खंडेलवाल पंचायती मंदिर में भक्ताम्बर पाठ का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 40 सदस्य एवं अन्य धर्मानुरागी बंधु शामिल हुए |

## Gurgaon Unit: 21.08.23

रविवार दिनांक 20 अगस्त, 2023 को गुरुग्राम यूनिट द्वारा प्रातः 11 बजे से श्री सिद्धांत तीर्थ क्षेत्र, शिकोहापुर, गुरुग्राम में निम्नलिखित कार्यक्रम संपन्न किये गए :-----

1 - श्री सिद्धांत तीर्थ क्षेत्र के छात्रावास के 40 बच्चों के लिए धार्मिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन (श्री पार्श्वनाथ भगवान से सम्बंधित प्रतियोगिता). तत्पश्चात 100 अंक प्राप्त करने वाले सभी 13 छात्रों को पुरुस्कार प्रदान किए गए एवं सभी छात्रों को कॉपी, पेन एवं फल वितरित किये गए। (इसका प्रायोजन श्री सोम प्रकाश जी जैन, संरक्षक द्वारा किया गया) 2 - छात्रावास के बच्चों को दोपहर का भोजन कराया गया .तत्पश्चात फोरम के सदस्यों द्वारा सामूहिक भोजन किया गया. ( इस कार्य का प्रयोजन श्री पी के जैन जी, संरक्षक द्वारा किया गया )

3 - वृक्षारोपण का कार्य फोरम के सभी सदस्यों द्वारा किया गया।

4 - *गौशाला में हरा चारा एवं गुड़ का दान सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में 25 सदस्यों ने अपनी सहभागिता प्रदान की एवं बड़े ही उत्साह से सभी कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया! प्रतियोगिता के प्रश्नपत्र एवं आंकलन का दायित्व निम्न महिला सदस्यों द्वारा बड़ी ही निपुणता से संपन्न किया गया :-

1 - श्री मति पुष्पा जैन
2 - श्री मति रेखा जैन
3 - श्री मति प्रभा रानी जैन
4 - श्री मति सुषमा जैन
5 - श्री मति साधना जैन
6- श्रीमती अचला जैन

तत्पश्चात सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद सहित कार्यक्रम समाप्त किया गया!!

आयोजक :
पी के जैन विशिष्ट संरक्षक

सोम प्रकाश जैन, परम संरक्षक
नरेश जैन, SBI, संरक्षक.
पवन कुमार जैन, अध्यक्ष.
राजेश चन्द जैन, सचिव.
डी सी जैन, सह सचिव.
डी पी जैन, कोषाध्यक्ष.

## Lalitpur Unit & Ujjain Unit: 24.08.23

केंद्रीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार दिनांक 23/8/23 को उज्जैन पहुंचकर यूनिट की बैठक यूनिट के उपाध्यक्ष श्री हीरा लाल जी बिलाला के निवास स्थान पर आयोजित की गई। जिसमे यूनिट के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार जैन, उपाध्यक्ष श्री हीरा लाल बिलाला,कोषाध्यक्ष श्री राजेंद्र पापड़ीवाल,वरिष्ठ सदस्य श्री एन के झांझरी,श्री अरविंद कुमार जैन,श्री सुनील जैन आदि मौजूद रहे।मीटिंग का शुभारंभ श्री बिलाला जी ने मंगलाचरण एवं आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के जयकार के साथ किया।
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/यूनिट कोऑर्डिनेटर श्री सनत जैन खजुरिया मीटिंग शुरू करते हुए जैन बैंकर्स फोरम के उद्देश्यों के वारे में विस्तार से अवगत कराया एवं बताया कि उज्जैन यूनिट कार्य अवश्य करती है किंतु रिपोर्टिंग के अभाव में सक्रियता प्रतीत नहीं होती। उन्होंने कहा की यदि समय समय पर यूनिट द्वारा निम्न कार्य किए जाए तो उज्जैन यूनिट सक्रिय यूनिट वन जाएंगी।
1 वृक्षारोपण कार्य संपन्न करना ।
2 शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को स्कूल फीस, ड्रेसेस,पाठ्य पुस्तकें वितरित करना आदि।
3 साधर्मी के लिए बैंकिंग सुविधाएं , सभी प्रकार के बैंक ऋण उपलब्ध जाने में मदद,पेंशन,फैमिली पेंशन,मृत दावों के निस्तारण में मदद,आदि कराना।
4 जैन बैंकर्स फोरम के बैनर तले धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी करना।
5 विभिन्न धार्मिक अवसरों पर स्कूल/पाठशालाओं में निबंध/भाषण प्रतियोगिता आयोजित कर पुरुस्कार वितरण करना ।
6 स्वस्थ शिविरो का आयोजन करना ।
7 धार्मिक स्थल पर टूर
आदि अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित कर हम सक्रिय रह सकते है ।
8 सदस्यों से नियमित वार्षिक शुल्क लेकर उसका 50% केंद्र को भेजने हेतु अनुरोध किया गया।
इस अवसर पर श्री राकेश जैन जी एवं श्री बिलाला जी ने आश्वस्त किया की उनकी यूनिट पूरी सक्रियता के साथ सुझाए गए कार्यक्रमों को संपादित करेगी एवं किए गए कार्यों की रिपोर्ट केंद्र को भेजेगी। यूनिट के वरिष्ठ सदस्य श्री अरविंद जैन साहब ने सुझाव दिया की केंद्र सरकार द्वारा अल्प संख्यक समुदाय के लोगों को छात्र वृति की सुविधा अनुमन्य ही किंतु जानकारी के अभाव में अपनी समाज के लोग इसका लाभ नहीं ले पाते है अत बैंकर्स फोरम के माध्यम से समाज के मध्य इस जानकारी प्रसारित करना उत्तम रहेगा।अंत में आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की जयकारा के साथ मीटिंग समाप्त की गई।
सनत जैन खजुरिया
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष/कोऑर्डिनेटर
ललितपुर

## Gurgaon Unit: 31.08.23

हमारी शाखा के वरिष्ठ सदस्य श्री राकेश जैन एवम श्रीमति रेखा जैन ने " दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान , जम्बूद्वीप, हस्तिनापुर " द्वारा तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के सहयोग से संचालित, एडवांस सर्टिफिकेट इन जैनोलॉजी सेशन 2022 –23 के कोर्स में भाग लेकर उत्तीर्णता प्राप्त कर प्रमाण पत्र हांसिल किया है। गुरुग्राम यूनिट के सभी सदस्य उनकी सफलता, धर्म प्रभावना की सराहना एवं अनुमोदना करते है तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं.
राजेश जैन,सचिव

## Jaipur Unit: 02.09.2023

अतिशा जैन सुपुत्री श्री विमल कुमार जैन R -CM ICICI, टोंक वाले ने 23/09/01 को दिल्ली डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में न्यायाधीश पद पर नियुक्ति होने पर शपथ ली ।

## Gurgaon Unit: 02.09.2023

आगरा एम डी जैन मंदिर जी में चातुर्मास हेतु विराजित मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी मुनिराज को पड़गाहन और आहार चर्या हेतु गुड़गांव जैन बैंकर फोरम की और से महिलाएं श्रीमति साधना जैन और श्रीमति इन्दु जैन ने महाराज जी ने चौके में जाकर पुण्यार्जन का लाभ प्राप्त किया।
राजेश जैन, सचिव

**Gurgaon Unit: 11.09.2023**

हमारी शाखा के वरिष्ठ सदस्य श्री राकेश जैन ने " प्रतिभास्थली ज्ञानोदय विद्यापीठ , डोंगरगढ़ " द्वारा आयोजित वतन की उड़ान, प्रतियोगिता में भाग लेकर सफलता प्राप्त कर प्रमाणपत्र प्राप्त किया!! आपने भारत के इतिहास को जानने एवं अध्ययन में अपनी रुची दिखाई.गुरुग्राम यूनिट के सभी सदस्य उनकी सफलता, राष्ट्र प्रेम की सराहना एवं अनुमोदना करते है तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना करते है।

पवन कुमार जैन, अध्यक्ष

**Gurgaon Unit: 11.09.2023**

शनिवार दिनांक 09 सितम्बर, 2023 को गुरुग्राम यूनिट द्वारा बस से एक धार्मिक यात्रा श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर जी, तिजारा का आयोजन किया) मार्ग में श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, धारूहेड़ा के भी दर्शन करने का सौभाग्य मिला ( और बड़े ही भक्तिभाव से सभी ने दर्शन पूजन आदि का लाभ लिया। तत्पश्चात वहाँ से सभी जन" श्री वर्धमान सेवा परिवार ट्रस्ट", भिवाड़ी द्वारा संचालित" सोन प्रभा दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र", भिवाड़ी पहुँचे, (वहाँ का दृश्य देख कर हृदय करुणा से भर गया (वहाँ लगभग 60 दिव्यांग बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण,भोजन, ड्रेस एवं निशुल्क बस सेवा आदि दिया जाता है जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। वंहा सभी बच्चों को दोपहर का भोजन कराया गया तथा साथ ही संस्था को रुपए एक लाख ग्यारह हज़ार की राशि सहयोग स्वरुप प्रदान की गई । स्कूल ने इन बच्चों के द्वारा बनाई गई विभिन्न वस्तुएँ जैसे जूट का सामान, मिट्टी के रंग बिरंगे दिये, मोतियों की माला, बंधनवार आदि सामान का प्रदर्शन किया था, जिन्हे खरीदने में सभी सदस्यो ने रूचि दिखाई। इस पूरे कार्यक्रम का प्रायोजन श्री महेश सिंघल जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 26 सदस्यों ने अपनी सहभागिता प्रदान की एवं बड़े ही उत्साह से सभी कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। तत्पश्चात सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद सहित यात्रा समाप्त हुई।

आयोजक:

पी के जैन विशिष्ट संरक्षक

सोम प्रकाश जैन, परम संरक्षक

नरेश जैन, SBI, संरक्षक.

पवन कुमार जैन, अध्यक्ष.

राजेश चन्द जैन, सचिव.

डी सी जैन, सह सचिव.

डी पी जैन, कोषाध्यक्ष.

**Jaipur Unit: 11.09.2023**

जैसा कि आपको विदित है की श्री दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, सत्कार शॉपिंग सेंटर, मालवीय नगर,जयपुर द्वारा स्थापित विद्या सागर physiothrapy सेंटर का शुभारंभ रविवार ,२७ अगस्त २०२३ को स्व श्री शान्ति कुमार शाह, स्व श्रीमति कंचन देवी शाह, स्व श्री सुनील जैन की पुण्य स्मृति में सुपुत्री नीना जैन, दोहित्र श्री साहिल जैन, दोहित्र वधू श्रीमति अपूर्वा जैन,नायरा एवं नितारा जैन निवासी ए ३०२, ज्वैलर्स ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि ट्रस्टी श्री राज कुमार बाकलीवाल एवं श्री विपीन जैन ने किया। परिवार ने इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट को इस मंगल कार्य हेतु ५ ,००,०००-/₹ पांच लाख ₹ की राशि प्रदान की। दो सप्ताह में physiothrapy सेंटर के लाभार्थियों की संख्या २९ प्रति दिन तक पहुंची हैं, Dr S K Kala साहिब की सेवा का लाभ नियमित बड़ी संख्या में आम जन उठा रहे हैं। विद्या सागर physiothrapy सेंटर ने रेडक्लिफ लैब एवंम ज्योति डायगोनिस्टिक सेंटर के सौजन्य से दोनो रविवार दिनांक ०३ सितंबर एवं १० सितंबर को हेल्थ चेकअप कैंप health check-up camp का आयोजन किया, जिसमें क्रमश :७२ एवम् ७१ कुल १४३ लाभार्थियों ने लाभ उठाया । हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन अगले रविवार को भी होगा। श्री सी एल जैन, अध्यक्ष मालवीय नगर मंदिर ट्रस्ट, जैन बैंकर्स फोरम के सम्मानित सदस्य है । आवश्यकतानुरूप चिकित्सीय सुविधा से क्षेत्र, समाज के व्यक्ति लाभान्वित होंगे । ट्रस्ट से और भी जैन बैंकर्स जुड़े हुए है ।सी एल जैन ,अध्यक्ष, मंदिर ट्रस्ट ।

**Ghaziabad Unit: 13.09.2023**

भगवान महावीर के २५५० वे निर्वाण महोत्सव की धर्म प्रभावना के लिए एन सी आर में एक रथ स्थान स्थान पर जा रहा है. यह रथ आज श्री शांति नाथ दिगम्बर जैन मन्दिर शास्त्री नगर में आया. इस रथ में भगवान् महावीर का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य श्री वी. के. जैन सेन्ट्रल) बैंक( को मिला .हम उनके इस धार्मिक कार्य की अनुमोदना करते हैं .-एस. के. जैन ,अध्यक्ष

**Lalitpur Unit: 14.09.2023**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर एवं जैन मिलन शाखा सिविल लाइन ललितपुर के संयुक्त तत्वधान में आज दिनांक 14/9/23 को हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में श्री सुधा सागर कन्या इंटर कालेज ललितपुर में वृहद निबंध प्रतियोगिता एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे संस्था के मंत्री श्री रमेश जैन , उपाध्यक्ष श्री विजय कुमार जैन,श्री राजकुमार जैन,श्री गौरव जैन श्री सुरेन्द्र सिंघई, श्री प्रतीक जैन,शाखा अध्यक्ष श्री सनत जैन खजुरिया, कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती कल्पना जैन एवं समस्त

शिक्षिकायों के अलावा जैन मिलन सिविल लाइन शाखा के अध्यक्ष श्री राकेश जी वरया, मंत्री श्री देवेंद्र जैन वम्होरी,श्री अनिल जैन कक्का, इंजीनियर श्री नेमी चंद जैन, लॉयन श्री सन्मति सराफ,श्री सरस चंद जैन एवं स्कूल का समस्त स्टाफ रहा। कार्यक्रम में भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संयक्त मंत्री अतिवीर सुरेश बाबू जैन एडवोकेट एवं अतिवीर महेन्द्र जैन पंचमनगर, क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर विजय जैन सेंट्रल बैंक एवं क्षेत्रीय मंत्री वीर श्रेयांश जैन गदयाना भी उपस्थित रहे। प्रतिभागियों को आकर्षक पुरुस्कार वितरित किए गए। संचालन फोरम के मंत्री श्री रमेश जैन गदयाना द्वारा किया गया।

## **THA Ghaziabad & Gurgaon Unit: 14.09.2023**

आज दिनांक 14 सितंबर को ट्रांसहिडंन एवं गुड़गांव यूनिट के 10-12 सदस्य श्री जे के जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री श्रेयांस जैन, श्री बी एस जैन कोषाध्यक्ष, श्री एन के जैन, श्री एस एस जैन, श्री के वी एस जैन संरक्षक, सोम प्रकाश जैन राष्ट्रीय महासचिव, श्री महेश सिंगल सह कोषाध्यक्ष, श्री डी पी जैन कोषाध्यक्ष गुड़गांव यूनिट एवं श्री सुनील जैन सम्मानित सदस्य गुड़गांव यूनिट ऋषभ विहार स्थित जैन मंदिर मे 51 पिच्छी सहित विराजमान आचार्य सुनील सागर जी महाराज के दर्शन करने के लिए गए। इस अवसर पर श्री जे के जैन जी एवं सोम प्रकाश जैन ने आचार्य श्री को फोरम के बारे मे संक्षेप मे जानकारी दी एवं उनके सामने उनके सानिध्य मे फोरम की गोष्ठी रखने का प्रस्ताव रखा जिसे उन्होंने सहर्ष 22 अक्टूबर 2023 को प्रात :8.00 से 10.00 बजे तक रखने की स्वीकृति प्रदान की। ट्रांस हिंडन गाजियाबाद से श्री प्रदीप जैन सीनियर मैनेजर पंजाब बैंक एवं श्रीमती आरूषी जैन बैंक ऑफ़ बडौदा भी सम्मिलित हुए थे.

## **THA Ghaziabad, Agra & Gurgaon Unit: 17.09.2023**

हमें सूचित करते हुए प्रसनता है कि आज दिनांक 17 सितंबर 2023 को आचार्य श्री ज्ञेय सागर महाराज जी एवं ज्ञात सागर जी महाराज के दर्शन करने का सौभाग्य ज्ञान तीर्थ मुरैना में प्राप्त हुआ साथ ही आचार्य श्री को एवं ज्ञात सागर जी महाराज को आहार देने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा से श्री जेके जैन श्री श्रेयांश कुमार जैन श्री बी एस जैन श्री निर्मल कुमार जैन गुरु ग्राम शाखा से श्री सोम प्रकाश जैन श्री डीपी जैन श्री महेश चंद्र जैन सिंगल आगरा से श्री अरुण रपरिया जी श्री अवनी जैन जी श्री अवधेश जैन जी श्री आरके जैन जी एवं दो अन्य सदस्यों ने इस अवसर पर भाग लिया।

सोम प्रकाश जैन, राष्ट्रीय महासचिव

## **Muzaffarnagar Unit: 17.09.2023**

आज रविवार दिनांक 17/09/2023 अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम मुजफ्फरनगर यूनिट की एक आम सभा 11:00 बजे पंजाब नेशनल बैंक के यूनियन ऑफिस रामलीला ग्राउंड तय के सामने शाखा अध्यक्ष श्री राजीव जैन जी के अध्यक्षता में संपन्न हुई सर्वप्रथम सभा का आरंभ 9 बार णमोकार मंत्र के साथ हुआ उसके पश्चात सचिव वाई. के.जैन ने अभी तक यूनिट में किए गए कार्यों की समीक्षा की उनके विषय में बतलाया तथा उसके बाद आय/ व्यय का विवरण शाखा कोषाध्यक्ष श्री एच .के.जैन जी के द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसको सभी सदस्यों ध्वनिमत से बजट को पास किया। तत्पश्चात दूसरा एजेंडा था चुनाव अध्यक्ष राजीव जैन जी मंत्री वाई .के.जैन तथा कोषाध्यक्ष श्री हर्ष कुमार जैन जी ने अपनी त्यागपत्र दिए और सभा से बतलाया कि नए सदस्यों का चयन किया जाए। काफी विचार विमर्श के पश्चात श्री प्रवीण जैन पूर्व डी.जी.एम .पंजाब नेशनल बैंक को शाखा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, श्री वाई .के.जैन पीएनबी को पुन सचिव नियुक्त किया गया तथा श्री अरविंद कुमार जैन पीएनबी वालों को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। सभी ने करतल ध्वनि से नई कमेटी का अभिनंदन किया उसके पश्चात नई कार्यकारिणी ने अपना पदभार ग्रहण किया और दो प्रस्ताव पास किया पहला प्रस्ताव शुक्रताल ग्राम में एक बच्चों का स्कूल है जिसमें 100-125 बच्चे पढ़ते हैं उनका भोजन वितरण का कार्य किया जाए तथा दूसरा मुजफ्फरनगर में ही एक गवर्नमेंट सरकारी स्कूल है बच्चों का जिसमें यह तय हुआ कि सर्दियों में उनका स्कूल की ड्रेस गर्म जर्सी आदि का वितरण किया जाये सभी सदस्यों नें दोनों प्रस्ताव को पास किया तथा एक और प्रस्ताव पास किया गया जिसमें 23 सितंबर 2023 दिन शनिवार को खतौली में जैन इंटर कॉलेज में हमारे आदरणीय सदस्य कामरेड स्वर्गीय श्री सुरेंद्र कुमार जैन राष्ट्रीय सचिव AIBIA उनकी उनकी पुण्य स्मृति में एक विशाल ब्लड कैंप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हमारे यूनिट द्वारा जूस एवं रिफ्रेशमेंट का स्टाल लगाया जाए। तत्पश्चात सभा विसर्जित की गई।

वाई . के. जैन, सचिव

## **Muzaffarnagar Unit: 23.09.2023**

कामरेड सुरेंद्र कुमार जैन की स्मृति में एकादश विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन खतौली नगर के श्री कुंदकुंद जैन इंटर कॉलेज के तत्वाधान में गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी स्वर्गीय कामरेड सुरेंद्र कुमार जैन, प्रख्यात बैंकिंग ट्रेड यूनियन लीडर, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, खतौली व श्री कुंदकुंद जैन एजुकेशन एसोसिएशन खतौली के पूर्व अध्यक्ष की पुण्य स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित कराया गया। यह लगातार लगने वाला एकादश रक्तदान शिविर है. कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश चंद जैन सराफ ने की। शिविर उद्घघाटन प्रमुख समाजसेवी मुख्य अतिथि कुंज बिहारी अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के पद की गरिमा राजेश जैन गर्ग डुप्लेक्स संजय जैन पारस टी.एम.टी., मनोज जैन एलजी वाले,प्रदीप पोथी सराफ, आर.पी .शर्मा बैंक वालों ने बढाई। दीप प्रज्वलन एल .एम .जैन ,संजय जैन प्रेम विहार व दीपक जैन भैंसी वालों ने किया। मंचासीन अतिथियों ने कामरेड सुरेंद्र कुमार जैन के चित्र

के समक्ष भावांजलि प्रकट की। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षिका रजनी जैन ने मंगलाचरण व णमोकार महामंत्र के पाठ से किया। इस अवसर पर कालेज प्रबंधक राजीव जैन बैंकर भी उपस्थित थे.

Today on 23rd Sept.2023, All India Jain Bankers forum, Muzaffarnagar Unit participated in " Blood Donation Camp ", organised by Shree Kund Kund Jain Inter College, Khatauli in memory of Jain Banker Late Com. Surrendra Kumar Jain ( A Very Senior, Reputed & Undisputed Banking Trade Union Leader, Ex-Chairman, Nagarpalika Parishad & Ex-President, K.K Jain Educational Association Khatauli) and facilitated Blood Donors with Refreshment & Juice etc. The programme was attended by Jain Bankers Sh.Rajeev Jain, patron AIJBF, MZN, Praveen Kr Jain, President, Sh.Y.K.Jain, Secretary, Sh.R.K.Jain, Sh.S.K.Jain, Sh. Adish Jain & Sh.J.L.Jain. We acknowledge the great contribution of Blood Donors for the cause of Humanity and appreciate the efforts of organisers, College Staff, Doctors, Medical Team members, Bankers and other generous persons of the Society who devotedly attended the above Camp for this noble Cause and paid Real Homage to our great Architect of Banking as well as Jain community and the Society.

Praveen Kumar Jain, President, Y.K.Jain, Secretary A.K.Jain, Treasurer

## Jaipur Unit: 26.09.2023

श्री निर्मल कुमार जी पाटोदी, सक्रिय सदस्य , जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर द्वारा दशलक्षण धर्म अणुव्रत साधना के क्रम में 10 दिन के उपवास - उत्तम क्षमा, मार्दव, आर्जव, शौच, सत्य, संयम, तप, त्याग, आकिंचन, ब्रह्मचर्य के पथ पर है । उनके उपवास की सुख साता की कामना के क्रम में आज अपरान्ह उपस्थिति दर्ज करवाई गई ।

## Jaipur Unit: 27.09.2023

श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान को कल ज्ञान दान के रूप में रू 21000/- श्री पदम् जैन बिलाला द्वारा दिया गया .

## Kota Unit: 28.09.2023

हमारी केन्द्रीय समिति के कार्याध्यक्ष,कोटा इकाई के संरक्षक श्री राजेन्द्र कुमार जी जैन) एसबीआई(एवम श्रीमति रेखा जी जैन,डॉक्टर रोहित जी जैन आयुषी जी जैन द्वारा दिगम्बर जैन मंदिर,तलवंडी कोटा में अनन्त व्रत की माला प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।इस पुनीत कार्य की बहुत बहुत अनुमोदना।

## Bhopal Unit: 29.09.2023

**अंगदान देहदान नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम**

दिनाक 28/09/2023को वासुपुज्य जिनालय गुजराती कॉलोनी बावड़ियां कला भोपाल में जैन बैंकर्स फोरम भोपाल यूनिट एवम किरण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में देहदान नेत्रदान अंगदान त्वचादान के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें किरण फाउंडेशन के सचिव डाक्टर श्री राकेश भार्गव, अध्यक्षा श्रीमती कमलदीप सलूजा एवम श्री राजेश कुमार जैन द्वारा नेत्रदान अंगदान त्वचादान से संबंधित जानकारी दी एवम भ्रांतियों का समाधान किया गया नेत्रदान अंगदान त्वचादान कैसे किया जाता है विस्तार से समझाया। समस्त उपस्थित जन समुदाय को CPR का जीवंत प्रदर्शन किया तथा अचानक हृदय आघात एवम दुर्घटना पर हम लोग का जीवन कैसे बचा सकते है विस्तार से समझाया। उक्त कार्यक्रम में शामिल 150 से अधिक महिला एवम पुरषों ने उत्साह से भाग लिया ।जैन बैंकर्स फोरम के श्री अनिल जैन) RBI), श्री प्रभात गोयल जैन, राजेंद्र जैन, श्रीमती मीनाक्षी द्वारा किरण फाउंडेशन के डाक्टर श्री राकेश भार्गव,श्रीमती कमलदीप सलूजा,श्री राजेश कुमार जैन का अंगी पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम के अत्यंत सफल आयोजन पर श्री मनोज सिंघाई द्वारा आभार प्रकट किया गया ।

## Bhopal Unit: 01.10.2023

वासुपूज्य जिनालय में बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का प्रायोजन भोपाल फोरम द्वारा किया गया .उस अवसर पर पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम भी हुआ .

## Gurgaon Unit: 02.10.2023

बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 2 अक्टूबर 2023 को अहिक्षेत्र में भगवान पार्श्वनाथ के सम्मुख पाण्डुकशिला पर श्री जी विराजमान करने एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य श्रीमान सोम प्रकाश जी जैन, राष्ट्रीय महासचिव को प्राप्त हुआ साथ ही श्रीमान महेश सिंघल जी को श्री जी अभिषेक का प्रथम कलश एवं उनका भ्राता श्री को द्वित्य कलश करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ...हम आपके पुण्य की बहुत बहुत अनुमोदना करते हैं.

पवन कुमार जैन, अध्यक्ष

## Jaipur Unit: 04.10.2023

परम साधु भक्त धार्मिक व्यक्तित्व बैंकर श्रीमान महेंद्र जी छाबड़ा को आगरा शिविर में मिले सम्मान) द्वितीय स्थान ( के लिए बहुत बहुत बधाई.

**Jaipur Unit: 08.10.2023**

दिनांक 07/10/23 को भट्टारक जी की नसियां में श्रीमान सुधांशु जी कासलीवाल एवं श्री मनीष मेहता  के राजस्थान राज्य श्रमण संस्कृति बोर्ड जयपुर के अध्यक्ष एवं सदस्य मनोनीत होने पर जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा भावभीना स्वागत ।

**Gurgaon Unit: 09.10.2023**

आज ट्यूलिप दिगम्बर जैन मंदिर जी में क्षमावणी पर्व मनाया गया, इस अवसर पर फोरम के दो सदस्यों श्री डीसी जैन साधना जैन और श्री आकाश जैन गरिमा जैन द्वारा पर्युषण पर्व के दौरान अभिषेक करने वालों 10 पुरुषों एवं उस समय उपस्थित रहने वाली 15 महिलाओं को धर्म प्रभावना बढ़ाने के उद्देश्य से 5 ग्राम चांदी का सिक्का भेंट देकर सम्मानित किया गया। उस समय फोरम के सदस्य श्री अभिषेक जैन ऋतिका  जैन भी उपस्थित थे।

**Jaipur Unit: 12.10.2023**

जैन बैंकर्स फोरम का सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम
जन कल्याण के कार्यों का लिया संकल्प
त्यागी व्रतियों का किया सम्मान
जैन बैंकर्स फोरम जयपुर की दिनांक  दिनांक 10/10/23 को सामूहिक क्षमावाणी एवं त्यागी व्रतियों के सम्मान कार्यक्रम का दुर्गापुरा जैन मंदिर में आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत भक्तामर के श्लोक के साथ की गई ।  सचिव सुनील काला ने सदस्यगण द्वारा अल्प सूचना पर भी मीटिंग में भाग लेने पर उनकी समाज हित में सक्रियता को इंगित किया । भागचंद जैन मित्रपुरा ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में फोरम के द्वारा किए जा रहे  बैंकिंग संबंधी समस्याओं के समाधान एवं सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में भागीदारी पर प्रकाश डाला । बैंकर्स से समाज के सभी वर्ग जुड़े हैं, जन धन खाता खुलने के बाद कह सकते है कि एक एक व्यक्ति बैंकिंग सेक्टर से जुड़ा हुआ है एवम जैन बैंकर्स फोरम अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन पूर्ण मनोयोग से कर रहा है । राजस्थान जैन युवा सभा के अध्यक्ष जो कि जैन बैंकर्स फोरम के संरक्षक भी है प्रदीप जैन लाला ने समाज हितार्थ एक हेल्प लाइन शुरू करने की आवश्यकता पर जोर दिया।
विभिन्न बैंकों के शीर्ष प्रबंधन श्रेणी के पूर्व अधिकारी गण यूनियन बैंक से अशोक जैन पूर्व महा प्रबंधक , राजस्थान मरुधरा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के पूर्व चेयरमैन ज्ञानेंद्र जैन एवं सुबोध जैन, पूर्व उप महा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक ने इस तरह के आयोजन की आवश्यकता, जैन एकता, सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेने की आवश्यकता पर जोर दिया एवं कहा कि बैंकिंग सेक्टर देश के आर्थिक विकास की धुरी है एवम जैन बैंकर्स फोरम समाज का एक ऐसा संगठन हैं जो कोई भी चुनौतीपूर्ण कार्य सहज ही वहन कर सकता है । साथ ही जन हित के सभी तरह के कार्य भी फोरम को अपने आगामी कार्यक्रमों में सम्मिलित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी वहन करने की आवश्यकता बताई ।  कमलेश पांड्या ने संगठन के महत्व पर प्रकाश डाला ।
इस दौरान जैन बैंकर्स वर्ग) Fraternity) से भाद्रपद माह में   1) प्रकाश चंद गंगवाल जनकपुरी, जयपुर द्वारा सोलह कारण व्रत/उपवास एवं 2) निर्मल कुमार पाटोदी सेक्टर 5 प्रताप नगर जयपुर द्वारा दशलक्षण उपवास किए जाने पर मुख्य/विशिष्ट अतिथियों एवं कार्यक्रम में सम्मिलित सभी सदस्यों द्वारा  संयम, तप, त्याग की अनुमोदना में दोनो त्यागियों का तिलक, माल्यार्पण, दुपट्टा, शाल एवं साफा पहना कर हार्दिक अभिवादन किया गया ।
सभा में भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई, बैंक ऑफ बड़ौदा,  सेंट्रल बैंक, यूनियन बैंक, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा, बैंक ऑफ इंडिया, आरएमजीबी, पीएनबी आदि बैंको के सेवा निवृत एवं कार्यरत तथा दिगंबर एवं श्वेतांबर वर्ग से  अजीत जैन, सुरेश जैन, विमल जैन, राजेंद्र पापदीवाल, कमल जैन सेवा वाले, राजेश कुमार, कमल कुमार, नवीन गंगवाल, नरेंद्र सेठी, दिनेश जैन, राजीव पांड्या, सुभाष जैन, धन कुमार जैन, मुकेश जैन, धनु जैन, सुशील जैन, कृष्ण कुमार अजमेरा, जितेंद्र जैन, सुरेश। जैन, ललित जैन, अजय पांड्या, अनिल छाबड़ा, आनंद प्रकाश, राजेश जैन, राकेश पांड्या, अजीत जैन, नवल किशोर जैन, निहाल जैन, अनिल जैन, जेके जैन कालाडेरा आदि 50 से अधिक जैन बैंकर्स ने भाग लिया ।  अंत में कार्याध्यक्ष पदम बिलाला ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेख बताई एवं सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में सभी ने खोपरा मिश्री के सेवन के साथ सामूहिक क्षमावाणी पर्व मनाया गया ।
टीम अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर।

**Gurgaon Unit: 14.10.2023**

कल दिनांक 13-10-23 को पाठशाला प्रणेता मुनि श्री 108अनुमान सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में* प्रथम बार  Jain Bankers सहपरिवार के द्वारा श्री सम्मेद शिखर जी की 24 टोंक के  अर्घ चतुर्दशी के दिन चढ़ाये। ये कार्यक्रम  गुड़गांव से सभी जैन बैंकर्स के आने से  पूर्ण हुआ।  मुनि सेवा समिति के सभी सदस्यों  का यह कार्य क्रम आयोजित करने के  लिए हम तहे दिल से धन्यवाद करते है।

**Agra Unit: 14.10.2023**

आज दिनांक शनिवार को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर 14.10.23,शालीमार enclave, कमला नगर, आगरा में प्रतिभाशालीमेधावी / समारोह का आयोजन किया गया /छात्रा सम्मान एवम वृद्ध सम्मान एवं क्षमावाणी कार्यक्रम/छात्रा सर्व प्रथम पार्श्वनाथ एवम आचार्य ज्ञान सागर जी के  चित्र अनावरण श्री अरुण रपरिया, राष्ट्रीय संरक्षक द्वारा किया गया । दीप प्रज्वलन श्री अवनि कुमार जैन,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं अन्य लोगों द्वारा किया गया । मंगलाचरण श्रीमती वंदना जैन एवं श्रीमती सुजाता जैन द्वारा किया गया । इसके बाद मंचासीन राष्ट्रीय

पदाधिकारियों का माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर अतिथि श्रीमती कुमकुम जैन, लंदन तथा राशि मोठ्या का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मंत्री श्री जे बी जैन द्वारा फोरम के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई किस तरह की सेवाएं फोरम द्वारा दी जा रही है। तत्पश्चात मेधावी छात्र छात्रा का सम्मान प्रारंभ किया गया/। निम्न छात्रछात्रा का सम्मान माला पहनाकर तथा प्रमाणपत्र/, पुरस्कार देकर किया गया।

**स्पर्श जैन %96हाई स्कूल, कु. श्रेया जैन %97 ICSC Board, मासिद्धार्थ जैन . B /Tech,**
**कु. नंदनी M.Tech, कु. साराह जैन %84.2 MBA, मा%92 विदित जैन हाई स्कूल .**

जो बच्चे अनुपस्थित थे उनके गार्जियंस को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके बाद कु. दिया जैन ने आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज को अपनी श्रद्धांजलि सुमन प्रस्तुत किए। वृद्ध सम्मान में 77 वर्ष के श्री सुभाष चंद जैन, BOB का पगड़ी, शॉल, माला ,पटका पहनाकर सम्मान किया गया। पगड़ी स्वयं राष्ट्रीय संरक्षक ने अपने हाथों से पहनाई,शॉल सभी सदस्यों ने मिलकर पहनाया। इस अवसर पर श्रीमती राशि मोठ्या ने बहुत सुंदर भजन की प्रस्तुति दी। तत्पश्चात क्षमावाणी पर्व भी मनाया गया वरिष्ठ सदस्य श्री कमल कुमार जैन ने क्षमावाणी पर अपने विचार प्रस्तुत किए इस अवसर पर श्री अरुण रपरिया, अवनि जैन ने भी अपने विचार रखे। इस तरह सभी सदस्यों ने आपस में एक दूसरे से मिलकर क्षमा मांगकर क्षमा वाणी पर्व मनाया गया। अंत में अध्यक्ष द्वारा अपने उदबोधन में सभी को धन्यवाद दिया तथा स्वल्पाहार ग्रहण करने का आग्रह किया गया ।इसी सभागार में बैंकर्स फोरम की साधारण सभा भी रखी गई। जिसमे 28 oct.को 2023 ज्ञानतीर्थ मुरेना में होने वालेअधिवेशन में अधिक से अधिक संख्या में /300पंजीकरण शुल्क देकर अपनी भागीदारी देने की अपील मंत्री द्वारा की गई। पार्श्वनाथ मंदिर के प्रबंध समिति के मुख्य सदस्य श्री राज कुमार गुड्डू एवम राजू गोधा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा उन्हें मंच पर स्थान दिया गया। संयोजक श्री अवधेश जैन ने दोनों को अपना कार्यक्रम में सहयोग देने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया गया। आगरा यूनिट के प्रथम संस्थापक अध्यक्ष श्री बिशन कुमार जैन अस्वस्थ होनें के बावजूद भी इस कार्यक्रम में पधारे तथा उनका अभिनंदन किया गया। सीनियर सदस्य श्री अवनि जैन ने बताया चुंकि वर्तमान अध्यक्ष श्री मुकेश जैन अजमेर रहते हैं तथा वर्तमान कोषाध्यक्ष श्री राज कुमार जैन इंदौर शिफ्ट हो गए हैं इसलिए फोरम के कार्य कलापों को विधिवत रूप से चलाने के लिए उनके स्थान पर विकल्प के तौर पर अध्यक्ष के लिए कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजीव जैन एवं कोषाध्यक्ष के लिए श्री R C Jain के नामों पर आम सहमति बनी तथा वर्तमान कोषाध्यक्ष का चार्ज श्री राज कुमार जैन से नए कोषाध्यक्ष श्री R C Jain को दिलाया गया। चुंकि उन्होंने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया है .सभा का संचालन श्री महेश जैन SBI, मारुति स्टेट ने सफलता पूर्वक किया। इस प्रकार सभा का विसर्जन हुआ ।

## Lalitpur Unit: 16.10.2023

श्री दिगंबर जैन समाज ललितपुर के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव में अध्यक्ष पद पर डॉक्टर अक्षय जैन तरैया,महामंत्री पद पर आकाश जैन भारत गैस, एवं संयोजक पद पर सनत जैन खजुरिया भारी बहुमत से विजई घोषित किए गए।सम्पूर्ण समाज में चारों ओर हर्ष व्याप्त है।तीनो विजयी प्रत्याशियों का सभी जगह भव्य स्वागत किया गया।

## ABJBF Central Unit: 21.10.2023

सौरभ सागर सेवा संस्थान व जीवन आशा परिवार समागम की सभा में श्री वीके जैन सचिव गाजियाबाद यूनिट का जयपुर में सौरभ सेवा ट्रस्ट के द्वारा सम्मान किया गया .इसी सभा में जैन बैंकर श्रीमान निर्मल जी पाटोदी जयपुर का सौरभ सेवा ट्रस्ट का ट्रस्टी )Rs 5.51 लाख ) बनने पर सम्मान किया गया .

## Gurgaon Unit: 27.10.2023

गुरुग्राम इकाई के श्री पवन जैन को श्री ज्ञान तीर्थ क्षेत्र पर संध्या आरती पूज्य अनीता दीदी के सान्निध्य में करने का सौभाग्य मिला.. आज चतुर्दशी को श्री ज्ञान तीर्थ क्षेत्र पर सामूहिक भक्तामर पाठ करने का सौभाग्य भी उनको मिला...इस अवसर पर अधिवेशन में पधारे सभी महानुभाव उपस्थित रहे...

## Agra Unit: 27.10.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम आगरा यूनिट द्वारा दो दिवसीय धार्मिक यात्रा प्राचीन,अतिशयकारी, मंदिरों का भ्रमण एवं दर्शन जो कि को ज्ञान तीर्थ मुरेना अधिवेशन पहुंची 28.10.23 को प्रारंभ होकर 23/ 10/27.

🌹धार्मिक यात्रा का रूट🌹🌹

6.30 को आगरा सुबह 27.10.23 MDJain, हरिपर्वत से शुरू होकर चंद्रवार,बटेश्वर,शोरिपुर,उदीमोड़,बरही, भिंड, लावण मंदिर, बरासो, तिमार बिरगमा मंदिर. नाइट स्टे मोरेना ज्ञान तीर्थ मे किया**.

28.10.23

मुरेना,मनियां के जैन मंदिर देखते हुए आगरा वापसी. सुखद यात्रा के लिए एक टेंपो ट्रैवलर की गई ।

अवधेश जैन मुख्य संयोजक, प्रदीप जैन संयोजक

## Gurgaon Unit: 28.10.2023

आज ज्ञान तीर्थ मोरेना मे श्री जी को शांति धारा हेतु स्थापित करने एवं शांति धारा करने का सोभाग्य श्री पवन जैन गुड़गांव एवं श्री महेश सिंघल जी गुड़गांव को प्राप्त हुआ।

## ABJBF Central Unit: 29.10.2023

29 अक्टूबर को आगरा में आचार्य ज्ञान सागर अखिल भारतीय जैन छात्रछात्रा/ प्रतिभा सम्मान समारोह व कैरिअर कौन्सिलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया और जैन बैंकर फॉर्म के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन का इस कार्यक्रम में सम्मान किया गया यह हम सबके लिए गौरव की बात है।

## Gurgaon Unit: 02.11.2023

श्रमण संस्कृति द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में श्रीमती प्रभा रानी जैन, प्रथम पुरुस्कार विजेता, हमारे गुरुग्राम यूनिट की सदस्य हैं, जो केनारा बैंक से सेवनिवृत हैं प्रतियोगिता में ..100 अंक प्राप्त करने वाले 118 विजेताओं में ड्रा के माध्यम से इनको विजेता घोषित किया गया, बहुत बहुत बधाई 💐💐पवन कुमार जैन, गुरुग्राम यूनिट.

## THA Ghaziabad Unit: 05.11.2023

**अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ओर से बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन**

आचार्य सुनील सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा एवं गुरुग्राम शाखा द्वारा संयुक्त रूप से बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें दोनों शाखों से लगभग 25 सदस्यों ने भाग लिया। साथ ही ऋषभ विहार जैन समाज के बड़ी संख्या में सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। सभा का आरंभ भगवान आदिनाथ के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रजनन के साथ किया गया जिसमें जैन बैंकर की दोनों की ही शाखों के सदस्यों एवं पदाधिकारी द्वारा सहभागिता की। फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के संरक्षक श्री जे के जैन एवं राष्ट्रीय महासचिव एवं गुरुग्राम शाखा के संरक्षक श्री सोम प्रकाश जैन जी द्वारा आचार्य श्री को शास्त्र भेंट किया गया। इस कार्यक्रम में बैंकों की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी गई। श्री सुखसागर जी जैन रिटायर सहायक महाप्रबंधक स्टेट बैंक द्वारा व्यावसायिक ऋण के संबंध में, श्री अंकित जैन जी सहायक वाइस प्रेसिडेंट बर्कले बैंक द्वारा टेक्नोलॉजी, इंटरनेट बैंकिंग एवं साइबर क्राइम के संबंध में, श्री अंकुर जैन शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक द्वारा शिक्षा ऋण एवं हाउसिंग लोन के संबंध में एवं श्री जेके जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष जैन बैंकर फोरम एवं रिटायर्ड मुख्य प्रबंधक के द्वारा मृतक खाते के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई (डिसीजअकाउंट)। इस अवसर पर उपस्थित समाज के सदस्यों के द्वारा बैंकिंग संबंधी अनेक समस्याएं उठाई गई एवं उनका यथासंभव समाधान किए जाने का प्रयास वक्ताओं द्वारा किया गया। कुछ समस्याएं जिनका त्वरित समाधान हो पाना संभव नहीं था उनके लिए उन्होंने आश्वासन दिया कि हम इन समस्याओं का संबंधित बैंकों की शाखाओ से संपर्क स्थापित कर शीघ्र समाधान करने का प्रयास करेंगे। आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज द्वारा अपने प्रवचनों के माध्यम से इस प्रकार के आयोजनों को एक सार्थक प्रयास बताया एवं समाज से इन सभी सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न मंदिरों में इस संबंध में एक पोस्टर या बैनर लग जाए जिसमें बैंक के संबंधित अधिकारियों के मोबाइल नंबर दिए हो ताकि समाज के व्यक्ति उनसे संपर्क स्थापित कर अपनी समस्याओं को समाधान कर सकें। इस संगोष्ठी को सफलतापूर्वक आयोजित कराने के लिए ऋषभ विहार जैन समाज के chairman श्री विजय कुमार जी जैन अध्यक्ष श्री सुनील कुमार जी जैन एवं मंत्री श्री मनोज कुमार जी जैन एवं समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों का श्री जेके जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष जैन बैंकर फोरम द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| जेके जैन | विशाल चंद जैन | अंकित जैन | अभिषेक जैन | निर्मल कुमार जैन |
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | अध्यक्ष | सचिन | कार्यकारी अध्यक्ष | कोषाध्यक्ष |

## ABJBF Central Unit: 14.11.2023

आज आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज जिनका चातुर्मास बड़ोत नगरी में चल रहा है वहां उनके दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, साथ ही आचार्य श्री के मंच के माध्यम से हमारे द्वारा अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की गतिविधियों के बारे में एवं तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। हमें यह बताते हुए भी प्रसन्नता है कि आचार्य श्री के द्वारा आज अपने प्रवचनों के दौरान दो बार हमारा नाम लिया गया एवं ट्रस्ट एवं जैन बैंकर फोरम द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की एवं इसके लिए दोनों संस्थाओं के सदस्यों को आशीर्वाद प्रदान किया।

## Baran Unit: 15.11.2023

आज दिनांक 15.11.2023 को सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के समाधि स्थल बारां पर बारां इकाई के अध्यक्ष श्री महावीर प्रसाद जी जैन तथा सकल दिगम्बर जैन समाज,बारां के तत्वावधान में आयोजित विनियांजली समारोह में कोटा इकाई के अध्यक्ष श्री प्रकाश चन्द जी जैन ठोरा सचिव महावीर कुमार जैन,उपाध्यक्ष श्री विजय शंकर जैन ने आचार्य श्री के चरणों का प्रक्षालन, पूजन तथा आरती करने का सौभाग्य प्राप्त किया।आचार्य श्री के तृतीय समाधि दिवस पर विनियांजलि अर्पित की।

महावीर कुमार जैन, सचिव

आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के चतुर्थ समाधि दिवस पर समाधि स्थल बारां में बारां यूनिट एवं कोटा यूनिट के सदस्यों द्वारा चरणों का प्रक्षालन एवं पूजा व आरती की गई। आचार्य श्री द्वारा अपनी वाणी से ट्रस्ट एवं जैन बैंकर के फॉर्म की प्रशंसा करना हम सभी के लिए गर्व की बात है जिसके लिए तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट के सभी सदस्य एवं अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम के सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं।

जेके जैन सोम प्रकाश जैन

राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय महासचिव

## THA Ghaziabad Unit: 16.11.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के द्वारा आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर आज 16 नवंबर 2023 को शाम 7:00 बजे भक्तांमर दीप महाअर्चना पाठ श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका सेक्टर 3 वैशाली गाजियाबाद में आयोजित किया गया जिसमें शाखा के संरक्षक श्री जेके जैन एवं श्री केवीएस जैन कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिषेक जैन सचिव श्री अंकित जैन कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बी एस जैन एवं श्री सुख सागर जैन श्री मयंक जैन श्री अतुल जैन श्री अभिक जैन आदि ने परिवार सदस्यों के साथ भाग लिया। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में वर्धमान वुमन क्लब की सदस्याएं एवं समाज के कुछ सदस्यों ने भी सपरिवार भाग लिया। दीप महाअर्चना के बाद सामूहिक आरती भी की गई।

विशाल चंद जैन अभिषेक जैन अंकित जैन निर्मल कुमार जैन

अध्यक्ष कार्यकारी अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष

## Muzaffarnagar Unit: 18.11.2023

परम पूज्य सराकोध्दारक ष्षटम पट्टाचार्य 108 आचार्य श्री ज्ञानसागर जी की चतुर्थ पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम मुजफ्फरनगर यूनिट के द्वारा प्राइमरी स्कूल नई मंडी में बच्चों को क्लास में बैठने के लिए स्टील की 12 बैंचडैस्क भेंट की गई तथा बच्चों को / टीचिंग स्टाफ को तथा कर्मचारियों को लड्डू खिला करके मुंह मीठा कराया गया तथा भविष्य में कॉपी पेंसिल वगैरह की जरूरत को पूरा करने का आश्वासन भी दिया गया।

प्रवीण कुमार जैन वाईजैन.के .

अध्यक्ष सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 19.11.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका वैशाली गाजियाबाद में आज दिनांक 19 नवंबर 2023 को आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज या भगवान महावीर के जीवन पर आधारित ड्राइंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों के मध्य दो वर्गों में रखा गया जिसमें बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेते समय बच्चों का उत्साह देखते बनता था। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज जी के चित्र का अनावरण करके एवं उनके चित्र के आगे दीप प्रज्वलन करके किया गया। कुमारी अनन्या जैन सुपुत्री CA अदीप जैन द्वारा एक बहुत ही सुंदर भक्ति गीत के माध्यम से मंगलाचरण का पाठ किया। साथ ही कार्यक्रम के बीच में कुमारी एनिमा जैन सुपुत्री श्री मयंक जैन द्वारा एक बहुत सुंदर नृत्य की प्रस्तुति की।

ड्राइंग प्रतियोगिता में कल 33 बच्चों ने भाग लिया प्रथम वर्ग 6 वर्ष से 10 वर्ष तक की आयु के बच्चों के मध्य

1. कुमारी संवि जैन 6 वर्षप्रथम पुरस्कार -
2. मास्टर गर्वित जैन 8 वर्षद्वितीय पुरस्कार -
3. कुमारी लावण्या जैन 6 वर्ष तृतीय पुरस्कार -

द्वितीय वर्ग 11 वर्ष से 16 वर्ष की आयु वर्ग

1. कुमारी चारवि जैन 11 वर्ष प्रथम पुरस्कार-
2. कुमारी रिद्धि जैन 13 वर्ष द्वितीय पुरस्कार-
3. कुमारी अनुषा जैन 16 वर्ष तृतीय पुरस्कार -

भाषण प्रतियोगिता में 10 बच्चों ने भाग लिया जिसमें प्रथम वर्ग 6 वर्ष से 10 वर्ष की आयु वर्ग में

मास्टर देवांश जैन सुपुत्र श्री मनोज जैन 10 वर्ष को प्रथम पुरस्कार

द्वितीय आयु वर्ग 11 वर्ष से 16 वर्ष के अंतर्गत

मास्टर आरव जैन सुपुत्र श्रीमती मोनिका जैन 13 वर्ष को प्रथम पुरस्कार

प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आए बच्चों के अतिरिक्त भी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को सांत्वाना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

ड्राइंग प्रतियोगिता में जज के रूप में श्रीमती अनीता जैन श्रीमती पूनम गुप्ता एवं श्रीमतीजो सभी ड्राइंग की टीचर रह चुकी हैं द्वारा ........ अपना सहयोग प्रदान किया गया एवं भाषण प्रतियोगिता में श्रीमती वंदना जैन श्रीमती अनीता जैन एवं श्रीमतीद्वारा अपना सहयोग ...... प्रदान किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन द्वारा बताया गया कि ड्राइंग प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आए बच्चों की प्रविष्टियां केंद्रीय कार्यालय को प्रेषित की जाएगी एवं वहां अन्य शाखों से प्राप्त प्रविष्टियों के आधार पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आए बच्चों को केंद्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही भाषण प्रतियोगिता में प्रथम आए बच्चों को निकट भविष्य में केंद्रीय स्तर पर होने वाले वार्षिक अधिवेशन में आमंत्रित किया जाएगा एवं अन्य शाखों से आए ऐसे सभी बच्चों के मध्य केंद्रीय स्तर पर एक प्रतियोगिता कराई जाएगी एवं जिसमें प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आए बच्चों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम के अंतर्गत वैशाली क्षेत्र की वर्धमान वूमेन मंडल की संचालिका श्रीमती शुची जैन एवं उनकी सदस्याओं ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। उनके इस सहयोग के लिए मंडल की सदस्याओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर यद्यपि वैशाली जैन समाज के अध्यक्ष श्री महिम जैन अस्वस्थता के कारण अपनी उपस्थिति नहीं दे पाए परंतु मंच के माध्यम से उनके द्वारा दिए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

अंत में अल्पाहार के साथ सभा का समापन किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Lalitpur Unit: 27.11.2023

ललितपुर में वार्षिक विमानोत्सव में जैन बैंकर्स ललितपुर यूनिट द्वारा विशेष सहभागिता की गई .

## Agra Unit: 29.11.2023

आज दि.29.11.23 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ,आगरा के सदस्यों ने गांव सपेरा, अरतोनी जाकर कंबल तथा अन्य गर्म कपड़ों का वितरण किया इन कपड़ों में स्वेटर ,शॉल,कार्डिगन ,मफलर, कोट, कैप, बच्चों के कपड़े , रजाई, जैकेट ,पेन्ट, जीन्स ,कमीज आदि शामिल हैं इस अवसर पर श्री राजीव जैन, महेश जैन,जे बी जैन, अवधेश जैन,सिद्धार्थ जैन,सत्येंद्र जैन,के के जैन,प्रदीप जैन,दीपक जैन, अवनि जैन ,रमेश चंद जैन आदि उपस्थित थे जिन्होंने वितरण में सहयोग किया।

जे बी जैन, मंत्री

## Ghaziabad Unit: 09.12.2023

We feel pleasure to inform you that today 9.12.23 Saturday our unit has distributed tea, snacks, clothes, woollen sweater and Jersey at Ashray sthal, Nasirpur railway crossing Ghaziabad to the labours. Approximate 150 labours was present at the ashray sthal. We are thankful to our members for their cooperation in this noble cause.

S.K.Jain, President V.K.Jain, Secretary

## Agra Unit: 14.12.2023

**रिपोर्ट कला एवं भाषण प्रतियोगिता**

दिनांक 10.12.2023, को आचार्य ज्ञान सागर महाराज जी के समाधिस्थ होने के तृतीय पुण्य तिथि के अवसर पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, आगरा ने निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन ,श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर,सेक्टर 7,आवास विकास कालोनी, सिकंदरा के प्रांगण एवम मंदिर जी में किया :-

कला प्रतियोगिता

भाषण प्रतियोगिता

सर्व प्रथम दीप प्रज्जवलन रासंरक्षक श्री अरुण रपरिया ., राउपाध्यक्ष श्री अवनि जैन., धार्मिक विद्वान श्री अरुण कुमार जैन, राजेश जैन बेनारा, मुख्य अतिथि , अध्यक्ष राजीव जैन ने किया। इसके पश्चात सभी अतिथियों राजेश जैन ,दिलीप जैन,अरुण जैन, Smt.रचना जैन राजेश जैन,कौमी जैन का राजीव जैन, शशि जैन ने माला,पटका पहनाकर स्वागत किया गया। मंगलाचरण श्री के के जैन ने किया.। इस प्रतियोगिता में करीब 90 नाम रजिस्टर हुए जिसमे से कुल 77 बच्चों ने भाग लिया :-

ड्राइंग में 60
भाषण 17
कुल 77

ड्राइंग प्रतियोगिता में परिणाम इस प्रकार रहा:-

जूनियर वर्ग उम्र)6 से 10 वर्ष (

प्रथम:  काव्यांशी जैन d/o श्री विशाल जैन, वर्ष 9, सेक्टर 9 आकॉलोनी.वि .
द्वितीय: आध्या जैन  d/o श्री प्रशांत जैन,9yr. वी एस प्लाजा,सेक्टर 3
सीनियर वर्ग  उम्र )11से 16वर्ष  (
प्रथम: प्रांजल जैन s/o श्री विनकी जैन। 16वर्ष 9/165,जती कटरा,मोती कटरा
द्वितीय: प्रियल जैन।  D/o श्री संदेश जैन 12 वर्ष सेक्टर 4 B, आ.वि.colony
भाषण प्रतियोगिता में परिणाम निम्न प्रकार रहा :
जूनियर वर्ग :
प्रथम: भव्य जैन  पुत्र श्री शोभित जैन 9वर्ष,  sec 6 E/23 आवास विकास कॉलोनी,सिकंदरा,आगरा
द्वितीय:द्विज जैन पुत्र श्री संदेश जैन।  13वर्ष 4B 227 आ    .वि .
सीनियर वर्ग:
काव्या जैन पुत्री श्री दीपेश जैन, सेक्टर 6
ऋषभ जैन पुत्र श्री सुदीप जैन 6/9,लालबाग कॉलोनी, आकॉलोनी.वि .
प्रथम तथा द्वितीय पुरस्कार दोनो वर्गों के विजेताओं को दोनो प्रतियोगिता में दिए गए I शेष  सहभागिता करने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए I
इस अवसर पर अरुण रपरिया राष्ट्रीय संरक्षक ने बैंकर्स फोरम के उद्देश्य,कार्यों के बारे में बताया I  श्री अवनि जैन  ने भी अपने विचार प्रकट किए I इस अवसर पर  समयसार के बारे में श्री गणतंत्र जैन के दोनो बच्चे  मार्मिक जैन एवं अंतरा जैन  ने  धारा प्रवाह प्राकृत भाषा में गान किया I जो बहुत सराहनीय था I बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी अच्छी संख्या में मौजूद थेI आचार्य ज्ञान सागर जी, तीर्थंकर आदिनाथ जी के बारे में जीवन परिचय के बारे में बच्चों ने अच्छी तैयारी  के साथ अपनी प्रस्तुति दी I सभी उपस्थित लोगों ने ज्ञान की गंगा में डुबकियां लगाई I
इस कार्यक्रम के संयोजक श्री महेश जैन एवम् श्री सत्येंद्र जैन , यतेंद्र जैन,कोमी जैन ,निधि जैन ने ड्राइंग प्रतियोगिता की व्यवस्था देखी I I अशोक जैन, ललित जैन,आजाद जैन,इंदिरा जैन ने भी अपना भरपूर सहयोग व्यवस्था संभालने में  दिया I अवधेश जैन, रमेश चंद जैन, कोषाध्यक्ष एवम यतेंद्र जैन,शशि जैन, कमलेश जैन ने स्वल्पाहार एवं पुरस्कार बंटवाने में अपना सहयोग दिया I सभी उपस्थित लोगों को स्वल्पाहार दिया गया I
निर्णायक मंडल में श्री अरुण रपरिया,रचना जैन, के के जैन ने अपना सहयोग दिया. अंत में अध्यक्ष श्री राजीव जैन ने धन्यवाद ज्ञापन किया I संचालन मंत्री श्री जे बी जैन ने किया I
जे बी जैन, मंत्री

## Ujjain Unit: 19.12.2023

दिनांक 9 दिसंबर से 15 दिसंबर तक उज्जैन में श्रीमद् जैनेंद्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें 108 मुनि श्री सुप्रभ सागर जी श्री प्रणत सागर जी का सानिध्य प्राप्त हुआ जैन बैंकर्स यूनिट उज्जैन के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार जैन एसबीआई ने संभव नाथ भगवान की प्रतिमा मंदिर में विराजमान की एवं सहविधि नायक की महिती भूमिका निभाई इसी प्रकार सचिव श्री विमलेश जैन ने उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निभाई कोषाध्यक्ष श्री हीरालाल बिलाला ने इंद्र की भूमिका में अपने को सुशोभित किया सक्रिय सदस्य श्री राजेश पटौदी ने कार्यालय के मुख्य पदाधिकारी की भूमिका निभाई अन्य सदस्यों ने भी इस पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में अपना सक्रिय योगदान दिया।

## Bhopal Unit: 21.12.2023

सु श्री याशी जैन द्वारा प्राप्त उपलब्धियां निम्न वर्णित है, उन्होंने एवरेस्ट पर प्रथम बार जैन धवज  फहराया था, याशी के पिता पंजाब नैशनल बैंक में कार्यरत है, उनके द्वारा किए कार्यों हेतु  सरकार द्वारा कोई  वित्त सहायता नहीं मिलती इस कारण जैन बैंकर्स फोरम भोपाल के निम्न सदस्यों द्वारा प्रोत्साहन राशि की घोषणा की है,
सर्व श्री डी के जैन वास्तुविद Rs 5000
श्री राजेंद्र मीनाक्षी जैन RS 5000
उपरोक्त राशि उन्हें कुराना जी में आयोजित दिनांक 24/12 को आयोजित कार्यक्रम में प्रदान की जावेगी.
**“पर्वतारोही याशी जैन**
**अचीवमेंट**
**एशिया बुक ऑफ रिकार्ड मे नाम शामिल, पहली जैन पर्वतारोही बिटिआ**
**विश्व की पहली जैन बिटिआ जिसने चार महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटी को फतह करके तिरंगा संग जैन ध्वजा और बेटी बचाओ का परचम फहराया और भारत की सबसे कम उम्र की बिटिआ जिसने माऊंट एवरेस्ट   ( विश्व का सबसे ऊंचा पीक )के साथ  ) घन्टे मे माऊंट लोत्से 26 फतह किया । ( विश्व का चौथा सबसे ऊंचा पीक**
**18 ( विश्व का चौथा सबसे ऊँचा ) मई और माऊंट लोत्से 17  फतह ( विश्व का सबसे ऊँचा ) माउंट एवरेस्ट  •मई 2023 , मात्र घंटो मे 26**

**14 •फरवरी, ) 2023दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटीपर म (ाउंट अकंकागुआ  6961)मीपर फतह (**
**2 •अक्टूबर,  5896)को माउंट किलिमंजारो 2022मीटरअफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की। (**
**5642) माउंट एल्ब्रस •मी, यूरोप की सबसे ऊंची चोटी2019 (**
**पर्वतारोहण और महिला सशक्तिकरण में अनुकरणीय कार्) वीरांगना पुरस्कार •य(, माननीय राज्यपाल, छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा प्रदान किया गया**
**यूवा कल्याण व खेल मंत्री द्वारा प्रशस्तिपत्र -**
**राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग में स्वर्ण पदक विजेता प्रतियोगिता "2018**

## Bhopal Unit: 21.12.2023

Jain बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा प्रतिवर्ष भांति इस वर्ष भी मंदिरों के मालियों, पुजारियों, चौकीदार एवम अन्य स्टाफ हेतु कंबल वितरण का कार्य 100 वर्ष से भी प्राचीन चौक जैन मंदिर, जो की पुराने शहर में स्थित है एवम जैन समाज का छेत्र में बहुतायत है प्रदान किए गए उस अवसर पर भोपाल पंचायत समिति के अध्यक्ष एवम अन्य पदाधिकारी भी उपाष्ठित थे, सभी ने फोरम की सोच एवम कार्य की प्रसंशा की. कंबल वितरण लालघाटी जैन मंदिर. श्री चंद्रप्रभु जैन मंदिर भोपाल, यह भी पुराने भोपाल का लगभग 100 वर्ष प्राचीन मंदिर , मंदिर के अध्यक्ष, एवम अखिल भारतीय वैश्य समाज के महामंत्री भी साथ थे.

## Lalitpur Unit: 24.12.2023

**जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर द्वारा स्कूलों में स्वेटर एवं गरम वस्त्र  एवम मौजा वितरण कार्यक्रम संपन्न ।**

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर के सौजन्य से प्रथम चरण में श्री वर्णी जैन कॉन्वेंट स्कूल में  जरूरत मंद छात्र छात्राओं को ड्रेस के स्वेटर,मौजा एवं गरम वस्त्र वितरित किये गये। संस्था के अध्यक्ष श्री सनत जैन खजुरिया ने बताया कि जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर जन सेवा के कार्यों में हमेशा अग्रणीय भूमिका का निर्वहन करती है एवं प्रति वर्ष ठंड के मौसम में जरूरत मंदो को कंबल एवं गरम वस्त्रों को वितरित करती है।स्कूल की प्रधानाचार्या ने जैन बैंकर्स फोरम के कार्य की सराहना करते हुए बताया कि उनके स्कूल में काफी निर्धन एवं जरूरत मंद बच्चे है जिन्हें इस प्रकार के मदद की आवश्यकता रहती है।यह संस्था प्रति वर्ष कुछ छात्रों को फीस भी प्रदान करती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में सर्व श्री सनत जैन खजुरिया, गौरव जैन,राज कुमार सराफ,महिपाल जैन,चंद्र कुमार जैन,सुरेन्द्र सिंघई,केवल चंद्र जैन,चंद्र कुमार जैन,प्रतीक जैन आशीष जैन के साथ स्कूल की प्रधानाचार्या श्री मति रश्मि बुंदेला,स्नेह लता आचार्य , रतन परमार,हिमानी,कल्पना,सोनम,निशिता,भारती,मुस्कान,प्रगति ,परमानंद के साथ स्कूल का समस्त स्टाफ भी रहा।

## Muzaffarnagar Unit: 25.12.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम मुजफ्फरनगर यूनिट द्वारा   को  दिनांक " प्राइमरी स्कूल पुलिस स्टेशन  के सामने नई मंडी मुजफ्फरनगर" 17 /11/ 2023 को बच्चों के बैठने हेतु 12 स्टील की टेबल एवम बेंचेज कीमत लगभग), 34000/-) भेंट की गई। इस अवसर पर जैन बैंकर्स फोरम के सम्मानित सदस्य श्री राजेंद्र कुमार जैन,श्री वाईके जैन .,श्री विमल प्रकाश जैन,श्री अशोक कुमार जैन,श्री जवाहर लाल जैन, श्री अरविंद जैन एवम प्रवीण कुमार जैन उपस्थित रहे। श्रीमती निशा जैन )PNB) ने कार्यक्रम में विशेष रूप से भाग लिया। स्कूल के सभी students, Teachers , staff members एवम उपस्थित जैन बैंकर्स फोरम के सदस्यों को मिष्ठान खिलाकर कार्यक्रम संपन्न किया गया ।

प्रवीण कुमार जैन — वाई जैन. के.
अध्यक्ष — सचिव

## Agra Unit: 25.12.2023

आज दिनांक 25 दिसंबर 2023 को जैन बैंकर्स फोरम, आगरा के सदस्यों ने PFA(People for Animals) दयाल बाग जाकर बीमार, बेसहारा, आवारा जानवरों, पक्षियों जैसे कुत्ते, सुअर, बिल्ली,गाय, गधा ,घोड़ा,बंदर   आदि के इलाज एवम भरण पोषण के लिए Rs 5000/ की नकद राशि वहां के मैनेजर को प्रदान की । वहां का प्रबंध देखकर सभी सदस्य बहुत प्रभावित हुए।

इस अवसर पर श्री राहुलेंद्र चंद्र जैन ,राकेश जैन, राजीव जैन, अवधेश जैन, महेश जैन एवं जे बी जैन  उपस्थित थे ।

राजीव जैन,अध्यक्ष — जे बी जैन, मंत्री

## Muzaffarnagar Unit: 26.12.2023

आप सभी को सूचित करना है कि  की एक आम सभा आज दिनांक " अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम मुजफ्फरनगर यूनिट"25/12/2023 ,दिन सोमवार को दोपहर 11.00 बजे  पंजाब नेशनल बैंक के यूनियन ऑफिस ,रामलीला ग्राउंड के सामने आहूत की गई । जिसमे णमोकार महामंत्र के उपरांत पिछली मीटिंग मे लिए गए निर्णयो के अनुरूप् किये गए कार्यो  की जानकारी दी गई।

साथ ही आगामी activities, विशेषकर  नववर्ष  2024 के प्रथम माह,  प्रथम सप्ताह मे सर्दी को ध्यान मे रखते हुए  आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 150 परिवारों को कम्बल वितरण करने के लिए विचार विमर्श के पश्चात यह निर्णय लिया गया कि उक्त कार्यक्रम के स्थान पर श्री हस्तिनापुर तीर्थ क्षेत्र पर चल रहे गुरुकुल के छात्रो एवं् कर्मचारीगण को  लगभग 100 कम्बल वितरण आने वाले रविवार दिनांक,31.12.23 को केवल सदस्यों के सहयोग से ही किया जाए.सभा में उपस्थित सभी निम्न सदस्यों ने अपनी इक्छानुसार आर्थिक सहयोग देने के लिए सहमति-: धनराशि प्रदान की है/

1. श्री राजीव जैन जी
2. श्री सुबोध कुमार जैन जी
3. श्री राजेंद्र कुमार जैन जी
4. श्री हर्ष कुमार जैन जी
5. श्री जवाहर लाल जैन जी
6.श्री विमल प्रकाश जैन जी
7. श्री अनिल जैन जी
8. श्री आदीश जैन जी
9. श्री वाईजैन जी.के.
10. श्री अरविंद कुमार जैन जी
11. प्रवीण कुमार जैन

शेष सदस्यों से भी इस कार्यक्रम में अपनी स्वेक्छा से आर्थिक सहयोग एवं सहभागिता करने की अपेक्षा की जाती है।
सभी सदस्य अपनी अपनी यात्रा व्यवस्था से दिनांक 31.12.23 को प्रातः,10.00 बजे मुज़फरनगर से हस्तिनापुर प्रस्थान एवम 11.30 बजे उक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु गुरुकुल, हस्तिनापुर प्रांगण में सादर आमंत्रित हैं . कृपया अपनी सहयोग राशि न्युनतम)₹1000/-) की स्वीकरति एवम भाग लेने हेतु अपने नाम ग्रुप में 28.12.2023 तक सूचित कर दे ताकि मन्दिर कमेटी को दोपहर के भोजन की व्यवस्था करने के लिए सूचित करना संभव हो सकें।उक्त मीटिंग के प्रारंभ में सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा हमारे कोषाध्यक्ष श्री अरविंद कुमार जैन जी को उनके जन्म दिवस की शुभकामनाएं दी गई एवम श्री राजीव कुमार जैन,patron, प्रवीण कुमार जैन अध्यक्ष एवम श्री वाई के जैन, सचिव के द्वारा उन्हे एक नन्हा पौधा) sappling) भेंट किया गया। इस अवसर पर धन्यवाद स्वरूप, श्री अरविंद जैन जी द्वारा सभी सदस्यों को सूक्षम जलपान कराया गया।

| | |
|---|---|
| प्रवीण कुमार जैन | वाई .जैन के |
| अध्यक्ष | सचिव |

## Bhopal Unit: 26.12.2023

अखिल भारतीय Jain बैंकर्स फोरम भोपाल द्वारा प्रसिद्ध प्रवतारोही याशी जैन का सम्मान किया गया साथ ही शहर की 10 प्रमुख बालिकाओं को भी सम्मानित किया गया. राशि जैन को फोरम की और से 11000 की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई, साथ ही अनुशासनोदय जैन परिवर्रो की मदद करने वाली संस्था को 4000 की राशि प्रदान की गई. कार्यक्रम में लगभग 40 सदस्यों ने परिवार सहित भाग लिया.सभी ने साथ में लंच भी लिया.

## Gurgaon Unit: 27.12.2023

दिनांक 27/12/2023 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, गुड़गांव के तत्वाधान में बेहरामपुर, गुड़गांव स्थित कैप्टन चंदरलाल स्पेशल मिडिल स्कूल फॉर द ब्लाइंड को फोरम सदस्यों द्वारा विजिट किया, जहां संस्था में पिछले 33 वर्ष से कार्यरत, एडमिन एवं अकाउंट्स ऑफिसर, श्री संजीव आनन्द जी ने संस्था के कार्यकलाप तथा संचालन के विषय में फोरम के सदस्यों को अवगत कराया, तथा पूरे स्कूल का निरीक्षण कराया। उन्होंने बताया कि संस्था में 120 बच्चे शिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जो पूर्णतया दृष्टि विहीन हैं। जिन्हें 11 शिक्षक अध्यापन कार्य कराते हैं। विशेष उल्लेखनीय है कि इन 11 शिक्षकों में से 7 शिक्षक दृष्टि बाधित )Visually impaired) हैं। इस संस्था में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अद्भुत दृश्य को देख कर सभी सदस्यों का हृदय करुणा से भर गया। प्रभु की इन अनुपम कृतियों को देख कर सारे सदस्य भावविह्वल थे। श्री संजीव जी ने बताया कि इस संस्था के आगे से सैकड़ों लखपति और करोड़ पति गुजरते हैं मगर अन्दर सहायता के लिए वो ही आ पाते हैं जिनके पुण्य का उदय होता है। इसी पुण्योदय के प्रताप से फोरम के सदस्यों ने संस्था विजिट की और संस्था के हेड मिस्ट्रेस श्रीमति नीना रानी को निम्न सदस्यों ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

| | |
|---|---|
| श्री सोम प्रकाश जैन | ₹. 8000 |
| श्री मुदित जैन | ₹. 5000/ |
| श्री पी के जैन | ₹. 5100 |
| श्री आर सी जैन | ₹. 2100 |
| श्री पवन जैन | ₹. 1100 |
| श्री राजेश जैन | ₹. 1100 |
| श्री संजीव जैन | ₹. 1100 |
| श्री डी पी जैन | ₹. 1100 |
| कुल प्रदत्त राशि | ₹. 24600 |

अन्त में संस्था में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को फोरम द्वारा दोपहर का भोजन करा कर पुण्यार्जण प्राप्त किया। सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 31.12.2023

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से नए वर्ष की पूर्व संध्या पर रात्रि 12:00 बजे से गुरु तेग बहादुर )GTB) हॉस्पिटल दिलशाद गार्डन दिल्ली में 65 कंबल का वितरण किया गया। कंबल अस्पताल के मरीज के साथ आए तीमारदार जो अस्पताल के विभिन्न खुले स्थानों पर गैलरी में बाहर लॉन में या पार्क में ठिठुर रहे थे वहां जाकर उन्हें कंबल उढ़ाया गया। इस कार्यक्रम में GTB अस्पताल के प्रबंधक के द्वारा भी अपना मार्गदर्शन दिया एवं जैन बैंकर फोरम द्वारा किए गए इस अविस्मरणीय कार्य की अत्यंत प्रशंसा की। साथ ही कंबल का वितरण वैशाली क्षेत्र के दो मंदिर एवं वसुंधरा क्षेत्र के दो मंदिर के मालियों एवं वसुंधरा जैन मंदिर में कार्यरत अस्पताल के कर्मचारियों को भी कंबल वितरित किए गए. इतनी ठंड में इस कार्यक्रम में श्री केवीएस जैन संरक्षक श्री श्री जेके जैन संरक्षक श्री विशाल चंद जैन अध्यक्ष श्री बी एस जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री अभिषेक जैन कार्यकारी अध्यक्ष श्री अभिक जैन सदस्य श्री अंकित जैन सचिव एवं श्री अरुण कुमार जैन सदस्य द्वारा अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। साथ ही इस कार्यक्रम में आर्थिक सहयोग के रूप में निम्न सदस्यों द्वारा अपनी सहभागिता दी गई :

1. श्री जेके जैन -Rs.1600/-
2. श्री अभिषेक जैन -Rs.1600/-
3. श्री विशाल चंद जैन -Rs.1100/-
4. श्री संजय जैन -Rs.1100/-
5. श्री अंकुर जैन -Rs.1100/-
6. श्री केवीएस जैन -Rs.1100/-
7. श्री विमल कांत जैन -Rs.1200/-
8. श्री अंकित जैन -Rs.1100/-
9. श्री बीएस जैन -Rs. 1600/-
10. श्री दुष्यंत जैन -Rs.2100/-
11. श्री निर्मल कुमार जैन -Rs. 1600/-
12. श्री मयंक कुमार जैन -Rs.1600/-
13. श्री सुनील कुमार जैन -Rs.1100/-

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## THA Ghaziabad Unit: 01.01.2024

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि हमारी शाखा के सहयोग से कुमारी प्रीषा जैन एवं मास्टर आदि जैन सुपुत्र एवं सुपुत्री श्री प्रशांत जैन के जैन माइनॉरिटी सर्टिफिकेट बनाने में सहयोग प्रदान किया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Muzaffarnagar Unit: 02.01.2024

आपको यह बताते हुए हर्ष हो रहा है की यूनिट की 25/12/2023 को हुई साधारण सभा में दिनांक 31 /12/ 2023 को श्रीहस्तिनापुर गुरुकुल के 66 बच्चों एवम 20 स्टाफ सदस्यों को करने का निर्णय लिया गया " कम्बल वितरण "। जिसके लिए अभी तक निम्न सदस्यों द्वारा आर्थिक सहयोग दिया गया है

1. श्री राजीव जैन जी
2. प्रवीण कुमार जैन
3.श्री सुबोध जैन जी
4. श्री वाईजैन .के .
5.श्री अनिल जैन जी
6. श्री आदीश जैन जी
7.श्री अरविंद जैन जी
8.श्री राजेंद्र जैन जी"
9. श्री हर्ष जैन जी
10. श्री जवाहर लाल जैन जी
11. श्री विमल प्रकाश जैन जी

शेष सदस्य स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग कर सकते हैं।

उक्त निर्णय के अनुसार  दिनांक 31.12.2023,रविवार  को प्रातः10:00 बजे सदस्यों सहित,16 लोगो द्वारा  मुज़फ्फरनगर से प्रस्थान कर तीर्थक्षेत्र श्रीहस्तिनापुर  मन्दिर जी के दर्शन किये गए, तत्पश्चात गुरुकुल में ही भोजन के उपरांत  कम्बल वितरण   कार्यक्रम  में सभी के द्वारा भाग  लिया गया।

सर्वप्रथम गुरुकुल के छात्रों द्वारा 9 बार  णमोकर महामंत्र का पाठ  एवम सभी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष  प्रवीण कुमार जैन एवम सचिव श्री वाई के जैन ने सभी का स्वागत करते हुए जैन बैंकर्स फोरम के उद्देश्यों एवम किये जा रहे कार्यो की जानकारी दी व छात्रों को  प्रभु भक्ति करते हुए ,मन लगाकर शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया।

साथ ही उन्हे  बैंक शाखा में होने वाले कार्यो की भी जानकारी दी गयी एवम् बैंक में बचत खाते खोलने के लिए कहा गया। गुरुकुल प्रबंधक श्री कैलाश चंद जैन जी ने जैन बैंकर्स फोरम, मुज़फ्फरनगर का आभार व्यक्त किया गया व सभी बच्चो के बैंक खाते खुलवाने का अस्वासन दिया गया।

तत्पस्चात् सभी ने मुनि श्री सुनील सागर जी व अन्य मुनियों के  दर्शन कर प्रस्थान किया.

प्रवीण कुमार जैन              वाई      जैन.के.
अध्यक्ष                  सचिव

## Gurgaon Unit: 03.01.2024

श्रीमती प्रभा रानी जैन के द्वारा ज्ञान आरोग्य धाम बड़गांव में एक कमरे निर्माण हेतु प्रथम किस्त ₹50000 देने की बहुतबहुत अनुमोदना। - बहुत ही प्रशंसनीय और सराहनीय कार्य. श्रीमती प्रभारानी जैन केनरा बैंक से रिटायर्ड चीफ मैनेजर हैं और गुड़गांव यूनिट की सम्मानीय सदस्या हैं.

## Bhopal Unit: 04.01.2024

**जैन बैंकर्स फोरम भोपाल यूनिट  द्वारा बैंकिंग जागरूकता शिविर ,**

जैन बैंकर्स फोरम भोपाल यूनिट द्वारा अपने सामाजिक सरोकार कार्यक्रम के अंतर्गत दिनाक बैंकिग "  9बजे रविवार सुबह  07.01.2024 निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री दिगंबर जैन धर्मशाला चौक भोपाल किया  2550 का आयोजन भगवान महावीर के "जागरूकता शिविर जा रहा है जिसमेंबैंकिग से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा .उपरोक्त संबंध में आज पंचायत समिति के अध्यक्ष श्री मनोज बांगा एवम अन्य कमेटी मेंबर्स के साथ कार्यक्रम की पूर्ण रूपरेखा तैयार करने हेतु एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे निम्न कार्यक्रम तय हुआ

- पंचायत कमेटी द्वारा सभी मंदिर समितियों से आने का अनुरोध किया है, साथ ही उनसे नोटिस बोर्ड पर लिखने का भी कहा गया है
- दिगंबर जैन स्कूल के छात्र और अध्यापकों को भी आमंत्रित किया गया है
- कार्यक्रम का प्रारंभ आचार्य श्री के चित्र के अनावरण से होगा
- श्री मनोज बांगा का स्वागत भाषण, एवम सम्मान कार्यक्रम
- एसबीआई एवम बैंक ऑफ इंडिया से पधारे प्रतिनिधि अपनी योजनाओं की जानकारी देंगे
- श्री अक्षय चौधरी एएसपी साइबर क्राइम शाखा  का उद्बोधन
- फोरम के प्रतिनिधियों का साइबर फ्रॉड, बैंक स्कीम, शिक्षा ऋण आदि पर उद्बोधन
- आमंत्रित चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा उद्बोधन
- सवाल जवाब एवम समस्या का समाधान प्रदान किया जायेगा
- कार्यक्रम यूट्यूब पर प्रसारित होगा

अंत में फोरम द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव श्री राजेश जैन द्वारा जलपान उपरांत समापन.

## Bhopal Unit: 07.01.2024

भगवान महावीर स्वामी के 2550 निर्वाण वर्ष के उपलक्ष्य में आज पंचायत कमेटी ट्रस्ट भोपाल द्वारा एक बैंकिंग जागरूकता शिविर का आयोजन चोक धर्मशाला में किया गया जिसमे जैन बैंकर्स फोरम भोपाल यूनिट के अध्यक्ष श्री अनिल जी आरबीआई एवम सचिव प्रभात जी गोयल जी  कोषाध्यक्ष ताराचंद जी कार्यक्रम के सूत्रधार राजेश जी के साथ बैंक ऑफ इंडिया के एजीएम श्री अभिषेक सिन्हा एवम ब्रांच मैनेजर कुमारी शैलजा सहित अनेको जैन  बैंकर्स ने उपस्थित होकर शिविर में अपनी बात रखी. इससे पूर्व ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज बांगा मंत्री मनोज आर एम कोषाध्यक्ष हुकमचंद अंकेक्छक अरविंद सीए एवम मुख्य अतिथियों द्वारा भगवान महावीर स्वामी एवम आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के चित्र के सामने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यकर्म का शुभारंभ हुआ।

ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज बांगा जी एवम ट्रस्टीगन द्वारा अतिथियों का टीका  माला  एवम स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया. इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज बांगा ने कहा की समाज  के अनेक लोगों को  बैंकिंग  के क्षेत्र में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है आज आप सभी बैंकर्स के वरिष्ठ लोगों से अनेक महत्वपूर्ण जानकारी हमे मिलेगी आपके सहयोग के लिए ट्रस्ट आपका आभारी रहेगा। मंत्री मनोज आर एम ने कहा की वर्तमान में साइबर क्राइम सम्पूर्ण देश के लिए एक बड़ी चुनौती बनकर उभरी है इससे कैसे हम बच सकते हैं किस तरह की सावधानी बरतें की हम साइबर क्राइम से धोखा न खा सकें।आज निश्चित हो आप विशेषज्ञों से हमरी समाज बैंकिंग जागरूकता के स*ाथ

साइबर क्राइम से बचाव की जानकारी प्राप्त कर सकेगे पंचायत कमेटी ट्रस्ट इस सब के लिए आप सभी बैंकर्स का धन्यवाद .इस अवसर पर फोरम के अनिल जी आर बी आई, प्रभात गोयल ,ताराचंद जी जैन राजेश जी समेत अनेक बैंकर्स उपस्थित थे साथ ही मनोज बांगा मनोज आर एम हुकमचंद अरविंद सीए ऋषभ जी कोतवाली सतेंद्र जी गुड्डू सहित अनेक समाज जन उपस्थित थे.कार्यकर्म का संचालन प्रभात गोयल ने किया.

## THA Ghaziabad Unit: 08.01.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम ट्रांस इंडियन गाजियाबाद शाखा द्वारा परम प्रभावक आचार्य धर्म भूषण महाराज जी एवं अन्य तपसियों की जन्म भूमि अतिशय क्षेत्र करनावल जहां पार्श्वनाथ भगवान की 650 वर्ष पुरानी प्रतिमा मूल नायक के रूप में विराजमान है के के 2900 वे जन्म कल्याणक दिवस पर भव्य पालकी यात्रा समारोह पर एक बस शाखा द्वारा ले जाई गई जिसमें पांच शाखा सदस्य परिवारों ने भाग लिया एवं साथ ही वैशाली वसुंधरा एवं इंदिरापुरम समाज के लोगों ने भाग लिया इस अवसर पर हमारे संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन के परिवार को को पालकी सारथी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर इस छोटे से गांव में पुराने समय में रहने वाले करनावल ग्राम के लगभग 300 परिवारों ने भाग लिया। पालकी यात्रा के बाद सभी चमत्कारी अतिश्यकारी चंद्रप्रभु भगवान की जिनालय बरनावा के दर्शन करने गए वहां सभी ने दर्शन एवं भगवान के मंगल आरती की एवं उसके बाद बरनावा मंदिर के 10 कर्मचारियों को कंबलों का वितरण शाखा की ओर से किया गया। इन सभी कार्यक्रमों में शाखा की ओर से संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बीएस जैन सचिव श्री अंकित जैन शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन शाखा सदस्य श्रीमती नेहा जैन के परिवारों ने भाग लिया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Bhopal Unit: 14.01.2024

बैंकिंग जागरूकता शिविर एवम विभिन्न मंदिरों में लगाए गए टेलीफोन नम्बर के हैंगिंग पोस्टर्स का अच्छा रिस्पॉन्स आ रहा है, अभी तक मेरे पास 6 पूछताछ हेतु फोन आ चुके हैं जिनमे से 3 शिक्षा ऋण, 2 एटीएम एवम सीसी लिमिट हेतु जानकारी ली गई, सभी का संतोषजनक निराकरण किया गया.

प्रभात गोयल

## THA Ghaziabad Unit: 14.01.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस इंडियन गाजियाबाद शाखा द्वारा आज इंदिरापुरम गाजियाबाद के दो मंदिरों में अहिंसा खंड एवं नीति खंड के मंदिरों में मालियों एवं अन्य कर्मचारियों को कंबल वितरित किये। इस वितरण कार्यक्रम में शाखा के संरक्षक श्री जेके जैन संरक्षक श्री केवीएस जैन अध्यक्ष श्री विशाल जैन सचिव श्री अंकित जैन कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बीएस जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन शाखा सदस्य श्री सुखसागर जैन ने अपनी सहभागिता दी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Lalitpur Unit: 19.01.2024

<u>जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर एवम जैन एंबुलेंस सेवा समिति ललितपुर के तत्वावधान में विशाल न्यूरोपैथी नसों की कमजोरी एवम )
जांच एवं उपचार शिविर सम्पन्न(डायबिटीज संबंधी</u>

दिनांक 19/1/2024 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम एवम जैन एंबुलेंस सेवा समिति ललितपुर के तत्वावधान में आधुनिक मशीनो द्वारा विशाल जाँच एवं उपचार शिविर सम्पन्न किया गया।शिविर की अध्यक्षता दि जैन समाज के अध्यक्ष डॉ अक्षय जैन .taraiya ने की। शिविर न्यूरोपैथी विशेषज्ञ श्री संजीव प्रियदर्शी एवं जितेंद पंथ, ने अपने उद्बोधन में बताया कि 40 वर्ष की उम्र के बाद मनुष्य के शरीर की नसों में कमजोरी एवं झुनझुनाहट प्रारम्भ हो जाती है एवं पक्षाघात की संभावना बड़ जाती है इसके बचाव के लिए समय समय पर जांच उपयोगी है एवं कैल्शियम व विटामिन डी युक्ति समुचित भोजन ब दवाएं लेते रहने इस समस्या से बचा जा सकता है।उन्होंने कहा कि 50 वर्ष की उम्र के बाद नियमित जांच एव उपचार आवश्यक है। शिविर में लगभग 110 लोगों ने अपनी जांच कराकर उपचार लिया। शिविर को सफल बनाने में संस्था के संरक्षक सनत जैन खजुरिया के साथ अध्यक्ष श्री विजय जैन लागोंन मंत्री,श्री राजकुमार सराफ श्री रमेश कुमार जैन ,सुरेंद्र सिंघई, सौरभ जैन,सौरभ जैन मेडिकल आदि का विशेष सहयोग रहा।

## Ghaziabad Unit: 25.01.2024

We feel pleasure to inform you that our unit has contributed a financial support to a economically weaker section Jain boy in Hip replacement treatment for Rs.61551/- in the month of December 23.

S.K.Jain, President　　　　V.K.Jain, Secretary

## Gurgaon Unit: 25.01.2024

दिनांक 21/01 2024 को यूनिट के पदाधिकारियों और सम्मानित सदस्यों की एक बैठक जैन मंदिर जी सिद्धान्त क्षेत्र शिकोहपुर में हुई। जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित थे।

1. सर्व श्री पी के जैन
2.श्री अनिल कुमार जैन
3. श्री पवन जैन
4. श्री राजेश जैन
5. श्री नरेश जैन sbi
6. श्री महेश सिंगल
7. श्री मति ऊषा जैन
8. श्री मति रेखा जैन
9. श्री मति सुषमा जैन
10. श्री संजीव जैन
11. श्री सुनील जैन
12. श्री अभिषेक जैन
13. श्री आकाश जैन
14. श्री प्रदीप जैन
15. श्री राकेश जैन
16. श्री आदेश जैन
17. श्री डी सी जैन

जिसमें सभी सम्मानित सदस्यों ने श्री पी के जैन, सरंक्षक की अध्यक्षता में कुछ उपयोगी और आकर्षक प्रस्तावों पर चर्चा की। जिन्हें दिनांक 24/01/2024, पोष बदि चतुर्दशी को भक्तामर पाठ के नियमित आयोजन में सबकी सहमति हेतु श्री पी के जैन, सरंक्षक, श्री पवन जैन, यूनिट प्रधान और राजेश जैन, यूनिट सचिव द्वारा सभी सद्स्यों के समक्ष मीटिंग के पटल पर रखा गया।

1. श्री पी के जैन, सरंक्षक ने सर्व प्रथम अवगत कराया कि का आयोजन यूनिट किसी सदस्य के "माह में एक बार णमोकार मंत्र का जाप" आवास स्थान पर किया जाये।

2. श्री राजेश जैन सचिव के आव्हान पर श्री पवन जैन, प्रधान ने यह विचार प्रस्तुत किया कि अयोध्या जी और उसके आसपास के धार्मिक " "क्षेत्रों की यात्रा में लिए एक आयोजन किया जाय।

"सभी सदस्यों के विभिन्न विचार, मत और विमर्श के पश्चात श्री सोम प्रकाश जैन, सरंक्षक ने प्रस्तावों को अन्तिम रूप देते हुए निम्न निर्णय से अवगत कराया।"

1. माह फरवरी 2024 से प्रत्येक माह के आखिरी शनिवार को यूनिट के किसी न किसी सदस्य के आवास पर णमोकार मंत्र के जाप का आयोजन किया जायेगा, जिसका समय दिन में 2 बजे से 4 बजे तक रहेगा।

2. माह मार्च 2024 में होली त्योहार के पश्चात अयोध्या जी एवं आसपास के संभावित क्षेत्रों की यात्रा का आयोजन किया जाये जिसकी रूपरेखा श्री पवन जैन बना कर अवगत करायेंगे।

सभी सदस्यों ने बहुत ही हर्षित होकर करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए प्रस्तावों पर अपनी मोहर लगाई। आपको यह जानकर हर्ष होगा कि फरवरी माह हेतु णमोकार मंत्र के पाठ हेतु सहमति भी प्राप्त हो चुकी है.

"यह प्रथम आयोजन करने का सौभाग्य मिला है श्री सुभाष जैन को"

दिनांक 24/02/2024

समय दोपहर 2.00 बजे से 4.00 बजे तक

गृह निवास की लोकेशन समय पर भेज दी जायेगी

अंत में सचिव श्री राजेश जैन ने सबको धन्यवाद ज्ञापित किया, और सभा को यहीं विराम दिया।

राजेश जैन

सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 26.01.2024

5 नवंबर 2023 को आचार्य सुनील सागर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित की गई बैंकिंग संगोष्ठी में हमारे द्वारा आचार्य श्री को यह आश्वासन दिया गया था कि हम जल्द ही अपने निकटवर्ती क्षेत्र के जैन मंदिरों में जैन समाज के लोगों की बैंकिंग संबंधित समस्याओं का समाधान करने के लिए पोस्टर लगाएंगे।

इसी आश्वासन को पूर्ण करने के लिए आज दिनांक 25 जनवरी 2024 को अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा बैंकिंग समस्याओं के समाधान हेतु जारी किए गए पोस्टर का अनावरण आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज के दीक्षा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री भव्यकुमार जीनप्पा गुंडे जो राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हैं एवं श्री नरेंद्र कुमार जैन,

रिटायर्ड प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एवं सेशन जज के कर कमलों के द्वारा कराया गया। इस अवसर पर ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा से संरक्षक श्री केवीएस जैन, शाखा संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री श्रेयांश कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बीएस जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं शाखा सदस्य श्री सुखसागर जैन, नोएडा शाखा के अध्यक्ष श्री आरबी जैन, श्री सुशील कुमार जैन रिटायर्ड वीपी इंडसइंड बैंक ने अपनी सहभागिता दी। इस अवसर पर आचार्य सुनील सागर जी महाराज द्वारा लाल किले पर भारी गई हुंकार के संबंध में प्रकाशित पुस्तिका का भी विमोचन किया गया जिसके विमोचन करने में सहभागिता देने का सौभाग्य भी हमारी शाखा के सदस्यों को प्राप्त हुआ।

उपरोक्त पोस्टर ट्रांस हिंडन गाजियाबाद क्षेत्र के निकटवर्ती जैन मंदिरों में लगाया जाएगा ताकि हम वहां के जैन समाज के सदस्यों से आने वाली बैंकिंग समस्याओं का समाधान कर पाने में सहयोगी बन सके एवं आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज के मुख्य उद्देश्यों का सही दिशा में अनुपालन कर सके।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

यह पोस्टर निकटवर्ती वैशाली क्षेत्र के दो मंदिर वसुंधरा क्षेत्र के दो मंदिर इंदिरापुरम के दो मंदिर नोएडा के दो मंदिर ऋषभ विहार एवं सूर्य नगर जैन मंदिर में लगवा दिए गए हैं. 02.02.24

## East Delhi Unit: 27.01.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की दिल्ली ईस्ट शाखा के द्वारा आज दिनांक 27 जनवरी 2024 की प्रातठंड के मौसम में यमुना बाजार : में रहने वाले लगभग दिल्ली के मरघट वाले हनुमान मंदिर के पास ठंड400 व्यक्तियों को चाय एवं बिस्किट का वितरण किया गया जिसको ग्रहण करते हुए सभी ने जय श्री राम एवं मरघट वाले बाबा की जय बोलते हुए सभी के लिए मंगल कामना की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री प्रवीण कुमार जैन अध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार जैन सचिव एवं श्री अशोक कुमार जैन सदस्य द्वारा भाग लिया गया।

| | |
|---|---|
| प्रवीण कुमार जैन | प्रदीप कुमार जैन |
| अध्यक्ष | मंत्री |

## Sawaimadhopur Unit: 27.01.2024

जैन बैंकर्स फोरम के अध्यक्ष मोहनलाल जैन एवं परिवार द्वारा श्री चन्द्र सागर विद्यालय के छात्रों को कंबल वितरित किए गये.

## Gurgaon Unit: 29.01.2024

दिनाँक 16 जनवरी की प्रश्नोत्तरी के परिणाम स्वरूप प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले 16 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए।

## THA Ghaziabad Unit: 04.02.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की साधारण सभा श्री विमल कांत जैन शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय तकनीकी मंत्री के निवास गुलमोहर ग्रीन मोहन नगर पर आज दिनांक 4 फरवरी 2024 को दोपहर 2:00 बजे आयोजित की गई जिसमें शाखा के 13 सदस्यों ने भाग लिया। सभा का शुभारंभ 9 बार नवकार मंत्र का पाठ करने के साथ हुआ। मीटिंग की अध्यक्षता श्री विमल कांत जैन जी द्वारा की गई। शाखा में पधारे नए सदस्य श्री अरुण कुमार जैन, VP, मोजिहो Bank ( Japani Bank) का माल एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। सर्वप्रथम सचिव श्री अंकित जैन द्वारा पिछली आयोजित सभा की मिनिट्स पढ़कर सुनाई एवं सर्वसम्मति से इसकी पुष्टि की गई। उसके उपरांत सचिव महोदय ने 1 सितंबर 2023 से 31 जनवरी 2024 तक शाखा द्वारा आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी एवं उसकी समीक्षा की गई। आगामी समय में किए जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा करते हुए निम्न कार्यक्रम निकट भविष्य में कराए जाने के ऊपर सहमति दी गई है:

1. यह निर्णय लिया गया कि हर तीसरे महीने में कम से कम एक बार 48 दीपक भक्तांबर विधान का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यकारी वर्ष में पहला पाठ नवंबर में किया गया था उसके उपरांत अब 8 फरवरी को तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याण के अवसर पर यह विधान आयोजित किया जाएगा।
2. फरवरी के महीने में ही दसवीं एवं 11वीं क्लास के बच्चों के लिए करियर काउंसलिंग का कार्यक्रम किए जाने पर सभी ने अपनी सहमति दी।
3. मार्च या अप्रैल के महीने में एक मेडिकल कैंप कैंसर एक्सपर्ट को बुलाई जाने एवं मैमोग्राफी कराए जाने के लिए वैन को भी बुलाने पर सहमति दी गई।
4. निकट भविष्य में बड़े गांव के बाल आश्रम या गुरुकुल में बच्चों को स्टेशनरी आदि का वितरण किए जाने का भी निर्णय लिया गया।
5. यह भी निर्णय लिया गया कि हमारे द्वारा जो निकटवर्ती क्षेत्रों में बैंकिंग समस्या समाधान हेतु पोस्टर लगाए गए हैं उससे संबंधित कोई भी जैन समाज के बंधुओ से प्राप्त समस्याओं का त्वरित निराकरण किये जाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

शाखा संरक्षक श्री जेके जैन द्वारा बताया गया कि हमें जल्द ही केंद्रीय कार्यालय को अपनी शाखा के सदस्यों की सूची प्रेषित करनी है अतः हमें प्रयास करना चाहिए कि जल्द से जल्द हम अपनी शाखा की सूची को अपडेट कर उन्हें प्रेषित करें साथ ही सभी सदस्यों से अपना वार्षिक

सदस्यता शुल्क भी जल्द से जल्द जमा करना है ताकि उसका भी 50% केंद्रीय कार्यालय को प्रेषित किया जा सके। उपस्थित सभी 13 सदस्यों के द्वारा अपना वार्षिक सदस्यता शुल्क तुरंत जमा कर दिया गया जिसके लिए सचिव श्री अंकित जैन द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया।

यह भी अनुरोध किया गया कि शाखा के सदस्यों की सूची अपडेट करके ग्रुप पर डाली जाए ताकि यदि उसमें किसी प्रकार का संशोधन किया जाना हो तो उस संशोधन को करके एवं पूर्ण रूप से अपडेट करके केंद्रीय कार्यालय को भेजा जा सके। शाखा में सदस्यों की संख्या बढाने पर भी जोर दिया गया एवं सभी उपस्थित सदस्यों से अनुरोध किया गया कि यदि उनकी जानकारी में कोई भी सदस्य हमारे निकटवर्ती क्षेत्र में कार्य कर रहा है या रह रहा है तो उसकी जानकारी हमें दें ताकि उसे शाखा का सदस्य बनाया जा सके। अंत में सूक्ष्म जलपान के साथ एवं आयोजक श्री विमल कांत जैन जी का मीटिंग किए जाने एवं स्वादिष्ट जलपान कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## THA Ghaziabad Unit: 06.02.2024

हमें पटपड गंज दिल्ली से श्रीमती रचना जैन जो पिछले 6 महीने से बैंक ऑफ़ बड़ौदा में अपना हाउसिंग लोन समय से पूर्व बंद कराने का प्रयास कर रही थी परंतु नहीं हो पा रहा था, की रिक्वेस्ट हमारे पास आई हमारे द्वारा श्रीमती आयुषी जैन अधिकारी बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सहयोग से यह कार्य त्वरित रूप में कर पाने में सफल हुए। साथ ही उनके प्रॉपर्टी संबंधी सभी दस्तावेज भी उन्हें प्राप्त करा दिए गए हैं। इसके लिए हम श्रीमती आयुषी जैन अधिकारी बैंक ऑफ़ बड़ौदा का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।

| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## THA Ghaziabad Unit: 08.02.2024

तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के निर्वाण उत्सव के अवसर पर आज दिनांक 8 फरवरी 2024 को अपराहन 6:30 बजे अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से भक्तांमर जी का 48 दीप महा अर्चना पाठ भव्य रूप में श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका वैशाली में आयोजित किया गया जिसमें शाखा के 10 सदस्य परिवारों ने भाग लिया। जिसमें मुख्य रूप से श्री केवीएस जैन संरक्षक श्री जेके जैन संरक्षक श्री विशाल चंद जैन अध्यक्ष श्री अंकित जैन सचिव श्री श्रेयांश कुमार जैन उपाध्यक्ष श्री संजय कुमार जैन वसुंधरा सदस्य कुमारी प्रीतिति जैन वैशाली सदस्य श्री निर्मल कुमार जैन कोषाध्यक्ष श्री अरुण जैन वैशाली सदस्य श्री मयंक जैन वैशाली सदस्य एवं वैशाली क्षेत्र से बड़ी संख्या में समाज के परिवारों द्वारा भाग लिया गया। इस अवसर पर शाखा की ओर से जैन समाज के अध्यक्ष श्री महिम जैन जी, श्रीमती शिप्रा जैन एवं वर्धमान वूमन क्लब सदस्याओं का इस कार्यक्रम में सहभागिता देने एवं सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। अंत में भक्तांमर पाठ की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## THA Ghaziabad Unit: 23.02.2024

आज दिनांक 23 फरवरी 2024 को आचार्य ज्ञेय सागर जी महाराज ससंघ बिहार करते हुए मेरठ के शास्त्री नगर डी ब्लॉक जैन मंदिर में विराजमान थे उनके दर्शनार्थ अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के कुछ सदस्यगण सपरिवार उनके दर्शनाथ मेरठ के शास्त्री नगर जैन मंदिर गए एवं उनके दर्शन कर धर्म लाभ लिया। इस अवसर पर शाखा के संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन द्वारा सभा को संबोधित भी किया गया। इस यात्रा में शाखा से मुख्य रूप से शाखा संरक्षक श्री केवीएस जैन शाखा संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन सपरिवार सम्मिलित हुए।

| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Agra Unit: 25.02.2024

आज दि.25.2.24 रविवार को श्री 1008चंदा प्रभु जैन मंदिर जी,ट्रांस यमुना में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम,आगरा द्वारा एक बैंकिंग परामर्श शिविर। 10 बजे मंदिर परिसर में लगाया गया। सर्व प्रथम आचार्य विद्या सागर के चित्र का अनावरण फोरम के संरक्षक श्री अरुण रपरिया,अवनि जैन, के के जैन ने किया। दीप प्रज्वलन मंदिर जी के मंत्री श्री कुमार मंगलम , एवम कोषाध्यक्ष श्री कैलाश चंद जैन,फोरम के संरक्षक श्री रपरिया जी,श्याम बाबू जैन,के के जैन, अध्यक्ष श्री राजीव जैन ने संयुक्त रूप से किया। मंगलाचरण श्री के के जैन ने किया।

इसके पश्चात मंत्री जे बी जैन ने फोरम के पदाधिकारियों का परिचय कराया तथा फोरम द्वारा सभी उपस्थित श्रेष्ठिजनों का स्वागत सम्मान माला ,पटका पहनाकर किया गया। रपरिया जी ने फोरम के उद्देश्यों तथा कार्यों के बारे में बताया। इस अवसर पर जैन समाज के करीब 40 से अधिक लोग उपस्थित थे जिन्होंने इस शिविर का लाभ उठाया जिसमे पुरुष, महिलाएं तथा बड़े बच्चे शामिल हुए । क्रेडिट कार्ड, एफडीआर,नॉमिनेशन, लॉकर, म्यूचुअल फंड ,एजुकेशन लोन से संबंधित प्रश्न पूछे गए जिनके समुचित उत्तर स्टेट बैंक ट्रेनिंग सेंटर से पधारे चीफ मैनेजर श्री TD Jethwani एवम एसबीआई ,बोदला शाखा से पधारे श्री अतुल वर्मा ने संतुष्टप्रद उत्तर दिए। अंत में अध्यक्ष राजीव जैन ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद किया सभी को जलपान कराया गया. संचालन मंत्री जे बी जैन ने किया। जलपान में सहयोग सत्येंद्र जैन,

केनरा बैंक,सत्येंद्र जैन sbi, पवन जैन pnb, रमेश चंद जैन,कोषाध्यक्ष, राकेश मोहन जैन,अवधेश जैन मुख्य संयोजक ने किया। इसके बाद फोरम के सदस्यों की मीटिंग हुई जिसमे मेडिकल कैंप लगाने, महावीर जन्म कल्याण महोत्सव में फोरम द्वारा स्वागत करने पर विचार किया गया अंत मे गहन विचार विमर्श के पश्चात निर्णय लिया गया कि फोरम के पदाधिकारी उपर्युक्त दोनों विषय में निर्णय लेने में सक्षम है। इसके पश्चात हाल ही में समाधिस्थ श्रद्धेय आचार्य विद्यासागर जी को विन्यांजलि दी गई नौ बार नमोकार मंत्र का पाठ किया गया। इस प्रकार सभा का विसर्जन हुआ।

## Gurgaon Unit: 01.03.2024

आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के समाधि मरण के अवसर पर जैन बैंकर्स फोरम, गुरुग्राम द्वारा विनयांजलि सभा का आयोजन दिनाँक 24/02/2024 को किया गया। आयोजन की अध्यक्षता परम सरंक्षक श्री पी के जैन द्वारा की गयी. सभा का शुभारम्भ णमोकार मंत्र के उच्चारण से किया गया। सभा में बड़ी संख्या में सदस्यों के हिस्सा लिया। सभा मे कई सम्मानित सदस्यों के आचार्य श्री के तप, त्याग, जीव दया तथा समाज में उनके योगदान को लेकर अपने विचार व्यक्त किये। सभा के समापन पर सचिव श्री राजेश जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया.
आचार्य श्री विद्यासागर जी मुनिराज नमो नमः
राजेश जैन, सचिव

## Ujjain Unit: 05.03.2024

जैन बैंक फोरम उज्जैन यूनिट के अध्यक्ष श्री राकेश जैन एवं मृदुला भाभी ने उनके वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर परआज गौशाला उज्जैन में जाकर गौ सेवा का कार्य किया अन्य सदस्यों को भी उनके जन्म दिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ आदि अवसरों पर इस तरह के सेवा कार्य करने की प्रेरणा लेना चाहिए,.

## Baran Unit: 08.03.2024

आज दिनांक 08.03.2024 को गुरुदेव ज्ञान सागर जी के दीक्षा दिवस पर श्री 1008श्री भगवान शांतिनाथ कुंदकुंदाचार्य ज्ञान तीर्थ बारां पर गुरु उपकार दिवस समारोह गणनी आर्यिका स्वस्ति धाम प्रणेता स्वस्ति भूषण माताजी के सान्निध्य में सकल दिगम्बर जैन समाज बारां द्वारा आयोजित किया गया जिसमें गुरुदेव सराकोद्धारक आचार्य रत्न ज्ञान सागर जी को विनियांजलि देने हेतु टीकमगढ़, सागर,सोनागिर जी,ग्वालियर,मुरैना दिल्ली तथा देश के अन्य राज्यों से गुरुदेव के भक्त विद्वान पधारे इस अवसर पर जहाजपुर, झालरापाटन,कोटा के समाज श्रेष्ठी भी पधारे अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष श्री आर के जैन कोटा इकाई के अध्यक्ष श्री प्रकाश चंद जैन,उपाध्यक्ष श्री वी सी जैन तथा सचिव महावीर कुमार जैन साथियों के साथ उपस्थित रहे एवम गुरुदेव को विनियांजलि दी

## Jaipur Unit: 18.03.2024

यह सूचित करते हुए परमआनंद की अनुभूति हो रही है कि दिनांक 27/03/24 से 01/04/24 तक वैशाली नगर जयपुर में आयोजित पंच कल्याणक महोत्सव में तीर्थंकर के माता पिता बनने का परम सौभाग्य सहायक महा प्रबंधक-, भारतीय स्टेट बैंक से सेवा निवृत श्री अशोक कुमार जी पाटनी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती संतोष जी पाटनी जोबनेर निवासी, वैशालीनगर जयपुर को प्राप्त हुआ है। साथ ही वैशाली नगर जिन मंदिर की नव निर्मित वेदी में तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ भगवान की प्रतिमा विराजमान करने का पुण्यात्मक अवसर भी इसी परिवार को प्राप्त हुआ है। श्री अशोक जी पाटनी वर्ष 2013-14 से ही दिल्ली में जैन बैंकर्स फोरम से जुड़े हुए है। जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है। पाटनी परिवार धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों में शुरू से रुचि रखते हैं। हम जानते है कि तीर्थंकर के माता पिता बनने का सौभाग्य एवं वेदी में श्रीजी विराजमान करने का अवसर किसी पुण्य शाली को ही प्राप्त होता है।

## Agra Unit: 19.03.2024

आज दिनांक 19.03.2024 दिन मंगलवार को जैन बैंकर फोरम आगरा के सदस्यों ने सेक्टर 2, आवास विकास कॉलोनी, सिकंदरा, आगरा में स्थित कालका गौशाला में वहां पर आश्रय पा रहीं गायों के लिए भूसा एवं हरा चारा का सहयोग दिया। इस गौशाला में वर्तमान में 84 गाय तथा बछड़े है केवल तीन गाय दुधारू है शेष गाय दूध नहीं देती है । इस गौशाला में बीमार गायों का इलाज भी किया जाता है वहां हमने देखा की गाय के साथसाथ घायल कुत्तों क-ा भी इलाज किया जा रहा था तीन वेटनरी डॉक्टर भी इस गौशाला में बीमार पशुओं का इलाज मुफ्त करते हैं। इस अवसर पर राजीव जैन,अध्यक्ष, अवनी कुमार जैन,संरक्षक, राकेश मोहन जैन, अनिल कुमार जैन, सत्येंद्र जैन, जेवी जैन,मंत्री, महेश जैन, रमेश चंद जैन,कोषाध्यक्ष, के के जैन ,उपाध्यक्ष,नए सदस्य नवीन जैन उपस्थित थे। गौशाला के व्यवस्थापक श्री धर्मवीर सिंह को पशुओं की खाद्य सामग्री सौंपी गई। सभी उपस्थित लोगों ने अपने हाथों से गायों को चारा भी खिलाया।
राजीव जैन (अध्यक्ष) जे बी जैन (सचिव) आर सी जैन (कोषाध्यक्ष)

## Ujjain Unit: 22.03.2024

धन्वंतरि आयुर्वेद चिकित्सालय आगर रोड उज्जैन पर दिनांक 22 मार्च 2024 को जैन बैंक फोरम उज्जैन यूनिट द्वारा शंख प्रक्षालन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न इच्छुक महानुभावों द्वारा योग क्रिया में भाग लिया गया कार्यक्रम को योग प्रशिक्षक श्री रमेश झा सेवा ) द्वारा शंख प्रक्षालन प्रक्रिया करवाई गई इस अवसर पर शासकीय धनवंतरी आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य ( निवृत मुख्य प्रबंधक एसबीआई डॉक्टर जेपी चौरसिया भी उपस्थित रहे जैन बैंक फोरम की ओर से विशेष तौर पर अध्यक्ष श्री राकेश जैन, एसबीआई सचिव श्री विमलेश जैन

एमपीजीबी श्री हीरालाल बिलाला यूको बैंक श्री अशोक जैन बैंक ऑफ़ इंडिया श्रीमती मृदुला जैन प्राध्यापक माधव साइंस कॉलेज उपस्थित थे। इसे शिविर मैं लगभग 20 पार्टिसिपेट ने भाग लिया।

## Agra Unit: 22.03.2024

आज दिनांक 22.03.2024 दिन शुक्रवार को जैन बैंकर फोरम आगरा द्वारा आवास विकास कालोनी में स्थित राम लाल वृद्धाश्रम में 750 लीटर क्षमता की पानी की टंकी लगवाई। इस कार्य हेतु पूर्ण आर्थिक सहयोग श्री सत्येन्द्र कुमार जैन (SBI) द्वारा किया गया।

## THA Ghaziabad Unit: 23.03.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद के सदस्यों द्वारा आज दिनांक 23 मार्च 2024 को प्रातः 9:00 बजे सेक्टर 50 नोएडा के जैन मंदिर में विराजमान आचार्य वसु नंदी जी महाराज ससंघ के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त किया। इस अवसर पर शाखा के निम्न सदस्यों द्वारा अपनी सहभागिता दी :

1. श्री केवीएस जैन राष्ट्रीय एवं शाखा संरक्षक
2. श्री जेके जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शाखा संरक्षक
3. श्री विशाल चंद जैन शाखा अध्यक्ष
4. श्री विमल कांत जैन राष्ट्रीय तकनीकी मंत्री एवं शाखा सदस्य
5. श्री श्रेयांश कुमार जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य
6. श्री सुखसागर जैन शाखा सदस्य
7. श्रीमती आरूषी जैन शाखा सदस्य

नोएडा सेक्टर 50 के जैन समाज के द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन जी द्वारा जैन बैंकर एवं ट्रस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी साथ ही आचार्य श्री से अनुरोध किया कि उनके सानिध्य में निकट भविष्य में जैन बैंकर फोरम की नोएडा शाखा के तत्वाधान में यहां के जैन समाज के सदस्यों की बैंकिंग समस्याओं के समाधान हेतु एक बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन किया जाए जिसके लिए आचार्य श्री ने सहर्ष अपनी सहमति प्रदान की।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Noida Unit: 23.03.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की नोएडा शाखा के सदस्यों द्वारा आज दिनांक 23 मार्च 2024 को प्रातः 9:00 बजे श्री दिगम्बर जैन मंदिर * सेक्टर50 नोएडा में विराजमान आचार्य श्री 108 वसु नंदी जी महाराज ससंघ के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर शाखा के निम्न सदस्यों द्वारा अपनी सहभागिता दी गई :

1. श्री राज भूषण जैन शाखा अध्यक्ष
2. श्री सी एस जैन
3. श्री नवनीत जैन
4. श्री प्रदीप जैन
5. श्री अनिल जैन
6. श्री एस के जैन

और साथ में ट्रांस हिंडन शाखा के निम्नलिखित सदस्य भी उपस्थित थे:

1. श्री केवीएस जैन राष्ट्रीय एवं शाखा संरक्षक
2. श्री जेके जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शाखा संरक्षक
3. श्री विशाल चंद जैन शाखा अध्यक्ष
4. श्री विमल कांत जैन राष्ट्रीय तकनीकी मंत्री एवं शाखा सदस्य
5. श्री श्रेयांश कुमार जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य
6. श्री सुखसागर जैन शाखा सदस्य
7. श्रीमती आरूषी जैन शाखा सदस्य

नोएडा सेक्टर 50 के जैन समाज के द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन जी द्वारा जैन बैंकर फोरम एवं एजुकेशन ट्रस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आचार्य श्री से अनुरोध किया गया कि उनके सानिध्य में निकट भविष्य में जैन बैंकर फोरम की नोएडा शाखा के तत्वाधान में यहां के जैन समाज के सदस्यों की बैंकिंग समस्याओं के समाधान हेतु एक बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन किया जाए। जिसके लिए आचार्य श्री ने सहर्ष अपनी सहमति प्रदान की।

राज भूषण जैन
शाखा अध्यक्ष

## Noida Unit: 23.03.2024

आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी महाराज ससंघ के प्रवचनों के पश्चात जैन बैंकर्स फोरम नोएडा शाखा की साधारण सभा श्री दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 50 के परिसर में आयोजित की गई। जिसमे निम्नलिखित निर्णय लिए गए:

1. नौ बार नमोकार मंत्र का सामूहिक पाठ किया गया।
2. पिछले मीटिंग की कार्यवाही की सर्वसम्मति से पुष्टि की गई।
3. आपस में सभी सदस्यों का एक दूसरे से परिचय कराया गया।
4. श्री जे के जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारियों तथा ट्रांस हिंडन शाखा के सदस्यों का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया।
5. श्री जे के जैन जी ने अपने उद्बोधन में कहा की नोएडा यूनिट को समय समय पर कुछ न कुछ एक्टिविटी करते रहना चाहिए। धीरे धीरे भाग लेने वालो की संख्या खुद ही बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि यह नहीं सोचना चाहिए कि कितने सदस्य आ रहे हैं जितने भी सदस्य आ रहे है उनको लेकर आगे बढ़े धीरे सदस्य अपने आप जुड़ जाएंगे-धीरे -।
6. आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज की सहमति के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि इसी माह के अंत में या अगले माह के प्रारंभ में आचार्य श्री के सानिध्य मैं ही एक बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।
7. श्री जे के जैन जी की सहमति से नोएडा शाखा के नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया:

1.श्री अरविंद जैन )Retd.ED.P&SB) परम संरक्षक
2.श्री सुशील कुमार जैन)Sr.VP IndusInd Bank) संरक्षक
3.श्री उमेश जैन)Retd.GM PNB) संरक्षक
4.श्री राज भूषण जैन)Retd.DGM OBC) अध्यक्ष
5.श्री प्रदीप जैन)Retd.CM PNB) कार्यकारी अध्यक्ष
6.श्री अनिल जैन)Retd.Sr.Mgr PNB) उपाध्यक्ष
7.श्री अनुज जैन)Retd.AGM SBI) उपाध्यक्ष
8.श्री नवनीत जैन)Mgr. SBI) सचिव
9.श्री सी एस जैन)Retd.Sr.Mgr. BOB)संगठन मंत्री
10.श्री के के जैन)Mgr.SBI)कोषाध्यक्ष
11.श्री एन सी जैन)Retd.Officer Canara Bank) कार्यकारिणी सदस्य
12.श्री एस के जैन)Retd.Mgr SBI) कार्यकारिणी सदस्य

सभी उपस्थित सदस्यों के धन्यवाद के साथ सभा का समापन हुआ

| | | | |
|---|---|---|---|
| राज भूषण जैन | नवनीत जैन | प्रदीप जैन | के के जैन |
| अध्यक्ष | सचिव | कार्यकारी अध्यक्ष | कोषाध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 25.03.2024

जैन बैंकर्स फोरम की गुरुग्राम यूनिट द्वारा वाराणसी,अयोध्याजी व प्रयागराज की *5 दिवसीय यात्रा का दिनाँक 7 मार्च से 12 मार्च तक आयोजन किया जिसमें फोरम के !!16 सदस्यों ने सपरिवार सहभागिता की। यात्रा दिनाँक 7 मार्च को नई दिल्ली से वन्दे भारत ट्रेन से शुरू हुई। रात्रि में वाराणसी पहुँच कर विश्राम के बाद सवेरे सभी सदस्यों ने भगवान पार्श्वनाथ जी की जन्मभूमि भेलुपुर जैन मंदिर तथा भगवान सुपार्श्वनाथ की जन्मभूमि भदेनी जैन मंदिर के दर्शन किये। तत्पश्चात सभी यात्रियों ने वाराणसी नगर भ्रमण किया तथा शाम को गंगा नदी में क्रूज का आनंद लेते हुए गंगा आरती के साक्षी बने। दूसरे दिन सभी सदस्यों ने विख्यात बाबा विश्वनाथ मंदिर के दर्शन का लाभ प्राप्त किया, इसके पश्चात अयोध्या जाते हुए मार्ग में भगवान श्रेयांश नाथ जी की जन्मभूमि सिंह पूरी, सारनाथ मंदिर तथा भगवान चन्द्रप्रभु की जन्मभूमि चंद्रा वती में भगवान चन्द्रप्रभ की पूजा आराधना की।

शाम को अयोध्या जी पहुँच कर अगले दिन नव निर्मित श्री रामजन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी तथा पांच तीर्थंकरों की जन्मभूमि भगवान आदिनाथ जी , अजितनाथ जी, अभिनन्दन नाथ जी, सुमति नाथ जी एवं अनंतनाथ जी भगवान के मंदिरों के दर्शन किये!!

इसके बाद प्रयागराज के लिए प्रस्थान किया। रात्रि में विश्राम के पश्चात सवेरे त्रिवेणी संगम में नोकायन का आनंद लिया और सिंहपुरी, कोसांबी में पदम प्रभु भगवान और प्रभासगिरी मंदिरो के दर्शन का अवसर मिला।

सभी यात्रियों ने बड़े ही उत्साह एवं भक्ति के साथ सभी जिनालायों के दर्शन का लाभ प्राप्त किया तथा साथ ही वायुदूत के स्वादिष्ट भोजन का भी आनंद लेते हुए सभी सदस्य रात्रि ट्रेन द्वारा दिल्ली के लिए प्रस्थान किया!!

राजेश जैन, सचिव

## Agra Unit: 30.03.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम,आगरा के सदस्यों ने आज दिनांक 27 मार्च 2024 को राम लाल वृद्ध आश्रम, आवास विकास कॉलोनी, सेक्टर 10 ,सिकंदरा जाकर आटा,दाल,चीनी, बेसन, चाय पत्ती ,तेल, चावल, मसाले, साबुन आदि सामग्री वहां के मैनेजर को सौंपी। इस समय

आश्रम में करीब 20 बेसहारा पुरुष, महिलाए निवास करते हैं। इस अवसर पर श्री अवनी जैन, श्री महेश जैन SBI, श्री आर सी जैन कोषाध्यक्ष, श्री राजीव जैन अध्यक्ष,श्री महेश चंद जैन SBI, श्री अनिल जैन, श्री राकेश जैन,श्री सत्येंद्र जैन, श्री एन के जैन इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता की।

राजीव जैन,अध्यक्ष जे बी जैन,मंत्री आर सी जैन,कोषाध्यक्ष

## Bhopal Unit: 02.04.2024

आज अष्टमी के दिन सांय 7.15 पर श्री वासपूज्य जिनालय , बावड़ियां कलां में 48 दीपकों के साथ भक्तामर जी के पाठ सौल्लास संपन्न हुआ, कार्यक्रम जैन बैंकर्स फोरम भोपाल के तत्वाधान में किया गया, नवीन मंदिर में फोरम द्वारा प्रथम बार पाठ का आयोजन किया गया.

## Agra Unit: 04.04.2024

Today Foram ki तरफ़ से आज हमने दो कन्याओं क्लास 3rd, 4th ki पुस्तकें खरीदने के लिए राशि 12000/ का चेक उनकी माता को उनके घर जाकर दिया। पिता का देहांत कोविड में हो गया था।

जे बी जैन ,मंत्री रमेश चंद जैन,कोषाध्यक्ष

## Agra Unit: 12.04.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम,आगरा द्वारा एक साधर्मी महिला श्रीमती शालिनी जैन को उनकी पुत्री रितुल जैन की शादी में Rs की नगद राशि 28000.00, एक साड़ी एवं एक सूट का सहयोग दिया गया था। यह शादी को हुई थी। इस कन्या के पिता 2024 जनवरी 18 का कोविड में निधन हो गया था। परिवार में कोई पुरुषनहीं है। यह राशि श्री अरूण रपरिया)SBI), अवनी जैन)SBI), कमल कुमार जैन)BoI), जिनेन्द्र बाबू जैन)CBI), अवधेश कुमार जैन)SBI), मुकेश कुमार जैन )PNB), राजीव जैन)CBI), अनिल कुमार जैन )SBI), राकेश एम जैन)SBI), महेश जैन)SBI), महेश चंद जैन )SBI), सत्येन्द्र कुमार जैन )SBI) एवं श्री राज कुमार जैन)PNB)के द्वारा प्रदान की गई थी।

राजीव जैन,अध्यक्ष जे बी जैन,मंत्री आर सी जैन,कोषाध्यक्ष

## THA Ghaziabad Unit: 13.04.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्यों द्वारा आज राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद में आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज के सानिध्य में चल रहे पंचकल्याणक के अवसर पर आचार्य श्री के दर्शन करने के लिए एवं पंचकल्याणक में सहभागिता देने के लिए वहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन जी द्वारा अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। शाखा के सभी सदस्यों को मंच पर बुलाकर श्रीफल भेंट करवाया गया एवं सभी सदस्यों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में शाखा के संरक्षक श्री दुष्यंत जैन शाखा संरक्षक श्री केवीएस जैन शाखा सचिव श्री अंकित जैन राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बी एस जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शाखा संरक्षक श्री जेके जैन शाखा सदस्य श्री सुखसागर जैन श्री मयंक जैन श्री अरुण कुमार जैन एवं श्री कुलदीप कुमार जैन एचडीएफसी बैंक आदि ने सपरिवार भाग लिया। शाखा सदस्यों द्वारा आचार्य श्री सौरभ सागर जी का अलग से भी जाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
|---|---|---|---|
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Bhopal Unit: 14.04.2024

केंद्रीय कार्यकारिणी के आवाहन पर आज सांय जैन मंदिर अशोका गार्डन भोपाल में पाठशाला के बच्चों की भगवान महावीर स्वामी और समान्य ज्ञान की परीक्षा ली गयी) नौनिहालों .45) का और उनके गुरु दीदी )11) का उत्साह देखने लायक था पुरुस्कार वितरण दिनाँक. 19.04.24 को शाम 07.30 बजे किया जायेगा.

## Lalitpur Unit: 15.04.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर द्वारा श्री क्षेत्रपाल जी मंदिर के प्रांगण में भगवान महावीर स्वामी के जीवन एवं उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 8 से 10 वर्ष के बच्चों के मध्य एवं भाषण प्रतियोगिता 15 वर्ष से अधिक बच्चों एवं महिलाओं के बीच आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 48 प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजयी प्रतिभागियों को भगवान महावीर स्वामी जी की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में विशेष आकर्षक पुरुस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरित किए जायेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिगम्बर जैन समाज पंचायत के अध्यक्ष श्री डॉ अक्षय taraiya,महामंत्री श्री आकाश जैन उपस्थित हुए। उन्होने अपने उद्बोधन में जैन बैंकर्स फोरम के सेवाभावी कार्यो एवं जैन समाज को बैंक संबंधी समस्याओं के निराकरण में योगदान देने हेतु भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में को आयोजित कराने में आचार्य श्री 108 विद्यासागर पाठशाला की सविता दीदी, नीलू दीदी, सौम्या दीदी ,नयन सी दीदी, प्रियंशी दीदी, शिवानी दीदी,विधी दीदी,आकांक्षा दीदी, प्रिय ल दीदी का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के श्री सनत जैन, विजय जैन, रमेश जैन, गौरव जैन, दिलीप जैन, राजकुमार जैन, प्रतीक जैन, महिपाल जैन, मयंक जैन, अशोक जैन, केवल चंद जैन, सुरेंद्र जैन आदि का विशेष सहयोग रहा।

## Ghaziabad Unit: 20.04.2024

आज दिनांक 20 अप्रैल 2024 दिन शनिवार को भगवान महावीर जयंती के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम गाजियाबाद शाखा द्वारा भगवान महावीर सिद्धान्त एवं शाकाहार पर एक निबंध प्रतियोगिता रेडियंस एकेडमी , सिकरी कला मोदीनगर गाज़ियाबाद मे आयोजित की गयी जिसमे दो ग्रुप मै लगभग 60 बच्चो ने भाग लिया जिसमे ग्रुप -1 मै कक्षा 4, 5 एवं 6 ग्रुप-2 मै कक्षा 7 ,8,9 के कक्षाओ ने भाग लिया।दोनों ग्रुप मैं , प्रथम , द्वितीय एवं तृतीया एक प्राइज एव प्रत्येक के 5-5 सांत्वना पुरस्कार दिये गये। फोरम की तरफ से भी श्री एसज .के .ैनअध्यक्ष, मुनीष जैन उपाध्यक्ष वीजैन .के ., मंत्री, वाईके जैन कार्यकारणीसदस्य एम स्कूल की तरफ से श्रीमती सुषमा शर्मा . निदेशक पिंकू शर्मा सचिव, श्रीमति डा० पूनम सिंह प्रिसिंपल, मयंक शर्मा मैनेजर एवं अन्य स्टाफ ने भाग लिया। और एस० के० जैनअध्यक्ष ने स्कूल प्रबन्धन को सहयोग के लिए धन्यवाद किया.

## Bhopal Unit: 20.04.2024

राष्ट्रीय कार्यकारणी द्वारा प्रेषित कार्यक्रम अनुसार हमने भगवान महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर दिनांक 14 अप्रैल को अशोका गार्डन जैन मंदिर में लिखित परीक्षा का आयोजन किया था जिसका पुरस्कार वितरण समारोह कल दिनांक 19 अप्रैल को शाम 7.30 बजे आयोजित किया गया, यहाँ की पाठशाला में लगभग 100 बच्चे पढ़ते है, कार्यक्रम में दो ग्रुप बनाएं गए है, और 40 बच्चो ने भाग लिया, बड़ी संख्या में समाजजन भी उपस्थित थे, अशोका गार्डन जैन समाज द्वारा जैन बैंकर्स फोरम भोपाल के सभी उपस्थित सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत किया गया.

विशेष

इस अवसर पर बैंकिंग जागरूकता बड़ाने हेतु एक खुला मंच प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई जिसमे Kyc, OTP, PIN, IBkg नॉमिनेशन, डेबिट क्रेडिट कार्ड, एजुकेशन लोन आदि विषयों पर प्रश्न पूछे गए एवम विजेताओं को तुरंत पुरस्कार दिए गए, कार्यक्रम अत्यंत उपयोगी एवम ज्ञान वर्धक रहा. सभी विजेताओं को पुरस्कार दिए गए एवम सभी भाग लेने वाले बच्चो को भी सांत्वना पुरस्कार दिए गए, साथ ही पाठशाला संचालित करने वाली सभी दीदियों को भी सम्मानित किया गया

## Jaipur Unit: 20.04.2024

जैन बैंकर्स फोरम जयपुर के सम्माननीय सदस्य गण श्री महावीर में वार्षिक मेले में भोजन व्यवस्था में सहयोग हेतु अपनी वॉलंटियर सहभागिता प्रदान करने हेतु आज अपराह्न 3.00 बजे भट्टारक जी की नसियां जयपुर से रवाना हुए।

दुर्गापुरा, जयपुर जैन मंदिर में जैन बैंकर फोरम जयपुर द्वारा तीर्थंकर महावीर पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

## Gurgaon Unit: 20.04.2024

दिनांक 14.04.2024 को केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई थी, जिसमें कार्यकारिणी के सदस्य तथा सभी शाखाओं के अध्यक्ष एवं सचिवों ने भाग लेकर अपनी छमाही रिपोर्ट पटल पर रखी थी. बैठक के अंत मे यह निर्णय लिया गया था कि शाखायें जैन समाज की बैंकिंग सम्बधित समस्याओं को सुलझाने में ज्यादा ध्यान दे। इसी सुझाव को किर्यान्वित करने के लिए हमारी शाखा ने यह संकल्प लिया है कि गुरुग्राम स्थित प्रत्येक मंदिर में बारी बारी रविवार को फोरम के 4-5 सदस्य एक बैनर लगा कर समाज के लोगों की बैंकिंग सम्बधित समस्या के निराकरण का प्रयास करेंगे। तब तक यह बैनर सभी मन्दिर जी के ग्रुप में में भेज रहे है ताकि जैन समाज के लोग हमारे इस अनुभव और प्रयास का लाभ ले सकें।

राजेश जैन, सचिव

## Lalitpur Unit: 22.04.2024

आज महावीर जयंती के सुअवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री वर्णी कॉवेंट के विशाल प्रांगढ़ में श्री जी का अभिषेक व शांतिधारा संपन्न हुई। इस अवसर पर भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ललितपुर शाखा द्वारा मिष्ठान व फल वितरण किए गए। उपस्थित सभी लगभग 300 श्रद्धालुओं ने फल व मिष्ठान ग्रहण किया।

## Aligarh Unit: 22.04.2024

आज महावीर जयंती के सुअवसर पर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रथ यात्रा एवं जैन मंदिर में श्री जी का अभिषेक व शांतिधारा संपन्न हुई। इस अवसर पर भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की अलीगढ़ शाखा द्वारा गौशाला में चारा व हॉस्पिटल में फल वितरण किए गए।

## Lalitpur Unit: 23.04.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ललितपुर शाखा द्वारा श्री क्षेत्रपाल जी मंदिर के प्रांगण में भगवान महावीर स्वामी के जीवन एवं उनके द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 8 से 10 वर्ष के बच्चों के मध्य एवं भाषण प्रतियोगिता 15 वर्ष से अधिक बच्चों एवं महिलाओं के बीच आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में 48 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। विजयी प्रतिभागियों को दिनांक 22 अप्रैल को शाम 7.30 बजे से श्री अभिनन्दनोदय अतिशय क्षेत्र के विशाल मंच पर भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती के पावन अवसर पर सभी मंदिरों की पाठशालायों के बच्चों द्वारा दिगम्बर जैन पंचायत के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत पुरुस्कार वितरित किए गए। जिसमे फोरम के सभी सदस्यों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम पुरुस्कार वितरण में अपना योगदान प्रदान किया।

भाषण प्रीतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार आकांक्षा जैन ने, द्वितीय पुरुस्कार गीतांशी जैन ने व तृतीय पुरुस्कार अनामिका जैन एवं स्मृति जैन ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया वही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार पर्व जैन, अनिकेत जैन व सिद्धी जैन ने संयक्त रूप से व द्वितीय पुरुस्कार परिधि जैन एवं आशि जैन ने संयक्त रूप से व तृतीय पुरुस्कार आरोही जैन,हर्ष जैन,रिम्पी जैन व अतिशय मोदी ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया।

कार्य क्रम में प्रमुख रूप से दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष डाअक्षय टडैया ., महामंत्री श्री आकाश जैन भारत गैस, संयोजक श्री सनत जैन खजुरिया, कोषाध्यक्ष श्री सौरभ जी सी ए के आलावा सम्पूर्ण दिगम्बर जैन पंचायत के पदाधिकारियों एवं सभी मंदिरों के प्रवंधकों के साथ जैन बैंकर्स फोरम के श्री सनत कुमार जैन खजुरिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ,श्री विजय कुमार जैन शाखा अध्यक्ष,श्री राज कुमार जैन शाखा मंत्री,श्री गौरव जैन शाखा कोषाध्यक्ष ,श्री रमेश जैन शाखा उपाध्यक्ष, श्री दिलीप जैन,श्री महिपाल जैन, श्री प्रतीक जैन,श्री अशोक कुमार जैन इत्यादि सदस्यगण उपस्थित रहे।

## THA Ghaziabad Unit: 29.04.2024

भगवान महावीर की जन्म जयंती एवं आचार्य ज्ञान सागर महाराज जी के दीक्षा दिवस के उपलक्ष मैं अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा 28 अप्रैल 2024 रविवार को अपरांह 7:00 बजे श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर वाटिका वैशाली में बच्चों के मध्य दो वर्गों में भगवान महावीर के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं स्पीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जज के रूप में श्रीमती कुसुम जैन श्रीमती रीता जैन एवं श्री प्रवीण जैन ने अपनी सहभागिता दी। सर्वप्रथम मंगलाचरण का पाठ दो बच्चियो के नृत्य के द्वारा किया गया। उसके उपरांत आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण तीनों जज श्रीमती कुसुम जैन, श्रीमती रीता जैन एवं श्री प्रवीण कुमार जैन जी द्वारा किया गया। चित्र के आगे दीप प्रजवलन शाखा पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों एवं उनके परिवार सदस्यों द्वारा सहभागिता की। प्रतियोगिता में भाग लेते समय बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। प्रतियोगिता दो वर्गों में 6 से 8 वर्ष एवं 9 वर्ष से 15 वर्ष तक की आयु के बच्चों के मध्य आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वाले दोनों वर्गों के बच्चों को अलग अलग पुरस्कृत किया गया-l साथ ही भाग लेने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम मैं शाखा की ओर से संरक्षक श्री केवीएस जैन, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं शाखा संरक्षक श्री जेके जैन, शाखा सचिव श्री अंकित कुमार जैन, शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री श्रेयांश कुमार जैन, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं शाखा सदस्य श्री बी एस जैन, शाखा सदस्य श्री अरुण कुमार जैन श्री मयंक जैन एवं श्री अंकुर जैन यूनियन बैंक द्वारा सहभागिता दी गई। साथ ही जैन समाज के भी काफी सदस्यों द्वारा कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम को सफल बनाने में दिए गए सहयोग के लिए वैशाली जैन मंदिर के अध्यक्ष श्री महिम जैन जी का एवं वर्धमान वूमेन क्लब की सभी सदस्यों विशेष रूप से श्रीमती शूची जैन एवं श्रीमती शिल्पा जैन का विशेष आभार व्यक्त किया गया। प्रतियोगिता का संचालन श्रीमती शिल्पा जैन द्वारा किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## THA Ghaziabad Unit & Muzaffarnagar Unit: 01.05.2024

भगवान पार्श्वनाथ के अतिश्यकारी क्षेत्र वहलना में आचार्य (मुजफ्फरनगर)Gyey सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में आयोजित आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की 68वीं जन्म जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद के सदस्यों को सहभागिता करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर शाखा संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे के जैन को छानी महाराज परंपरा के 6 पट्टाचार्य के चित्रों का अनावरण करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ साथ ही शाखा के सदस्यों को आचार्य श्री की पूजा के अवसर पर अरघ एवं चंदन चढ़ाने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन द्वारा अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट के अंतर्गत वंचित जैन समाज के सदस्यों को शिक्षा हेतु दिए जा रहे सहयोग के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर शाखा के संरक्षक श्री केवीएस जैन सपत्नीक, शाखा संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन, शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बीएस जैन, शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन एवं शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन ने सहभागिता दी। इस अवसर पर मुजफ्फरनगर शाखा के अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार जैन, सचिव श्री योगेश कुमार जैन एवं बड़ी संख्या में अन्य सदस्यों द्वारा अपनी सहभागिता प्रदान की गई।

## East Delhi Unit: 04.05.2024

भगवान महावीर स्वामी के दिन शुक्रवार को जैन बैंकर्स फोरम ईस्ट 2024 मई 3 वे जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष में दिनांक 2623 दिल्ली शाखा द्वारा शांति विधान का विशाल आयोजन अतुल्य हाइट्स क्लबहाउस वैशाली में किया गया जिसमें लगभग व्यक्तियों ने 180 शांति विधान पंडित प्रदीप कुमार जैन !भाग लिया, मंत्री द्वारा किया गयाजिसमें उनका सहयोग प्रवीण कुमार जैन !, प्रधान, जिनेश कुमार जैन, उप प्रधान अशोक कुमार जैन, उप मंत्री, अतुल कुमार जैन, कोषाध्यक्ष ने दियाश्री जे के जैन जी !, अध्यक्ष ऑल इंडिया बैंकर फॉर्म ने उपस्थित होकर मनोबल बढ़ाया !

शांति विधान के पश्चात विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग !व्यक्तियों ने महाप्रसाद ग्रहण किया 600

प्रवीण कुमार जैन प्रधान – जिनेश कुमार जैन उप प्रधान - प्रदीप कुमार जैन मंत्री – अशोक कुमार जैन उप मंत्री -
अतुल कुमार जैन कोषाध्यक्ष – एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य गण

## Meerut Unit: 05.05.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम मेरठ शाखा की साधारण सभा आज दिनांक 5-5.2024 को श्री सुधीर कुमार जैन के निवास एच 266 शास्त्री नगर मेरठ पर आयोजित की गई। जिसमें निम्न सदस्यों द्वारा सहभागिता की गई। सभा में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे के जैन राष्ट्रीय महामंत्री श्री सोम प्रकाश जैन एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री महेश चंद सिंघल ने भी अपनी सहभागिता दी।

1. श्री प्रमोद कुमार जैन पीएनबी अध्यक्ष
2. श्री राकेश कुमार जैन जी सिंडिकेट बैंक सचिव
3. श्री आरसी जैन मंगल पांडे नगर एसबीआई
4. श्री सुधीर कुमार जैन मंगल पांडे नगर एसबीआई
5. श्री चंद्र मोहन जैन एसबीबीजे शास्त्री नगर
6. श्री एमडी जैन डी ब्लॉक शास्त्री नगर एसबीआई
7. श्री अनिल कुमार जैन सेक्टर एक शास्त्री नगर
8. श्री प्रवीण जैन एसबीआई सदर मेरठ
9. श्री विकास जैन एसबीआई शास्त्री नगर
11. श्री नवनीत जैन एसबीआई
12. श्री राकेश जैन पीएनबी
13. श्री विवेक जैन पीएनबी
14. श्रीमती पायल जैन पीएनबी
15. श्री सजल जैन पीएनबी
16. श्री पारस जैन पीएनबी
17. सुधीर कुमार जैन पीएनबी

सभा का शुभारंभ 9 बार णमोकार मंत्र का जाप के साथ किया गया तत्पश्चात सभा को राष्ट्रीय महामंत्री श्री सोम प्रकाश जी जैन द्वारा संबोधित किया गया एवं सभी सदस्यों से निवेदन किया गया की मेरठ शाखा को गतिशील बनाने हेतु सुझाव आमंत्रित किया। जिसमें मेरठ शाखा के अध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार जैन द्वारा सुझाव दिया गया कि शाखा को गतिशील बनाने के लिए कार्यकारिणी को पुनर्गठित किया जाए। सभी ने इस पर सहमति प्रदान की एवं इसके पश्चात सर्वसम्मति से निम्न सदस्यों का मनोनयन किया गया :

अध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार जैन पीएनबी -
उपाध्यक्ष -1. श्री विपिन जैन एसबीआई
2. श्री राकेश कुमार जैन सिंडिकेट बैंक
सचिव श्री सुधीर कुमार जैन पीएनबी -
संयुक्त मंत्री श्री विकास जैन एसबीआई -
कोषाध्यक्ष श्री सजल जैन पीएनबी -
संयुक्त कोषाध्यक्षश्री विवेक जैन -, पीएनबी
संगठन मंत्री बैंक श्री अजय जैन सिंडिकेट -
महिला संगठन मंत्री श्रीमती पायल जैन पीएनबी -
प्रचार मंत्री -1. श्री प्रवीण जैन स्टेट बैंक
2. श्री राकेश कुमार जैन पीएनबी

कार्यकारिणी सदस्य

1. श्री सुधीर जैन एसबीआई
2. श्री आरसी जैन एसबीआई
3. श्री अनिल जैन एसबीआई
4. श्री एमडी जैन एसबीआई
5. श्री नवनीत जैन एसबीआई
6. श्री चंद्र मोहन जैन एसबीआई
7. श्री पारस जैन पीएनबी

इस अवसर पर शाखा में नए बने सदस्यों एवं उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा कुल 21 सदस्यों के द्वारा वार्षिक सदस्यता शुल्क भी जमा किया गया।

श्री आरसी जैन एसबीआई वालों द्वारा यह सुझाव दिया गया कि आज उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा कम से कम दो नए सदस्य शाखा में जोड़े जाएं। सभी ने इस पर सहमति दी। इस कार्य के लिए श्री राकेश कुमार जैन पीएनबी वालों का उत्साह देखते हुए बनता था उन्होंने तत्काल 07 नए सदस्यों के नाम शाखा में जुड़वाएं एवं उनकी नई सदस्यता शुल्क भी साथ के साथ जमा कराया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं सचिव द्वारा इस पर उनका आभार व्यक्त किया गया।

मीटिंग में यह भी निर्णय लिया गया कि इस माह में ही शाखा की ओर से कोई ना कोई एक कार्यक्रम किया जाएगा। अगली मीटिंग श्री प्रमोद कुमार जैन अध्यक्ष के निवास डिफेंस कॉलोनी मेरठ पर किया जाना निश्चित किया गया।

अध्यक्ष श्री श्री प्रमोद जैन जी द्वारा भाग लेने वाले सभी सदस्यों एवं होस्ट श्री सुधीर कुमार जैन जी का सुंदर आयोजन एवं जलपान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| प्रमोद कुमार जैन | सुधीर कुमार जैन | सजल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 13.05.2024

भगवान महावीर स्वामी जी के जन्मकल्याणक व आचार्य 2024 मई 12 श्री ज्ञान सागर जी के जन्मजयंती के उपलक्ष्य में कल दिनांक 108 को श्री दिगम्बर जैन मंदिर बारादरी, जैकमपुरा में वर्ष के बच्चों में एक धार्मिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 15-10 सदस्यों ने सपरिवार भाग लिया। 28 बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर फोरम के 35

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। अंत मे वहां पर उपस्थित सभी बच्चों को फलों का वितरण किया गया। 80 वहां उपस्थित सभी बच्चों को श्री डी सी जैन ने Eco Friendly पेन वितरण किया। इनका पूर्ण उपयोग होने के पश्चात नीचे स्टोर्ड बीजों को गमले में डालने से पौधे उग जाते है। अंत में परम सरंक्षक श्री सोम प्रकाश जैन ने छात्रों की अध्यापिका संगीत दी, मंदिर कमेटी और पधारे हुए सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

राजेश जैन
सचिव

## Gurgaon Unit: 15.05.2024

आज दिनांक 15 मई को झाड़सा जैन मंदिर गुड़गांव में सोम प्रकाश जैन द्वारा शांति विधान का आयोजन किया गया जिसमें 6 जैन बैंकर्स ने पार्टिसिपेट किया.

## THA Ghaziabad Unit & East Delhi: 18.05.2024

आज दिनांक 18 मई 2024 शनिवार को दोपहर 3:00 बजे 4:00 बजे तक अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा एवं ईस्ट दिल्ली शाखा की ओर से संयुक्त रूप से एक बैंकिंग संगोष्ठी का आयोजन आचार्य सौरभ सागर जी महाराज के पावन सानिध्य में मनसा पूर्ण जीवन आशा दिगंबर जैन मंदिर गंग नहर मुरादनगर पर आयोजित किया गया जिसमें एनसीआर दिल्ली से बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों द्वारा भाग लिया गया। सर्वप्रथम शाखा संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन द्वारा अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की, साथ ही तीर्थंकर आदिनाथ ट्रस्ट के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। संगोष्ठी को प्रारंभ करते हुए सर्वप्रथम श्री सुखसागर जी जैन रिटायर्ड एजीएम भारतीय स्टेट बैंक द्वारा व्यवसायिक ऋण से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई उसके उपरांत श्री जेके जैन रिटायर्ड मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक द्वारा हाउसिंग लोन एवं एजुकेशन लोन के बारे में जानकारी प्रदान की गई, श्री मयंक जैन वाइस प्रेसिडेंट बर्कले बैंक द्वारा साइबर क्राइम एवं इंटरनेट बैंकिंग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। आचार्य श्री सौरभ सागर जी महाराज द्वारा अपने संबोधन में जैन बैंकर फोरम द्वारा जैन समाज को बैंकिंग संबंधित जानकारी एवं बैंकिंग संबंधित समस्याओं का समाधान करने हेतु किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की एवं कहां की वास्तव में यह समाज सेवा के लिए एक सार्थक प्रयास है इसके लिए आचार्य श्री ने अपना आशीर्वाद भी प्रदान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जीवन आशा हॉस्पिटल के ट्रस्टी एवं कार्यक्रम संयोजक श्री संजय जैन जी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं जैन बैंकर फोरम की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया एवं मोमेंटो प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम की ईस्ट दिल्ली शाखा के द्वारा कार्यक्रम में वक्ताओं के रूप में सभी योजनाओं को प्रस्तुत करने के लिए सभी वक्ताओं का मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यक्रम में ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के संरक्षक श्री केवीएस जैन एवं श्री जेके जैन अध्यक्ष श्री विशाल चंद जैन कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री बीएस जैन शाखा सदस्य श्री सुखसागर जैन श्री श्रेयांश कुमार जैन श्री मयंक जैन आदि ने एवं ईस्ट दिल्ली शाखा के अध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार जी जैन, सचिव श्री प्रदीप कुमार जैन, कोषाध्यक्ष श्री अतुल कुमार जैन एवं संयुक्त मंत्री श्री अशोक कुमार जैन ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम के बाद समाज के काफी सदस्य द्वारा अपनी समस्याओं से हमें अवगत कराया गया उन्हें आश्वासन दिया गया कि वे अपनी समस्याएं हमें व्हाट्सएप के माध्यम से हमारे पास भेजे हम निश्चित ही उनका समाधान करने का प्रयास करेंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में सफल रहे इसके लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन
अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष

## Noida Unit: 20.05.2024

दिनांक 19.5.2024 दिन रविवार को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 50 में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की नोएडा शाखा द्वारा प्रश्न मंच का आयोजन किया गया जिसमें पाठशाला के 35 बच्चों ने भाग लिया तथा बड़े उत्साह एवं लग्न से प्रश्नों के उत्तर दिए। सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। पुरस्कार श्री नवनीत जैन सचिव द्वारा प्रायोजित किए गए। इस कार्यक्रम में पाठशाला की संचालिकाओं भाषा जैन, नेहा जैन तथा सोनाली जी का पूरा योगदान रहा।

उक्त कार्यक्रम में श्री जेके जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष का सानिध्य प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त उक्त कार्यक्रम में श्री राज भूषण जैन अध्यक्ष, श्री नवनीत जैन सचिव, श्री के के जैन कोषाध्यक्ष, श्री प्रदीप जैन कार्यकारी अध्यक्ष,श्री अनिल जैन उपाध्यक्ष, श्री अनुज जैन उपाध्यक्ष, श्री सी एस जैन संगठन मंत्री, श्री एन सी जैन एवं श्री शैलेंद्र जैन कार्यकारिणी सदस्यों की सहभागिता रही। श्री नवनीत जैन जी ने कार्यक्रम का सुंदर संचालन किया।

श्री जेके जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के उद्देश्यों से अवगत कराया। श्री सी एस जैन संगठन मंत्री ने बच्चों को नैतिक तथा प्राकृतिक चिकित्सा की महत्वपूर्ण जानकारी दी। अंत में श्री राज भूषण जैन अध्यक्ष ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों, उनके मातापिता-, पाठशाला की शिक्षिकाओं, उपस्थिति फोरम के सदस्य एवं उपस्थित समाज को धन्यवाद के साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

राज भूषण जैन | नवनीत जैन | प्रदीप कुमार जैन | के के जैन
अध्यक्ष | सचिव | कार्यकारी अध्यक्ष | कोषाध्यक्ष

## Agra Unit: 01.06.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम,आगरा शाखा द्वारा दिनांक 31.05.2024 को श्री 1008 महावीर दिगम्बर जैन मंदिर, सरला बाग, दयालबाग, आगरा में आयोजित हुए दस दिवसीय धार्मिक संस्कार व शिक्षण शिविर के समापन समारोह के अवसर पर शिविरार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा शिक्षिकाओं का माला पहनाकर तथा सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम मंदिर जी के प्रांगण में हुआ। मंत्री श्री जे बी जैन ने सभी सदस्यों का परिचय कराया तथा राष्ट्रीय संरक्षक श्री अरुण रपरिया ने फोरम की स्थापना, उद्देश्य तथा कार्यों के बारे में सदन को अवगत कराया। इस अवसर पर 22 शिविरार्थी आयु)5 वर्ष से 15 वर्ष तक उपस्थित थे (। जैन समाज के सभ्रांत पुरुष तथा महिलाएं भी अच्छी संख्या में उपस्थित थीं। बैंकर्स फोरम के अधिकांश सदस्य परिवार सहित उपस्थित हुए। इस अवसर पर सर्व श्री अवनि जैन, दिनेश जैन, अनिल जैन, अवधेश जैन, विनय जैन, राहुलेंद्र जैन, मुकेश जैन, राकेश जैन, रमेश चंद जैन, अशोक जैन , जैन मिलन,सुबोध जैन, सौरभ जैन शास्त्री, मनीष जैन, एडवोकेट आदि, उपस्थित रहे। महेश जैन ,दिनेश जैन,अनिल जैन , श्रीमती अलका जैन का उल्लेखनीय योगदान रहा। समारोह की अध्यक्षता श्री के के जैन, उपाध्यक्ष ने की। कार्यक्रम के उपरान्त शीतल पेय गुलाबी ठंडाई की व्यवस्था फोरम द्वारा की गई।

जे बी जैन , मंत्री

## Agra Unit: 03.06.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, आगरा के सर्वप्रिय, मृदुभाषी, लगनशील, ओजस्वी व धार्मिक सदस्य श्री ललित कुमार जैन एवं उनकी सरल स्वभावी व मिलनसार सहधर्मिणी श्रीमति इंद्रा जैन को घिरोर पंचकल्याणक में मेडिटेशन गुरु परम पूज्य उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर के आशीर्वाद से भगवान के माता पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त होने पर बहुत बहुत हार्दिक बधाई। हम प्रभु से मंगल कामना करते हैं कि आप दोनों दीर्घायु हों, स्वस्थ रहें, सदैव प्रसन्न रहें तथा इसी धर्म लाभ लेते रहें।।

## Bhopal Unit: 06.06.2024

अजीत सागर जी महाराज द्वारा स्थापित अविजित समूह द्वारा वासपुज्य जिनालय बाबडिया कलां मंदिर में आयोजित आठ दिवसीय संस्कार शाला में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम भोपाल 5100 देकर सह प्रयोजन किया। कल दिनांक 5 जून को रात्रि 8.45 पर बच्चो को बैंकिंग संबंधी बेसिक जानकारी दी गई, सर्वप्रथम आयोजकों द्वारा सदस्यों का स्वागत किया गया, तदुप्रांत बच्चो को KYC, banking कार्य प्रणाली, डेबिटक्रेडिट कार्ड/, जमाऋण योजनाएं आदि की जानकारी दी गई/, बाद में , बच्चो को प्रश्न पूछने का कहा गया हमे यह जानकर सुखद आश्चर्य हुआ की बच्चो द्वारा पूछे कुछ प्रश्न निम्न है

1 खाताधारक की मृत्यु पर बैंक पैसे का क्या करता है
२ बैंक सब को लोन क्यों नहीं देता
३ लॉकर्स क्या है
४ गोल्ड जमा क्या है
५ डिफाल्टर क्या है
६ शिक्षा ऋण आदि आदि

सभी प्रश्नों का निराकरण किया गया. अच्छे प्रशन कर्ता उत्तर देने वाले बच्चो को उपहार भी दिए गए/. आयोजकों द्वारा सदस्यों का धन्यवाद दिया गया, एवम एक एक पौधा उपहार दिया.

## Meerut Unit: 08.06.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर फोरम मेरठ शाखा की साधारण सभा आज दिनांक 08.06.2024 को जैन बोर्डिंग हाउस मेरठ मेंआयोजित की गई। जिसमें आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज का सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त हुआ। जिसमें निम्न सदस्यों द्वारा सहभागिता की गई।

1. श्री प्रमोद कुमार जैन पीएनबी अध्यक्ष
2. श्री सुधीर कुमार जैन पीएनबी मंत्री
3. श्री श्री विपिन जैन उपाध्यक्ष एसबीआई
4. श्री सुधीर कुमार जैन मंगल पांडे नगर एसबीआई
5. श्री कीमती लाल जैन सीबीआई
6. श्री हरीश कुमार जैन एसबीआई
7. श्री सरित जैन यूनियन बैंक
8. श्री प्रवीण जैन एसबीआई सदर मेरठ
9. श्री मुकेश कुमार जैन बैंक ऑफ़ इंडिया
10. श्री संजय जैन पीएनबी
11. श्री राकेश जैन पीएनबी
12. श्री सुशील जैन यूनियन बैंक
13. श्री अजय जैन सिंडिकेट बैंक
14. श्री सुमति प्रकाश जैन सिंडिकेट बैंक
15. श्री राकेश जैन एसबीआई

सभा का शुभारंभ आचार्य श्री के जय घोष के साथ किया गया तत्पश्चात अध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार जैन द्वारा बैंकिंग फोरम के द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात सभी सदस्यों द्वारा अपना परिचय देकर आचार्य श्री से आशीर्वाद ग्रहण किया। शाखा के मंत्री श्री सुधीर कुमार जैन द्वारा हाउसिंग लोन एवं शिक्षा ऋण के बारे में जानकारी प्रदान की गई एवं शाखा द्वारा किए जाने वाले कार्यों एवं फोरम के उद्देश्यों से सभागार में उपस्थित सभी धर्म प्रेमी बंधुओ को अवगत कराया। सभागार में उपस्थित व्यक्तियों द्वारा जैन बैंकर फोरम को कुछ सुझाव भी दिए गए जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय में जैन समाज को मिलने वाले फायदे से समाज को अवगत कराया जाए एवं इसमें शाखा द्वारा सहायता की जाए जिसका हमारे अध्यक्ष द्वारा इस ओर कदम उठाने का आश्वासन दिया गया। जैन बैंकर फोरम के सदस्यों द्वारा आचार्य श्री के सम्मुख अपनी कुछ शंकाऐ रखी जिनका आचार्य श्री ने बड़े ही सुंदर तरीके से समाधान किया। शाखा के उपाध्यक्ष श्री विपिन जैन द्वारा आचार्य श्री से मेरठ में ही अपना चातुर्मास रखने का निवेदन किया गया सभी उपस्थित जैन बैंकर सदस्यों द्वारा आचार्य श्री का जयकारा लगाकर इसका अनुमोदन किया गया। आचार्य श्री द्वारा अपने संबोधन में जैन बैंकर फोरम के सभी सदस्यों को अपना संपूर्ण समर्थन एवं आशीर्वाद प्रदान किया। अंत में शाखा के अध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार जैन द्वारा शाखा के सभी सदस्यों से अनुरोध किया की शाखा द्वारा नियमित धार्मिक कार्य एवं समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह उत्साह के साथ किया जाएं ताकि जैन बैंकर फोरम द्वारा जैन समाज को इसका नियमित लाभ प्राप्त होता रहे। सभा में तीन सदस्यों द्वारा वार्षिक शुल्क भी जमा कराया गया। अंत में सभी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ सभा का समापन किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| प्रमोद कुमार जैन | सुधीर कुमार जैन | सजल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Agra Unit: 21.06.2024

दि .17.06.24 को बकरा ईद वाले दिन अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम आगरा के सदस्यों द्वारा भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत जियो " को सार्थक करते हुए उन असंख्यात जीवों की आत्मा की शांति के लिए अपने अपने घर पर सुबह " और जीने दो9.00 से 10 बजे तक 1 घंटे का णमोकार मंत्र का पाठजाप क/िया। साथ ही, यह भावना भायी कि ईश्वर धर्म के नाम वध करने वालों को सद्‌बुद्धि दे ताकि यह अमानवीय घृणात्मक कार्य हमेशा के लिए बंद हो जाए ।/

जे बी जैन, मंत्री

## Gurgaon Unit: 21.06.2024

दिनांक 21 जून 2024 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर मुनि श्री प्रणम्य सागर जी मुनिराज प्रणित अर्हं ध्यान योग के संयुक्त तत्वाधान में योग दिवस श्री मुनिसुव्रत नाथ जिन मंदिर जी, सेक्टर 15 पार्ट 1, गुड़गांव के प्राँगण में योग का आयोजन किया गया। ये ध्यान योग, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा recommended है। जिसमें बैंकर्स फोरम के सदस्यों के साथ लगभग 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया। लोगों ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लेकर योग क्रियाओं का भरपूर आनन्द अनुभव किया। सभी लोगों ने योग क्रियाओं की बहुत सराहना की तथा भविष्य में भी इस

आयोजन को करने की अपील की। प्रशिक्षकों में अर्हं टीम के सदस्यों के साथ श्री डी सी जैन, यूनिट के सह सचिव, (जो खुद भी अर्हं टीम का एक हिस्सा हैंने महत्वपूर्ण योग (, प्राणायाम व ध्यान क्रियाएँ करवाई जो आज के समय में शारिरिक और मानसिक शांति के लिये परम आवश्यक अनुभव की जा रही हैं। अंत में श्री मुनीसुव्रतनाथ जिन मंदिर जी के प्रधान का आभार प्रकट किया जिन्होंने मंदिर जी में आयोजन की सुंदर व्यवस्था की तथा गुड़गांव जैन बैंकर्स फोरम के परम सरंक्षक तथा राष्ट्रीय महासचिव श्री सोम प्रकाश जी जैन ने आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

राजेश जैन,सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 22.06.2024

आज दिनांक 22 जून 2024 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से लाल बहादुर शास्त्री बाल आश्रम सेक्टर 3 वसुंधरा गाजियाबाद के 20 बच्चों एवं स्टाफ सदस्यों को भोजन वितरित किया गया यह भोजन शाखा सदस्यों के परिवारों द्वारा घर पर तैयार कर अपने हाथों से ही वहां बच्चों को वितरित किया गया। साथ ही बच्चों को स्टेशनरी एवं आश्रम के प्रयोग संबंधित कुछ सामान भी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में खाना घर से तैयार करने के लिए निम्न सदस्य परिवारों द्वारा सहयोग किया गया:

श्री केवीएस जैन संरक्षक
श्री जेके जैन संरक्षक
श्री निर्मल कुमार जैन कोषाध्यक्ष
श्री संजय कुमार जैन वसुंधरा
श्री अंकुर जैन वसुंधरा
श्री सचिन जैन पीएनबी हाउसिंग राज नगर एक्सटेंशन
श्रीमती नेहा जैन एचडीएफसी बैंक वैशाली।

स्टेशनरी एवं अन्य सामग्री वितरित करने के लिए निम्न सदस्यों द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया :

श्री विशाल चंद जैन अध्यक्ष
श्री अंकित जैन सचिव
श्री केवीएस जैन संरक्षक
श्रीमती विनीता जैन एसबीआई हल्द्वानी
श्री पीके जैन पीएनबी वैशाली
श्री मयंक जैन आरएसीपीसी एसबीआई वसुंधरा

इस पुनीत कार्यक्रम में श्री केवीएस जैन संरक्षक, श्री जेके जैन संरक्षक, श्री विशाल चंद जैन अध्यक्ष, श्री अंकित जैन सचिव, श्री निर्मल कुमार जैन कोषाध्यक्ष, श्री श्रेयांश कुमार जैन वैशाली, श्री बी एस जैन वैशाली, श्री संजय जैन एसबीआई वसुंधरा, श्री अंकुर जैन यूनियन बैंक वसुंधरा, श्री प्रदीप कुमार जैन पीएनबी वसुंधरा, श्री सचिन जैन पीएनबी हाउसिंग राज नगर एक्सटेंशन, श्रीमती नेहा जैन एचडीएफसी बैंक वैशाली, कुमारी प्रतीति जैन आइसीआइसीआइ बैंक वैशाली द्वारा अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति प्रदान कर सहयोग प्रदान किया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 22.06.2024

आज दिनांक 22 जून 2024 अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के क्रम पर मुनि श्री प्रणम्य सागत जी मुनिराज प्रणित अर्हं ध्यान योग के संयुक्त तत्वाधान में योग दिवस श्री चन्द्रप्रभु जिन चैत्यालय, नासियाँ जी, सोहना रोड, बादशाहपुर, गुड़गांव में आयोजित किया गया। जिसमें बैंकर्स फोरम के सदस्यों के साथ लगभग 35 से अधिक लोगों ने भाग लिया। लोगों ने बहुत ही उत्साह के साथ भाग लेकर योग क्रियाओं का भरपूर आनन्द अनुभव किया। सभी लोगों ने योग क्रियाओं की बहुत सराहना की तथा भविष्य में भी इस आयोजन को करने की अपील की। प्रशिक्षकों में अर्हं टीम के सदस्यों के साथ श्री डी सी जैन, यूनिट के सह सचिव, (जो खुद भी मुनि श्री प्रणम्य सागरजी मुनिराज द्वारा प्रणित अर्हं योग टीम का एक हिस्सा हैंने महत्वपूर्ण योग (, प्राणायाम व ध्यान क्रियाएँ करवाई जो आज के समय में शारिरिक और मानसिक शांति के लिये परम आवश्यक अनुभव की जा रही हैं। अंत में श्री चन्द्रप्रभु जिन चैत्यालय के वरिष्ठ सदस्यों तथा पंडित जी का सुन्दर व्यवस्था हेतु आभार प्रकट किया गया। गुड़गांव जैन बैंकर्स फोरम के परम सरंक्षक तथा राष्ट्रीय महासचिव श्री सोम प्रकाश जी जैन ने आगंतुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि ये फोरम की और से लगातार ये दूसरा योग दिवस मनाया गया।

राजेश जैन, सचिव

## THA Ghaziabad Unit: 10.07.2024

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आज दिनांक 10 जुलाई 2024 बुधवार को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा की ओर से वसुंधरा एमिटी स्कूल के पास भव्य वृक्षारोपण किया गया जिसमें नीम, आम, जामुन, पिलखन, शीशम आदि के पेड़ लगाए गए ताकि इस प्रकार के पेड़ से केवल राहगीरों को छाया प्रदान नहीं करते हैं अपितु वातावरण को भी शुद्ध रखते हैं। इस कार्यक्रम में शाखा

संरक्षक श्री केवीएस जैन, श्री जेके जैन शाखा, अध्यक्ष श्री विशाल चंद, शाखा सचिव श्री अंकित जैन, कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन, शाखा उपाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार जैन, श्री सुखसागर जैन, सदस्य श्री श्रेयांश कुमार जैन, श्री विमल कांत जैन, श्री अभीक जैन,श्री अभिषेक जैन,श्री प्रदीप गुप्ता एसबीआई वालों ने मुख्य रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के बाद शाखा अध्यक्ष श्री विशालचंद जैन जी के निवास पर इन सभी सदस्यों की एक सूक्ष्म मीटिंग भी की गई और जिसमें यह निर्णय लिया गया की आगामी 11 अगस्त दिन रविवार को भव्य रूप में मेडिकल कैंप का आयोजन वसुंधरा जैन मंदिर पर किया जाएगा जिसमें मुख्य रूप से कैंसर विशेषज्ञ न्यूरो विशेषज्ञ, बच्चों की बीमारियों का विशेषज्ञ एवं जनरल फिजिशियन आदि भाग लेंगे साथ ही यह भी बताया गया कि इस अवसर पर निकटवर्ती क्षेत्र के सभी समाज की महिला सदस्यों का मैमोग्राफी भी निशुल्क की जाएगी। अंत में सूक्ष्म जलपान के साथ मीटिंग का समापन किया गया एवं आयोजक श्री विशाल चंद्र जी का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Noida Unit: 13.07.2024

आज दिनांक 13.07.2024 दिन रविवार को प्रातः अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की नोएडा शाखा के द्वारा ग्रीन फील्ड निकट जे .एम. अरोमा सोसायटी सेक्टर75 में वृक्षारोपण किया गया। ग्रीन फील्ड में पीपल, गूलर, पिलखन इत्यादि के वृक्ष रोपित किए गए। ये वृक्ष पर्यावरण के संतुलन के लिए अत्यधिक लाभकारी हैं। इस अवसर पर राज भूषण जैन अध्यक्ष, नवनीत जैन सचिव, Samkit Jain तथा जेअरोमा .एम . निवासी उपस्थित रहे। सोसायटी के

राज भूषण जैन — नवनीत जैन
अध्यक्ष — सचिव

## Ghaziabad Unit: 19.07.2024

We feel pleasure to inform you that, we have done tree plantation program at Jiwan asha hospital, Gang Nahar Muradnagar today on 19.7.24 Friday and also take an opportunity for darshan of Shri Mansapurn Mahavir Jinalay. There was a patient from Rohtak, who has lost one hand above elbow in an accident. We have enquired about the cost of this mechanical hand and inform its cost is Rs 31000/-Our following members agreed to bear this cost. Mrs.Mem Lata Jain W/O Achal Jain CBI, Mrs.Isha Jain D/O V.K.Jain CBI, Sh.Vineet Jain S/O Vinod Jain CBI,Sh.Anil Jain CBI. The hand will be given to the patient in the next week after processing it. We have also decided in meeting that some religious program will be done in the next month on Bhagwan Parshawnath Nirwan Divas. A meeting of our unit will be organised in the Sanidhya of PP Aryika shree Antasmati Mataji at Kavi Nagar Jain Mandir Ghaziabad. We are thankful to our members for participation and cooperation in this program.

S.K.Jain, President — V.K.Jain , Secretary

## Bhopal Unit: 20.07.2024

आज जैन बैंकर्स फोरम भोपाल की सब यूनिट अयोध्या बायपास द्वारा श्री अहिंसा विहार मन्दिर जी में संचालित पाठ शाला के छोटे छोटे नन्हें मुन्ने बच्चों के मध्य श्री महावीर स्वामी के जीवन संबंधी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 25 बच्चों ने भाग लिया। साथ ही बच्चो को बैंकिंग संबंधी बेसिक जानकारी भी प्रदान की गई. पाठ शाला की संचालकों ने भी पूरा पूरा सहयोग किया। इस आयोजन में जैन बैंकर्स के साथियों ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। पाठ शाला की सभी संचलिकाओ ने भी अपना पूरा पूरा सहयोग दिया। विश्वास है कि आगामी परितोषक वितरण समारोह में सभी सदस्य उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन करेंगे।

## Ferozabad Unit: 21.07.2024

आज गुरु पूर्णिमा पर्व पर फिरोजाबाद नगर में अभीक्ष्ण ज्ञानोपयोगी आचार्य 108 श्री वसुनन्दी जी महाराज के चातुर्मास कलश स्थापना समारोह में जयपुर से पधारे अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री पदम चन्द जी जैन विलाला जी को समाज सेवा के परिपेक्ष्य में आचार्य पदारोहण शताब्दी वर्ष के अन्तर्गत से सम्मानित किया गया। "आचार्य श्री शान्ति सागर राष्ट्रीय पुरस्कार" इस अवसर पर उपस्थित अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फाॅरम् फिरोजाबाद इकाई अध्यक्ष अमित कुमार जैन, मंत्री अनिल कुमार जैन सदस्य चक्रेश कुमार जैन एवं सुधीर जैन द्वारा श्री पदम चन्द जैन बिलाला जी को माला एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया।

## Gurgaon Unit: 24.07.2024

गुरुग्राम यूनिट ने दिनाँक 20.07.2024 को आचार्य ज्ञेय सागर जी के कलश स्थापना समारोह में जाने का सौभाग्य प्राप्त किया. यूनिट के 31 सदस्यों ने परिवार सहित सर्वप्रथम श्री मंशापूर्ण महावीर जी के दर्शन कर बुढ़ाना पहुँचे । वहां पर कार्यक्रम में भाग ले कर सभी सदस्य बड़ागांव स्थित त्रिलोकधाम तीर्थ पहुँचे । वहां पर बड़े प्राचीन मंदिरजी के दर्शन कर सभी सदस्यों ने चतुर्दशी का सामुहिक श्री भक्तामर पाठ तथा भगवान की आरती व चालीसा का आनंद लिया । तत्पश्चात सायं का भोजन कर गुरुग्राम की वापसी की। सभी साथियों का यात्रा का भरपूर आनंद लिया तथा दोबारा ऐसी यात्रा आयोजित करने का सुझाव दिया.

राजेश जैन, सचिव

## Ghaziabad Unit: 26.07.2024

We feel pleasure to inform you that Ghaziabad unit members have participated in the Kalash Esthpana program of PP Aryika Antasmati mataji at Kavi Nagar Jain mandir Ghaziabad on 25.7.24 Thursday. Our following members are enough punyashali to have Chaturmas esthpana Kalash of Rs.11000/- each. Smt.Madhavi Jain W/O Sh.Ashok Kumar Jain PNB Chiranjiv Vihar Ghaziabad, Sh.Munish Chand Jain OBC/PNB, Kavi Nagar Ghaziabad. On behalf of our unit members we congratulate them and anumodna for their Punya. Sh.J.K.Jain, SBI Vaishali Ghaziabad, our Rashtriya President also participated in the program and honoured by the Chaturmas committee.

S.K.Jain, President V.K.Jain , Secretary

## Lalitpur Unit: 27.07.2024

**जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर द्वारा वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न। पोधो की देखभाल की ली शपथ।**

श्री वर्णी जैन कॉन्वेंट स्कूल ललितपुर के प्रांगण में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फॉरम ललितपुर के सौजन्य से वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।इस मौके पर विभिन्न फलदार प्रजाति के वृक्ष जैसे आम,नीबू, अमरूद व अनार के वृक्ष रोपित किये गए।इस अवसर पर संस्था के निर्देशक व वर्णी जैन कॉलेज समिति के प्रबंधक श्री सनत जैन खजुरिया ने कहा कि वृक्ष धरा का आभूषण है,यह पर्यावरण को स्वच्छ रखते है इसलिए हर मनुष्य की जिम्मेदारी है कि अधिक से अधिक पेड़ लगाए। संस्था के अध्यक्ष श्री विजय जैन एवं मंत्री श्री राज कुमार जैन ने उनकी देखभाल व संरक्षण की ओर ध्यान आकृष्ट किया। श्री गौरवजैन एवं रमेश जैन ने आश्वस्त किया कि वह हर माह लगाए हुए वृक्षों का निरीक्षण अवश्य करेगे एवम ट्री गार्ड लगायेगे। इस अवसर पर संस्था के सदस्य श्री अशोक जैन,दिलीप जैन, महिपाल जैन,सुरेन्द्र सिंघई जैन,अंकुर जैन,प्रतीक जैन के अलावा स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती रश्मि बुंदेला,स्नेहलता आचार्य,रतन परमार,सुरेन्द्र जैन,हिमानी,निधि, राखी,मोना,रोशनी, परमानंद आदि उपस्थित रहे।

## Ghaziabad Unit: 27.07.2024

As informed earlier that Akhil Bhartiya Jain bankers forum Ghaziabad unit members had given a donation of Rs.31000/- for treatment of Rohtak patient on 19.7.24. The amount is contributed by 1. Mrs.Isha Jain D/o V.K.jain CBI 2. Mrs.Mem Lata Jain W/o Achal Jain CBI 3. Dr.Vineet Jain S/o Vinod Jain CBI 4. Sh.Anil Jain CBI . The artificial hand was given to the patient on 25.7.24 at Jiwan Asha hospital Muradnagar. We are thankful to our members for this noble cause.

S.K.Jain, President V.K.Jain , Secretary

## Gurgaon Unit: 28.07.2024

आज, दिनाँक 28 जुलाई 2024, को आचार्य श्री ज्ञान भूषण जी महाराज ससंघ के आशीर्वाद तले, श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी, जेकबपुरा, गुड़गाँव मे गुड़गाँव यूनिट द्वारा पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन "साइबर क्राइम और बैंकिंग फ्रॉड्स", साइबर क्राइम एक्सपर्ट टीम के साथ किया गया। इस कार्यक्रम मे जैन बैंकर्स फोरम के 52 सदस्यों के साथ साथ जैन समाज के-250 से अधिक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति अंकित कराई। कार्यक्रम की शरुआत करते हुए विशिष्ठ सरंक्षक श्री पी के जैन, परम सरंक्षक श्री एस पी जैन, प्रधान श्री पवन जैन ने आगंतुक साइबर क्राइम टीम का माल्यार्पण तथा अंगवस्त्र द्वारा स्वागत किया गया। कार्यशाला में एक अद्भुत जागरूकता देखने को मिली जिसमें साइबर एक्सपर्ट्स से प्रश्नों और शंकाओं की बौछार सी आ गई। हमारा समाज इतना जागरूक है इस बात से साइबर क्राइम टीम भी आश्चर्य चकित थी। साइबर क्राइम विशेषज्ञ श्री विकास कुमार, श्री पंकज जी और श्री राज कुमार जी यादव ने कार्यक्रम को पूर्णतः सफल बना दिया। उन्होने फेस बुक, इंस्टाग्राम, ईमेल, व्हाट्सएप, हाइपर लिंक, ओटीपी, लिंक्डइन, टेलेग्राम आदि आदि विभिन्न मीडिया माध्यम से किस किस तरह फ्रॉड हो सकते हैं, फ्रॉडस्टर किस तरह फायदा उठाते हैं, इस बात से जागरूक कराया तथा ठगी से बचने के उपाय बताये। मुख्य फोकस इस बात पर था कि किसी भी हालत में किसी से ओटीपी शेयर नहीं करना है, दूसरा, किसी अनजान लिंक को क्लिक नहीं करना है, तीसरा, स्पम कॉल नहीं उठाने हैं हड़बड़ी में कोई स्टेप नहीं उठाना है, वो डराने की पूरी कोशिश करेंगे मगर डरना नहीं है, क्यों कि फ्रॉडस्टर टेक्नोलॉजी में आम आदमी से बहुत आगे हैं। ऐसी किसी भी घटना घटने पर तुरंत साइबर टीम को 1930 पर सूचित करना है। इस हेतु उन्होंने गुड़गाँव के चारों सर्किल के एड्रेस से अवगत कराया. ये आज़ की एक ज्वलंत समस्या है जिसे ध्यान में रखते हुए फोरम द्वारा इस आयोजन की आवश्यकता काफी समय से महसूस की जा रही थी जिसे हम आज़ कार्यरूप में परिणत करने में सफल हो गये। कार्यक्रम के समापन पर साइबर क्राइम विशेषज्ञों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा अंत में राष्ट्रीय महासचिव श्री सोम प्रकाश जैन द्वारा सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सोम प्रकाश जैन द्वारा आचार्य श्री ज्ञान सागर जी को नमन करते हुए के स्थापना का उद्देश्य "जैन बैंकर्स फोरम" बताया और उपस्थित जनों को बैंक संबंधित किसी भी समस्या को फोरम के स्थानीय पदाधिकारीगण को संपर्क करने का आव्हान किया। उल्लेखनीय है कि अतिथियों के अल्पाहार की व्यवस्थाश्री सोम प्रकाश जी द्वारा प्रायोजित थी। कार्यक्रम के आयोजन मे और उसको सफल बनाने में श्री राजेश जैन, सचिव एवं श्री डी सी जैन संयुक्त सचिव का अभूतपूर्व सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सयुंक्त सचिव श्री डीसी जैन ने किया।

राजेश जैन, सचिव

## Agra Unit: 04.08.2024

पर्यावरण की शुद्धिकरण के अंतर्गत अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, आगरा द्वारा दिनांक 04-08-2024 दिन रविवार को आगरा नगर में स्थित महर्षिपुरम पार्क में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर अमरुद, अशोक, आंवला, अर्जुन, चम्पा, बेल, मीठानीम आदि वृक्ष आरोपित किए गए। इसके अतिरिक्त गमलों में भी गेंद, गुलाब, मोगरा, चमेली, प्रोटोन आदि फूल वाले वृक्ष आरोपित किए गए। इस कार्यक्रम में महर्षिपुरम रेजिडेंशियल सोसाइटी के अध्यक्ष श्री ओ पी अग्निहोत्री के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारीगण श्री ओ पी जैन, श्री राजा बाबू शर्मा, श्री वी एस जैन, श्री राकेश दीक्षित, श्री जीडी खंडेलवाल, श्री यशवंत शर्मा, श्री श्याम बाबू यादव, श्री मनीष बंसल, श्री डी के शर्मा, श्री बी एस गोयल, श्री अजीत लवानिया, श्री नवीन कुमार जैन, श्री नवीन कुमार पांडे आदि उपस्थित थे। अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम,आगरा के श्री अवनि कुमार जैन राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्री जे बी जैन शाखा मंत्री, श्री आर सी जैन शाखा कोषाध्यक्ष, श्री अवधेश कुमार जैन शाखा संयोजक, श्री महेश चंद्र जैन मीडिया प्रभारी, श्री सत्येंद्र कुमार जैन उपाध्यक्ष, श्री रवि प्रकाश जैन शाखा संरक्षक, श्री यतींद्र बाबू जैन संगठन मंत्री, श्री अजय कुमार जैन कार्यक्रम संयोजक के अतिरिक्त वरिष्ठ सदस्यगण, श्री राकेश एम जैन, श्री अनिल कुमार जैन, श्री राकेश कुमार जैन, श्री कमलेश जैन, श्री निर्मल कुमार जैन, श्री अनिल कुमार जैन इलाहाबाद बैंक, श्री अनिल कुमार जैन एसबीआई, श्री अंशुल जैन, श्रीमती कमलेश जैन, श्रीमती सुरेखा जैन, श्रीमती नील कुसुम जैन आदि ने अपनी सहभागिता प्रदान की। कार्यक्रम का प्रारम्भ परम पूज्य पूज्य सराकोत्धारक षष्ठम पट्टाचार्य श्री 108 ज्ञान सागर महाराज जी के चित्र के समक्ष तीन बार णमोकार महामंत्र का पाठ किया गया। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अवनि कुमार जैन ने फोरम के विषय में अवगत कराया कि इस संस्था का गठन परम पूज्य सराकोत्धारक, समाधिस्थ, षष्ठ पट्टाचार्य श्री 108 ज्ञान सागर जी महाराज की प्रेरणा व उनके मंगल आशीर्वाद से केवल 22 जैन बैंकर्स साथियों के साथ गठन हुआ था। वर्तमान में सदस्यों की संख्या 125 के लगभग है, जिसमें लगभग 60 सदस्य सक्रिय हैं। इस संस्था के द्वारा धार्मिक कार्यों के अतिरिक्त विभिन्न सामाजिक कार्य किए जातें हैं। आज का वृक्षारोपण कार्यक्रम भी इसी श्रंखला में है। उन्होंने महर्षिपुरम रेजीडेंशियल सोसाइटी का इस पार्क में स्थान उपलब्ध करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस पार्क में पूर्व से ही एक माली नियुक्त है तथा वह आरोपित वृक्षों का संवर्धनदेखभाल करता / रहेगा। महर्षिपुरम रेजीडेंशियल सोसाइटी के अध्यक्ष श्री ओम प्रकाश अग्निहोत्री ने अपने उद्बोधन में अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, आगरा के सदस्यों का स्वागत करते हुए, उनकी कोलोनी के पार्क को वृक्षारोपण के लिए चयन करने के लिए, धन्यवाद प्रदान किया तथा आश्वस्त किया कि सभी आरोपित वृक्षों की देखभाल व संवर्धन में उनका पूर्ण सहयोग रहेगा। कार्यक्रम के उपरान्त सभी को स्वल्पाहार कराया गया। शाखा संयोजक श्री अवधेश कुमार जैन ने सभी सहभागियों को अपना अमूल्य समय प्रदान करने तथा श्री आर सी जैन व श्रीमति कमलेश (कोषाध्यक्ष) जैन को स्वल्पाहार सहित सम्पूर्ण सुन्दर व्यवस्था करने के लिए आभार व्यक्तकरते हुए धन्यवाद प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन शाखा मंत्री श्री जे बी जैन ने किया।

अरूण कुमार रपरिया, राष्ट्रीय संरक्षक, अवनि कुमार जैन, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजीव कुमार जैन, अध्यक्ष, जे बी जैन, मंत्री,
आर सी जैन, कोषाध्यक्ष व अवधेश कुमार जैन, संयोजक

## THA Ghaziabad Unit: 06.08.2024

हमें सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि आज दिनांक वसुंधरा में करियर काउंसलिंग का आयोजन 3 को वनस्थली पब्लिक स्कूल सेक्टर 24 अगस्त 6 अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्री रितेश जैन जी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण एवं उनके चित्र के आगे दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती शशि जैन एवं स्टूडेंट एवं 85 12वीं कक्षा के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री विनोद जैन जी ने भी भाग लिया। श्री रितेश जैन जी द्वारा बहुत ही सरल भाषा में सभी स्टूडेंट को कि उन्हें आने वाले समय में अपने करियर में क्या चुनना चाहिए किस कॉलेज को चुनना चाहिए के बारे में विस्तार से बताया। सभी बच्चों द्वारा बड़ी उत्सुकता से उनको सुना गया एवं अपनी शंकाओं का समाधान भी किया। स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती शशि जैन द्वारा कार्यक्रम को बहुत ही सफल एवं बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया गया। कार्यक्रम में जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के संरक्षक श्री केवीएस जैन शाखा संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद्र जैन शाखा सचिव श्री अंकित जैन कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन शाखा सदस्य श्री सुखसागर जैन श्री अरुण कुमार जैन एवं श्री मयंक जैन आदि ने भाग लिया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Muzaffarnagar Unit: 10.08.2024

आज दिनांक 10 अगस्त दिन शनिवार को प्रात :9.00 बजे जैन इंटर कॉलेज (Boys) मेरठ रोड ,मुज़फ्फरनगर के प्रांगण मे कॉलेज की प्रबंधकारणी समिति के सम्मानित सदस्यों श्री सुनील जैन जी अध्यक्ष (सिद्धार्थ फर्नीचर), श्री प्रदीप जैन जी प्रबंधक, श्री गौरव जैन, कोषाध्यक्ष, प्रधानाचार्य श्री डी के जैन जी के सानिध्य मे सार्थक-NGO ( श्री कांति राठी जी-PNB), के सहयोग से प्रवीण कुमार जैन अध्यक्ष*, वाईजैन .के ., सचिव श्री अरविंद जैन (PNB), कोषाध्यक्ष, अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम Muzaffarnagar Unit के सम्मानित सदस्यों सर्वश्री विनोद जैन, बिमल जैन, प्रवीण जैन, राजेंद्र जैन-SBI, सर्वश्री संजीव जैन, जेसें -जैन .डी .ट्रल बैंक, सर्वश्री हर्ष जैन, अशोक जैन -PNB, श्री पंकज जैन, AMMCO बैंक

एवम आदरणीय अध्यापको द्वारा वृक्षारोपण किया गया। तत्पश्चत आम सभा मे,* परम पूजनीय आचार्यश्री ज्ञेय सागर जी महाराज के सानिध्य में बुढानामुज़फ्फरनगर में आगामी जैन बैंकर्स सम्मेलन इस शाख /ा द्वारा आयोजित करने पर विचार किया गया।

## Bhopal Unit: 11.08.2024

आज जैन बैंकर्स फोरम भोपाल इकाई की सह इकाई अयोध्या बायपास भोपाल द्वारा ,भगवान महावीर स्वामी के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की एवम विजेता सभी बच्चों को पुरुस्कार वितरण किया गया, बच्चो को बेसिक बैंकिंग की जानकारी दी गई, सभी अध्यापक दीदियों का भी सम्मान किया गया, जिसमें हमारे फोरम वरिष्ठ श्री एन के जैन,श्री प्रभात गोयल,श्री आनंद सर्राफ,श्री टी सी जैन,श्री एस पी जैन साहब ने अपनी गरिमामय उपस्थिति से,बच्चो पुरुस्कार वितरण किया। सह इकाई अयोध्या बाय पास के सभी बैंकर्स साथियों ने,भोपाल इकाई के सभी वरिष्ठ साथियों का तिलक लगाकर और श्रीफल देकर सम्मानित किया, अंत में स्वल्पाहार का आयोजन भी किया गया.

## THA Ghaziabad Unit: 11.08.2024

आज दिनांक 11 अगस्त 2024 को अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम की ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा द्वारा एक विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन सेक्टर 10 वसुंधरा जैन मंदिर गाजियाबाद पर आयोजित किया गया। इस मेडिकल कैंप में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अमित जैन एमबीबीएस एमडी डीएनबी, न्यूरो रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आगम जैन एमबीबीएस एमडी डीएम न्यूरोलॉजी (सेंट स्टीफन हॉस्पिटल दिल्ली), बच्चों के रोग विशेषज्ञ डॉक्टर शिवम बंसल एमडी पीडियाट्रिक्स डीएम पीडियाट्रिक्स AIIMS, गैस्ट्रोलॉजी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जयप्रकाश एमडी गैस्ट्रो जनरल बीमारी हेतु डॉक्टर अंसार अहमद एमबीबीएस एमएस जनरल सर्जरी AIIMS द्वारा अपनी सेवाएं उपलब्ध कराई गई । इस अवसर पर एक विशेष मैमोग्राफी VAN के माध्यम से ऑन द स्पॉट 21 महिलाओं की मैमोग्राफी टेस्ट भी कराया गया। कैंप में रजिस्टर करने वाले सभी पेशेंट का बीपी एवं रैंडम शुगर की जांच भी की गई। सभी बीमारियों के लिए लगभग 200 से भी अधिक मरीजो के द्वारा अपना उपचार कराया गया। कैंप का शुभारंभ णमोकार मंत्र के पाठ आचार्य ज्ञानसागर जी महाराज के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कैंप के समापन के बाद सभी आमंत्रित डॉक्टर मैमोग्राफी VAN के टेक्निशियन डॉक्टर एवं सभी सदस्यों का, वसुंधरा जैन डिस्पेंसरी से सहयोग करने वाले सभी स्टाफ सदस्यों का पटका माला पहनाकर एवं मोमेंटो प्रदान कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। सभी सदस्यों को विशेष उपहार भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से पधारे वसुंधरा जैन समाज के अध्यक्ष श्री नवीन कुमार जी जैन, इंदिरापुरम जैन समाज के अध्यक्ष एवं तीर्थंकर आदिनाथ एजुकेशनल ट्रस्ट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री नवीन कुमार जी जैन, वैशाली जैन समाज से पधारे श्री जय किशन जी जैन का भी विशेष रूप से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर ट्रांस हिंडन शाखा के संरक्षक श्री केवीएस जैन शाखा संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद्र जैन शाखा सचिव श्री अंकित जैन शाखा उपाध्यक्ष श्री प्रदीप कुमार जैन शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन शाखा सदस्य श्री सुखसागर जैन श्री अरुण कुमार जैन वैशाली श्री संजय जैन वसुंधरा श्री अंकुर जैन UBI वसुंधरा श्री अभीक जैन वैशाली श्री अरुण जैन वसुंधरा श्रीमती आरूषी जैन वसुंधरा आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवं सहयोग प्रदान किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हमें निम्न सदस्यों द्वारा आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया

1. श्री अंकित जैन
2. श्री बीएस जैन
3. श्री अभिषेक जैन कोटक महिंद्रा
4. श्री सुखसागर जैन एसबीआई
5. श्री सुनील कुमार जैन क्रॉसिंग रिपब्लिक
6. इशिका जैन
7. मयंक जैन वैशाली
8. अरुण कुमार जैन वैशाली
9. निर्मल कुमार जैन वैशाली
10. जेके जैन अपेक्स वैशाली
11. अंकुर जैन वसुंधरा
12. अभिक जैन वैशाली
13. दुष्यंत जैन राज नगर एक्सटेंशन
14. नेहा जैन अपेक्स वैशाली
15. केवीएस जैन वैशाली
16. आरूषी जैन वसुंधरा
17. श्रेयांश कुमार जैन वैशाली
18. प्रदीप कुमार जैन वसुंधरा

19. अरुण कुमार जैन वसुंधरा
20. विशाल चंद जैन वसुंधरा
21. राकेश कुमार जैन

अंत में विशेष रूप से आयोजित विशेष भोज मैं भी सभी अतिथियों एवं सदस्यों के द्वारा भाग लिया गया। शाखा अध्यक्ष श्री विशाल चंद्र जी द्वारा इस मेडिकल कैंप में पधारे सभी डॉक्टर्स मैमोग्राफी के टेक्नीशियन, डॉक्टर एवं सभी सहयोगियों ट्रांस हिंडन शाखा से पधारे सभी सदस्यों एवं समाज से पधारे सभी सदस्यों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 12.08.2024

आज़ श्रावण शुक्ल सप्तमी 2550 को महावीरोदय धर्मस्थल, पालमविहार, गुड़गाँव में प्रभु श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस बहुत ही भक्ति भाव और धूमधाम से मनाया गया जिसमें बैंकर्स फोरम के सदस्यों के साथ समाज के लगभग 200 सदस्यों ने भगवान श्री 1008 पार्श्वनाथ स्वामी की पूजा अर्चना की तत्पश्चात निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। बैंकर्स फोरम के संयुक्त सचिव श्री डी सी जैन ने अपनी मधुर आवाज में भगवान श्री 1008 पार्श्व प्रभु पर अपनी एक भजन प्रस्तुति दी गई। उसके बाद मंदिर परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम समपन्न हुआ जो कि इन्द्र देवता के आशीर्वाद स्वरूप रिमझिम फुहार के मधुर संगीतमयी माहौल में आयोजित हुआ। वृक्षा रोपण में पांच फलों के पौधे लगाए गये जिनका भविष्य में हमारे बच्चों के द्वारा सदुपयोग हो पायेगा.

तदुपरान्त महावीरोदय धर्मस्थल की तरफ से आयोजित सुरुचिपूर्ण अल्पाहार का आनन्द लिया गया। अंत में बैंकर्स के परम संरक्षक एवं राष्ट्रीय महासचिव श्री सोम प्रकाश जैन ने, महावीरोदय धर्मस्थल एवम गुरुग्राम यूनिट के अध्यक्ष श्री पवन जैन एवं समस्त कार्यकारिणी का इस भक्तिपूर्ण कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये आभार व्यक्त किया गया और सभी बैंकर्स फोरम के सदस्यों ने अनुमोदना प्रकट की।

राजेश जैन, सचिव

## Meerut Unit: 12.08.2024

कल दिनांक 11 8.2024 को श्री दिगंबर जैन पारसनाथ पंचायती मंदिर सेक्टर 2 शास्त्री नगर भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें अखिल भारतीय जैन बैंक का फॉर्म की मेरठ शाखा 11 सदस्यों ने भाग लिया एवं रथ यात्रा की भव्यता को और अधिक बढ़ाया जिन सदस्यों ने भाग लिया उक्त रथ यात्रा में शाखा के अध्यक्ष का सम्मान किया गया रथ यात्रा का मंच संचालन शाखा के मंत्री श्री सुधीर कुमार जैन मुख्य संयोजक रथ यात्रा द्वारा किया गया सम्मिलित सदस्यों की सूची निम्न प्रकार है

श्री प्रमोद कुमार जैन
श्री सुधीर कुमार जैन
श्री सजल जैन
श्री विकास जैन
श्री नवनीत जैन
श्रीमती पायल जैन
श्री अनुज जैन
श्री एन के जैन
श्री अजय कुमार जैन
श्री मुकेश कुमार जैन
श्रीमती सरिता जैन

## Jaipur Unit: 15.08.2024

आज स्वतंत्रता दिवस INके अवसर पर शिवजी गोधा की नसियां में राजस्थान जैन सभा के श्री शैलेन्द्र शाह) चीकू जी (के संयोजन में जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम किया गया। जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा अशोक का 7¹/²' का पौधा काला भवन किसान मार्ग पर लगाया गया। अहिंसा पार्क, किसान मार्ग में श्री राजेश जैन सहा महा प्रबंधक आईसीआईसीआई बैंक के संयोजन में जैन बैंकर्स फोरम जयपुर द्वारा रिमझिम बरसात में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया।

जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर

जूनियर एसोसिएट के पद पर चयनित -

1) जैन समाज के एक बच्चे की पोस्टिंग भीलवाड़ा हेतु सुनिश्चित की गई। 14/08/24 । Done
2) जैन समाज की एक बालिका की पोस्टिंग अजमेर में करवाने हेतु प्रयास किया गया। 14/08/24 - Done
3) एक महिला अधिकारी की स्केल 3 से स्केल 4 में अपील के माध्यम से प्रमोशन करवाने का प्रयास किया गया।
4) 15/08/24 को तीन स्थानों पर, देखभाल की व्यवस्था के साथ, भारी बरसात के उपरांत भी, पौधारोपण कार्यक्रम किया गया।

## Bhopal Unit: 15.08.2024

आज 78 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर फोरम की ओर से पार्श्व गैलेक्सी, भोपाल में बृक्षारोपण किया गया ..

## THA Ghaziabad Unit: 15.08.2024

ट्रांस हिंडन गाजियाबाद शाखा के सदस्यों द्वारा लिए गए संकल्पानुसार भक्तांमर 48 दीप महा अर्चना का तृतीय त्रैमासिक पाठ 15 अगस्त 2024 के शाम 7:00 बजे श्री दिगंबर जैन मंदिर वैशाली गाजियाबाद में आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या मैं शाखा सदस्यों एवं समाज के परिवारों ने भाग लिया। इस पाठ में मुख्य रूप से शाखा संरक्षक श्री केवीएस जैन शाखा संरक्षक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेके जैन शाखा सचिव श्री अंकित जैन शाखा कोषाध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन शाखा सदस्य एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री श्रेयांश कुमार जैन शाखा सदस्य श्री सुखसागर जैन, श्री अक्षत जैन, श्रीमती नेहा जैन आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर भाग लेने वाले समाज के सभी सदस्यों, शाखा सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। विशेष रूप से पाठ की संयोजिका श्रीमती कुसुम लता जैन जी का विशेष आभार व्यक्त किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| विशाल चंद जैन | अभिषेक जैन | अंकित जैन | निर्मल कुमार जैन |
| अध्यक्ष | कार्यकारी अध्यक्ष | सचिव | कोषाध्यक्ष |

## Jaipur Unit: 18.08.2024

11/06/24 से 16/06/24 तक श्रुत पंचमी पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है। 140 प्रतिभागियों में से विजेताओं के नाम इस प्रकार है-:

1. सुश्री सुलोचना जैन, सवाई माधोपुर
2. सुश्री खुशबू बड़जात्या, सवाई माधोपुर
3. सुश्री सीमा पांड्या, दुर्गापुरा, जयपुर
4. सुश्री सुनीता पांड्या, दुर्गापुरा, जयपुर
5. सुश्री सविता जैन,मालवीय नगर, जयपुर
6. सुश्री पिंकी जैन, दुर्गापुरा, जयपुर
7. सुश्री उषा जैन, बाय, दांतारामगढ़
8. सुश्री नीरू पांड्या, दुर्गापुरा,
9. सुश्री विजया जैन, सवाई माधोपुर
10. श्री मोहित जैन, सवाई माधोपुर

सभी के 46/46 प्राप्तांक है।

आप सभी को बधाई। सभी सहभागीदरों को बधाई, जिन्होने प्रतियोगिता में भाग लेकर जैन धर्म को, जैन धर्म के बारे में जानने में रुचि दिखाई और एक तरह से धर्म प्रभावना में सहभागिता दर्शाई, जो की समय की आवश्यकता है। पुरस्कार का स्थान, समय एवम् दिन यथा समय अवगत करा दिया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| भागचंद जैन | सुनील काला | पदम बिलाला |
| अध्यक्ष | सचिव | कार्याध्यक्ष |

## Gurgaon Unit: 22.08.2024

गुरुग्राम यूनिट के लिये बहुत गर्व का अवसर है कि दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान, जम्बूद्वीप, हस्तिनापुर द्वारा तथा तीर्थंकर (दूरस्थ शिक्षा) महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद शैक्षणिक सत्र) के सहयोग से संचालित विभिन्न कोर्सेज में (ऊ प्र)2023 - 24), निम्न सदस्यों ने उपलब्धि अर्जित कर यूनिट का नाम शोभायमान किया है। सदस्यों के नाम और उन द्वारा प्राप्त उपलब्धि इस प्रकार रही है।

1. श्री राकेश जैन पोस्ट एडवांस सर्टिफिकेट इन जैनोलॉजी -
2. श्रीमति रेखा जैन पोस्ट एडवांस सर्टिफिकेट इन जैनोलॉजी -
3. श्रीमति सुनीता जैन बेसिक सर्टिफिकेट इन जैनोलॉजी -
4. श्रीमति आशा जैन बेसिक सर्टिफिकेट इन जैनोलॉजी -
5. श्री डी सी जैन बेसिक सर्टिफिकेट इन जैनोलॉजी -

गुरुग्राम यूनिट के सदस्य इनके आध्यात्मिक क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धि पर भूरी भूरी प्रशंसा तथा अनुमोदना करते हैं और उज्वल भविष्य की कामना करते हैं

राजेश जैन, सचिव

## Lalitpur Unit: 25.08.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर यूनिट द्वारा श्री वर्णी जैन कॉन्वेंट स्कूल में निर्धन एवं जरूरत मंद छात्रों को फीस की धनराशि वितरित की गई।इस अवसर पर संस्था के निर्देशक श्री सनत जैन खजूरिया ने कहा की जैन बैंकर्स फोरम ललितपुर हमेशा ही सेवाभावी कार्यक्रम आयोजित करता है।संस्था के अध्यक्ष श्री विजय जैन ने बच्चो का आवाहन किया की वह गुणवत्ता युक्त पढ़ाई पर अवश्य ही ध्यान दे। मंत्री श्री राजकुमार जैन ने संस्था द्वारा आयोजित संपूर्ण कार्यक्रम का ब्योरा सभी के सम्मुख रखा। संस्था द्वारा श्री आदेश कुशवाहा , कु काजल कुशवाहा,विराट रैकवार, कु शिखा झा,वैष्णव नामदेवको फीस की राशि वितरित की। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारी श्री रमेशजैन,गौरव जैन,महिपाल जैन,चंद्र कुमार जैन,सुरेन्द्र सिंघई,दिलीप जैन,प्रतीक जैन,सर्वज्ञ जैन,मयंक जैन,स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती रश्मि बुंदेला,श्रीमती स्नेहलता आचार्य,सुरेन्द्र जैन परमानंद आदि उपस्थित रहे।

## Ghaziabad Unit: 25.08.2024

Akhil bhartiya jain bankers forum ghaziabad unit has organized a Sangoshati/Seminar on Educational loan and cyber/online fraud on 24.8.24 Saturday at Kavi Jain mandir sabha bhawan ghaziabad in the Sanidhya of P.P. Garini Aryika 105 Shri Antasmati mataji. The program started at 11.45 am with the uccharn of Namokar mahamantra. Thereafter chitra anavarn is performed by Sh.Dhawal Jain S/O Smt.Sushila Jain W/O Late Sh.D.K.Jain BOI and Deep prajawllan done by Sh.S.K.Jain unit president, V.K.Jain, unit secretary, Subash Jain president, Ashok Jain vice president, Fakir Chand Jain joint secretary kavi nagar Jain mandir committee, Ajay Jain, secretary S.S.D Jain public school. Thereafter manglacharan is performed by Smt.Prerna Jain W/O Yogesh Jain HDFC and mataji's stuti was performed by Veena Jain, Reeta Jain and their collegues. After this told about annual activities of the unit, which was praised by the audience. After this Sh.J.K.jain Rashtriya President tells All india activities of the Forum and Tirthankar Adinath educational trust activities. Sh.Shreyans Jain, trust secretary and joint secretary of All india executive body was also participated in this program. Thereafter Sh.P.K.Agarwal PNB and Sh.A.D.P.Garg BOB guided about Educational loan and safety from cyber online fraud. Prize of Prashnotri and nibandh pratiyogita on Shri Mahaveer swami nirwan 2023 was delivered 1 Pratham Smt.Veena Jain C7 kavi nagar 2.Dwitiya Smt.Suman Jain SE250/7 shastri nagar 3.Tritya Smt.Anita Jain SC141 shastri nagar. Consolation prize 1.Smt.Geeta Jain G15 keshav kunj 2.Smt.Aruna Jain SA98 shastri nagar 3.Smt.Sudha Jain SB31 shastri nagar 4.Smt.Sharda Jain C6 lohiya nagar 5.Km.Shachi Jain SC36B shastri nagar 6.Smt.Reeta Jain 174 new gandhinagar. Master Vansh Jain class 9th student and Km.Reshu Jain who were given financial support by Adinath educational trust and educational loan through bank respectively were also participated and taken Ashirvaad from Aryika mataji. Representatives of various mandir committee were also participated like Sh.Rakesh Jain Tarwale Jain nagar, Sh.Narendra Jain Book stall ghanta ghar,Sh. Shailendra Jain, shastri nagar, Smt.Reena Jain with family Nand gram, Sh.Nitish Jain Paras nath chikitsalaya and renowned persons from central bank, Punjab National Bank, Bank of Baroda and prior to merger Oriental Bank. We welcomed and honoured all the distinguished guests by Tilak and Patka. P.P.GariniAryika 105 Shree Antasmati mataji gave blessings to our Jain bankers forum in ashirvachan and hope that our Forum will fulfill the aims of PP Acharya Shri Gyan Sagar Ji Maharaj. Ghaziabad unit president Sh.S.K.Jain gave vote of thanks to the guests and participants and requested to take light refreshments. The Sangoshati was concluded at about 1.50 pm.

S.K.Jain, President V.K.Jain , Secretary

## Gurgaon Unit: 26.08.2024

कल दिनांक 25.08.2024 को फोरम के 17 सदस्यों को बंधवारी स्थित अनाथालय एवं वृद्धाश्रम में जाने का अवसर प्राप्त हुआ। वहां पर एक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। जिसमें डॉक्टरों ने वहां रहने वाले लगभग 100 लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस सुअवसर पर फोरम की ओर से संस्था को रु.17,000/- दवाएं आदि खरीदने के लिए दान स्वरूप दिए। इसके अलावा सदस्यों द्वारा बिना काम में आये वस्त्र, घरेलू सामान, दवाएं, भोजन सामग्री आदिभी समर्पित की। कुछ सदस्यों ने पहली बार ये संस्था विजिट की थी वो भी द्रवित हो गए तथा सभी ने संकल्प लिया कि शीघ्र ही इस तरह की समाजोपयोगी सेवा कार्य की पुनरावृत्ति की जायेगी।

राजेश जैन, सचिव

## Agra Unit: 27.08.2024

न्यू लश्कर पुर  कमला नगर निवासी सुमित जैन की पुत्री वंशिका जैन क्लास UKG फाउंडेशन पब्लिक स्कूल की विधार्थी  को 6 month's fees Rs. 3000/- का चेक स्कूल के नाम से दिया गया. यह परिवार economically weak है तथा आर्थिक सहायता का पात्र है.

## Gurgaon Unit: 27.08.2024

आज दिनाँक 27 अगस्त 2024 को फोरम के 11 सदस्यों ने गुरुग्राम के वैदिक कन्या उच्च विद्यालय में  निम्न लिखित उद्देश्य के लिये संपर्क किया:

- बच्चो की कैरियर काउंसलिंग
- बच्चो को बैंकिंग अवेयरनेस
- स्टाफ के लिए गृह ऋण, व्हीकल ऋण एंव व्यक्तिगत ऋण

**प्रथम  " करियर काउंसलिंग -**

उस का लक्ष्य था की बच्चों में न केवल अभी लिए जाने वाले निर्णय निर्धारण में मदद मिले, बल्कि बच्चों को भविष्य में अपने करियर बनाने और जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय लेने के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल प्राप्त हो।  इसी उद्देश्य के दृष्टिगत वहां पर विद्यार्थियों के समूह को राष्ट्रीय महासचिव श्री सोम प्रकाश जैन ने  बच्चों को  भविष्य में  कौन से विषय में कदम आगे बढ़ाने चाहिये, इसका सम्पूर्ण मार्गदर्शन किया. साथ ही इस विषय में बच्चों की विभिन्न शंकाओं का समाधान भी किया ।

**द्वितीय शिक्षा ऋण -**

बच्चों को इस बात की भी जानकारी दी गई कि आगे की पढ़ाई के लिए  बैंकों द्वारा दिए जाने वाले शिक्षा ऋण के माध्यम से मदद प्राप्त करने हेतु क्या आवश्यक योग्यता है बैंक किस तरह से मदद कर सकता है, जिसे बच्चों ने बहुत ध्यान पूर्वक सुना।

**तृतीय गृह ऋण एंव व्हीकल लोन -**

टीचर्स व स्टाफ को भी बैंक की उपरोक्त ऋण स्कीम्स के बारे में जानकारी दी।

अन्त में फोरम की तरफ से स्कूल की प्राचार्य श्रीमति किरन गुगलानी को जरूरतमंद बच्चों की पुस्तकों के लिए फोरम की और से रु.11,000/- का चेक भेट किया गया तथा भविष्य में भी स्कूल को गोद लेकर बच्चो की आवश्यकता अनुसार मदद करने का आश्वासन दिया। यहाँ इस बात का उल्लेख करना हम अपना कर्तव्य समझते हैं और गर्वित महसूस करते हैं कि फोरम के सदस्य श्री प्रमोद जैन रिटायर्ड मैनेजर एस बी आई निस्वार्थ शिक्षण कार्य इस स्कूल में पिछले तीन वर्ष से करते आ रहे हैं। फोरम भी उन पर गर्व की अनुभूति करता है। अन्त में स्कूल की प्राचार्य ने फोरम के सदस्यों का इस नेक कार्य के लिए धन्यवाद प्रेषित किया तथा सभी सदस्यों को अल्पाहार प्रदान किया।

राजेश जैन, सचिव

## Gurgaon Unit: 28.08.2024

श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर झाड़सा के व्यास श्री मुन्ना तिवारी जो ) उसकी बेटी कुमारी साक्षी (वर्ष से कार्यरत है जो मन्दिर में पिछले २५) उसे (सरकारी स्कूल झाड़सा में १२वी कक्षा की छात्रा हैJEE की तैयारी करने के लिए श्री R.C.Jain (AGM) ने फोरम के माध्यम से रू . 3300/- पुस्तके खरीदने के लिए प्रदान किए । हम श्री जैन के समाज से जुड़े व्यक्ति के उत्थान में सहयोग की अनुमोदना करते है ।

-राजेश जैन, सचिव

## Bhopal Unit: 29.08.2024

**जैन बैंकर्स फोरम भोपाल यूनिट का शाहपुरा जैन मंदिर में मुनि श्री सुदत सागरजी एवम भुदत सागर जी महाराज का मंगल आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ**

शाहपुरा जैन मंदिर में चातुर्मास कर रहे 108 मुनि श्री सूदत सागरजी , भूदत सागरजी एवम छुल्लक श्री चंद्रा दत्त सागरजी के मंगल सानिध्य में जैन बैंकर्स फोरम द्वारा प्रेरणा, संकल्प स्वरूप आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, फोरम ने अपने विभिन्न सामाजिक गतिविधियों जैसे गरीब बच्चों, बीमार लोगों की सहायता करना, वृक्षारोपण, बैंकिंग सेक्टर की जानकारियां समाज के विभिन्न वर्गों को प्रदान करना, अंगदान, देहदान, नेत्रदान कार्यक्रम में सहयोग करना आदि विषयों की विस्तार से जानकारी फोरम के सचिव श्री प्रभात गोयल जी ने प्रदान की, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जैन इंजीनियर सोसाइटी के अध्यक्ष श्री सुनील जैन उपस्थित रहे उन्होंने सोसाइटी द्वारा पूरे भारत वर्ष में चलाए जा रहे सामाजिक कार्यो को जानकारी मुनि श्री को प्रदान की, कार्यक्रम में डिप्टी कमिश्नर श्री सुधीर जैन का भी सम्मान किया गया। मुनि श्रीसूदत सागर जी महाराज एवम छुल्लक श्री चंद्रदत्त सागर जी महाराज द्वारा अपने आशीर्वचन में कहा फोरम सभी सदस्य बैंकों में विभिन पदों पर रह कर सेवानिवृत हुए हैं अब आप लोग को समाज को देने का समय आ गया है, आप जो कार्य कर रहे हैं बो बहुत ही सराहनीय है अब समय के साथ पेंशन का कुछ हिस्सा धार्मिक एवम सामाजिक गतिविधियों में लगाए इसके लिए आप सभी सदस्य को मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हैं

फोरम की महिला सदस्यों  भी बढ़ चढ़ कर सामाजिक धार्मिक कार्यक्रम में सहयोग करें।अंत में मन्दिर समिति के अध्यक्ष श्री संतोष जी द्वारा आभार प्रकट किया कार्यक्रम के अंत में सभी ने सूरज ढलने के पूर्व वात्सल्य भोज ग्रहण किया ।

## Agra Unit: 29.08.2024

अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, आगरा शाखा द्वारा आगरा जैन समाज के जरूरतमंद व्यक्ति को जीवन यापन हेतु चाय की ठेल लगाने के लिए ठेल, गैस सिलेंडर, बर्तन आदि आवश्यक सामान खरीदने हेतु दिनांक 24-08-2024 को ₹15000/= की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

## Gurgaon Unit: 29.08.2024

स्थानीय फोरम के सदस्य और संयुक्त सचिव श्री डी सी जैन ने अपनी पत्नी श्रीमति साधना जैन के साथ उनकी बेटी ऋतिका और बहु निधि जैन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बादशाहपुर सेक्टर 67 स्थित सरकारी प्राइमरी स्कूल, रामगढ़ में बच्चों के बैठने हेतु आवश्यक दरियाँ प्रदान की गई। स्कूल के प्रधान अध्यापक श्री भगत सिंह जी के बताने पर कि बच्चों के बैठने  हेतु उक्त need immediate है, आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने श्री भगत सिंह जी को ऐसे सुअवसर प्रदान करने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में ऐसे सुअवसर प्रदान करने हेतु निवेदन किया।

राजेश जैन, सचिव